


वर्ष : 2 अंक : 191 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 4 मार्च 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ देशद्रोह वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की

**नई दिल्ली।** अनुच्छेद 370 पर टिप्पणी करने पर जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ याचिका दाखिल करने वाले व्यक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। रजत शर्मा नाम के व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा था की फारूक ने अनुच्छेद 370 हटाने पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उनके बयान से चीन और पाकिस्तान से मदद मिल रही है। इसकारण उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाएं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर अदालत का वक्त बर्बाद करने के लिए रजत शर्मा पर 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने कहा की किसी भी नीति पर आपत्ति जताकर विरोध करना देशद्रोह नहीं होता। याचिकाकर्ता ये साबित नही कर पाए की फारूक अब्दुल्ला को चीन और पाकिस्तान से कैसे मदद मिल रही है।



मालूम हो कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कांफ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी तनाव अनुच्छेद 370 हटाने का नतीजा है। चीन शुरू से इसका विरोध करता रहा है और सीमा पर उसका आक्रामक रुख मोदी सरकार के इस गलत कदम के कारण है। वहीं उनके बयान पर सफाई देते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रवक्ता ने इस मसले पर कहा था कि 'हमारे अध्यक्ष पिछले वर्ष पांच अगस्त को संसद द्वारा अनुच्छेद 370 और 35-ए के अधिकतर प्रावधानों को रद्द करने पर लोगों के गुस्से को उजागर कर रहे थे, जो हाल के महीने में वह लगातार करते रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर में कोई भी इन बदलावों को स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

## भाषा की बाधा खत्म करने के लिए मिशन मोड में काम करें, लोकल को ग्लोबल से जोड़ें: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाषा की बाधा को समाप्त करने के लिए मिशन मोड में काम करने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लोकल को ग्लोबल के साथ जोड़ने की महत्ता पर जोर दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र के लिए इस वर्ष के बजट में उठाए गए कदमों पर चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन हमें कौशल प्रबंधन को ठीक से सीखने की जरूरत है। प्रतिभाएं पूरे देश में फैली हैं, क्या गांव क्या शहर। हमें उन्हें तलाशने के टूल्स विकसित करने होंगे।



पीएम मोदी ने कहा भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, लोकल के साथ ग्लोबल को एकीकृत करने पर ध्यान देने की जरूरत है, जिसके लिए हमें मिशन मोड पर काम करना चाहिए। मोदी ने कहा कि प्रतिभाएं किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं और भाषा के अवरोध के कारण प्रतिभाओं को प्रतिबंधित करना उसके और देश के साथ अन्याय होगा। गांवों और छोटे शहरों में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं। ज्ञान, शोध को प्रतिबंधित करना, देश की क्षमता के साथ बहुत बड़ा अन्याय है।

पीएम मोदी ने कहा कि इसी सोच के साथ अंतरिक्ष हो, परमाणु ऊर्जा हो, डीआरडीओ हो, कृषि हो, ऐसे कई क्षेत्रों के दरवाजे प्रतिभाशाली युवाओं के लिए खोले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने अधिक से अधिक स्थानीय भाषा का उपयोग करने के लिए एक प्रोत्साहन दिया है। 'अब यह सभी शिक्षाविदों, हर भाषा के विशेषज्ञों की जिम्मेदारी है कि देश और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सामग्री को भारतीय भाषाओं में कैसे तैयार की जाए। तकनीक के इस युग में यह पूरी तरह से संभव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए देश के युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास तभी आता है, जब युवा अपनी शिक्षा, अपने ज्ञान पर पूरा विश्वास करते हैं।

- भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, लोकल के साथ ग्लोबल को एकीकृत करने पर ध्यान देने की जरूरत है, जिसके लिए हमें मिशन मोड पर काम करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कोरोना टीका लगवाया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आर्मी अस्पताल में कोरोना वैक्सीन की पहली डोज ली। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन समेत कई वरिष्ठ मंत्री और नेता ने कोरोना टीका लगवा चुके हैं। देश में अब तक 1।56 करोड़ लोगों का टीकाकरण हो चुका है। बता दें कि 16 जनवरी को भारत में कोरोना टीकाकरण की शुरूआत हुई। वहीं एक मार्च से देश में कोरोना टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरूआत हुई। इस चरण में 60 साल से ज्यादा उम्र और गंभीर बीमारियों से ग्रसित 45 साल से ज्यादा लोगों टीकाकरण हो रहा है। देश में कोरोना टीकाकरण के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की कोविशिल्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन का इस्तेमाल हो रहा है। राष्ट्रपति कोविंद ने कोरोना टीकाकरण को लेकर उन्होंने पहले कहा था कि यह बहुत ही गर्व की बात है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण कार्यक्रम चला कर रहा है। इसमें इस्तेमाल हो रहे दोनों टीकों का उत्पादन स्वदेशी रूप से हो रहा है। इससे पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने तिरुवनंतपुरम के जिला चिकित्सा कार्यालय के एक कोरोना टीकाकरण केंद्र में कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक ली। मुख्यमंत्री ने सभी पात्र लोगों से आगे आने और स्वयं टीकाकरण करने की अपील की। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी बुधवार को कोरोना वैक्सीन पहली डोज ली। उन्होंने भी सभी पात्र लोगों से टीकाकरण करने की अपील की। कोरोना टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए सरकार ने निर्धारित मानदंडों का पालन करने वाले सभी निजी अस्पतालों को भी टीका लगाने की अनुमति दे दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार रात को एक बयान जारी करके इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सभी निजी अस्पतालों को कोरोना टीकाकरण केंद्र के तौर पर काम करने की अनुमति दे दी गई है। बशर्ते उनके पास टीका लगाने वाले पर्याप्त कर्मचारी, लाभार्थियों को निगरानी में रखने के लिए समुचित व्यवस्था, कोल्ड चेन, और टीका लगाने के बाद प्रतिकूल प्रभाव वाले लोगों के इलाज की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

### यूपी में दलितों, शोषितों और महिलाओं की जान सुरक्षित नहीं : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए महिला उत्पीड़न के मामलों में राज्य सरकार पर असंवेदनशील और लापरवाह रवैया अपनाने का आरोप लगाया। मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा उत्तर प्रदेश में वैसे तो हर प्रकार के अपराध चरम पर हैं। अपराध नियंत्रण का बुरा हाल है। दलित और महिला उत्पीड़न की आए दिन होने वाली घटनाएं चिंता में डालने वाली हैं। ऐसे मामलों में सरकार की लापरवाही अति-दुःखद है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि हाथरस में दलित उत्पीड़न और पीड़िता की लड़की के पिता की हत्या तथा गुजरात में दलित आरटीआई कार्यकर्ता की हत्या यह साबित करती है कि कांग्रेस पार्टी की तरह भाजपा सरकार में भी दलितों, शोषितों और महिलाओं की जान और आत्मसम्मान सुरक्षित नहीं है।

## टिकैत ने सरकार को लुटेरा बताकर कहा कि इन्हें भगाना पड़ेगा

**झुंझुनू।** राजस्थान के झुंझुनू में किसानों की महापंचायत को संबोधित कर भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने नया फॉमुर्ला देकर कहा कि ये दिन के लुटेरे हैं, भगाना पड़ेगा, अनाज लेकर अब दिल्ली जाना होगा। किसान महापंचायत में टिकैत ने किसानों से अनाज ट्रैक्टर में भरकर दिल्ली चलने की अपील की। टिकैत ने सरकार को लुटेरा बताकर कहा कि इन्हें भगाना पड़ेगा। सरकार को किसानों को एमएसपी देनी पड़ेगी। अगर हमें एमएसपी नहीं मिलती है तो अपना गेहूं भरकर दिल्ली पहुंच जाएंगे।वहीं देश की एकमात्र मंडी है, जहां उचित दाम मिलेगी। वैसे भी प्रधानमंत्री ने कहा है कि किसान अपनी अनाज देश में कहीं भी बेच सकते हैं। ऐसा थोड़ी ना कहा है कि दिल्ली में नहीं बेच सकते हैं। संसद पहुंचने से पहले अगर कोई रोकेगा, तब उस एमएसपी पर गेहूं खरीदना पड़ेगा।



टिकैत ने कहा कि दिल्ली में लड़ाई चल रही है अब लड़ाई झुंझुनूं में भी शुरू करनी होगी। सीधी बात है जो तीनों कानून लेकर आए हो उस रद्द कर, एमएसपी पर कानून बना दो। किसानों को ललकारते हुए उन्होंने कहा कि यह क्रांतिकारियों की धरती रही है। आपको निकलना पड़ेगा। ये मोचेबंदी तोड़नी पड़ेगी, नहीं तो दिल्ली सरकार सुनने वाली नहीं है।



कोलंबो में वायुसेना के गठन की 70 वीं सालगिरह पर एक परेड में भाग लेते हुए श्रीलंकाई वायुसेना के सदस्य।

## भारत-चीन युद्ध के दौरान स्टार मेडल विजेता था भारतीय सेना का जवान

**नई दिल्ली।** भारत-चीन के बीच 1971 के युद्ध में अपनी साहस का परिचय देने वाला सेना का पूर्व जवान आज अपना और परिवार का गुजारा करने के लिए ऑटो चलाने पर मजबूर है। भारतीय सेना के पूर्व जवान शेख अब्दुल करीम, जो 1971 के भारत-चीन युद्ध के दौरान एक स्टार पदक विजेता थे, अब हैदराबाद में अपनी आजीविका के लिए ऑटो चलाते हैं और उन्होंने राज्य सरकार से मदद की अपील की है। शेख अब्दुल करीम स्टार मेडल प्राप्तकर्ता हैं, जो 1971 के भारत-चीन युद्ध में उनके योगदान के लिए एक विशेष पुरस्कार है। पिता की मृत्यु के बाद भारतीय सेना में भर्ती हुआ था, जिन्होंने ब्रिटिश सेना के लिए और फिर भारतीय सेना के लिए काम किया। 1964 में मैंने भारतीय सेना को ज्वाइन किया। मैंने 1971 के भारत-चीन युद्ध में भाग लिया था और लाहौल क्षेत्र में तैनात था। मुझे स्टार मेडल से सम्मानित किया गया था और इतना ही नहीं, मैं 1971 में विशेष पुरस्कार प्राप्तकर्ता था। करीम आगे कहते हैं, 'इंदिरा गांधी के



शासनकाल में जब अतिरिक्त (सरप्लस) सेना के जवान थे, उनमें से कई को पोस्टिंग से हटा दिया गया था और मैं भी उनमें से एक था। सेना में रहते हुए मैंने सरकारी जमीन के लिए आवेदन किया था और मुझे गोलापल्ली गांव में पांच एकड़ जमीन दी गई थी जो कि अब तेलंगाना में पड़ता है। उन्होंने आगे कहा, करीब 20 साल बाद मुझे जो पांच एकड़ जमीन दी गई थी, वह सात गांव के लोगों के बीच बांट दी गई और उसके बारे में शिकायत करने के बाद मुझे उसी सर्वेक्षण संख्या के तहत दूसरी जगह पांच एकड़ जमीन की पेशकश की गई थी, मगर मूल भूमि देने से इनकार कर दिया गया था।

## मणिपुर में असंवैधानिक सरकार चला रही भाजपा: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सरकार पर मणिपुर में 12 विधायकों को अयोग्य घोषित नहीं कर राजधर्म त्यागने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा राज्य में कृत्रिम बहुमत कायम करके और असंवैधानिक सरकार चलाकर लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा को विकृत कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 12 विधायकों को लाभ के पद के मामले में अयोग्य ठहराया जाना चाहिए था, लेकिन संवैधानिक प्राधिकारी निर्णय नहीं ले रहे और विलंब कर रहे हैं। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, मणिपुर भाजपा के 12 विधायकों को लाभ के पद के मामले में 2018 में अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए था। अब, ईसीआई (चुनाव आयोग) का कहना है कि मणिपुर के राज्यपाल को पहले ही इस बारे में निर्देशित किया जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। राज्यपाल द्वारा भाजपा की रक्षा करना पूरी तरह से असंवैधानिक है।

कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि 2017 में जिन 12 विधायकों ने पाला बदला था, उन्हें मणिपुर में संसदीय सचिव बनाया गया, लेकिन बाद में उन्हें हटा दिया गया क्योंकि वे लाभ के पद पर थे। उन्होंने कहा कि सितंबर 2020 में मणिपुर उच्च न्यायालय के फैसले के बाद भी, विधायक अयोग्य नहीं ठहराए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यपाल और चुनाव आयोग इस मुद्दे पर अपने फैसले में देरी कर रहे हैं। सिंघवी के साथ मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री इबोबी सिंह और पार्टी के अन्य नेता और विधायक भी थे। सिंघवी ने कहा कि भाजपा 12 विधायकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर जानबूझकर और असंवैधानिक देरी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2017 में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत आया था, लेकिन मार्च 2017 में खरीद फरोख्त और गंदी गतिविधियों द्वारा 28 विधायकों वाले स्पष्ट बहुमत को एक कृत्रिम अल्पमत में तब्दील कर दिया गया और भाजपा ने अपनी सरकार बना ली।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बनाने के तुरंत बाद, भाजपा ने उन 12 विधायकों को पुरस्कृत किया जिन्होंने पाला बदला था, उन्हें संसदीय सचिव पद दिये गए लेकिन कुछ महीनों बाद उन्हें हटा दिया गया क्योंकि उन्हें एहसास हुआ कि ये पद अवैध थे। उन्होंने आरोप लगाया कि संसदीय या विधानसभा सचिव का पद लाभ का पद माना जाता है और यह अच्छी तरह से स्थापित नियम है।

## शिक्षामंत्री 'निशंक' ने किया भारतीय ज्ञान परंपरा पाठ्यक्रम कार्यक्रम की अध्ययन सामग्री का विमोचन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने आजनोएडा में राष्ट्रीय ओपन स्कूलिंग संस्थान (एनआईओएस) के भारतीय ज्ञानपरंपरा पाठ्यक्रमों की अध्ययन सामग्री का विमोचन किया । समारोह में शिक्षामंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय ओपन स्कूलिंग संस्थान (एनआईओएस), विभागों के प्रमुख और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रमुख मौजूद थे। पोखरियाल ने कहा किराष्ट्रीय ओपन स्कूलिंग संस्थान (एनआईओएस) पहले से ही भारत और विदेशों मेंभारतीय ज्ञान परंपरा के प्रसार के लिए प्रयास कर रहा है।उन्होंने बतायाकि वैदिक अध्ययन, संस्कृत व्याकरण, भारतीय दर्शन, संस्कृत साहित्य औरसंस्कृत भाषा पाठ्यक्रमों को भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर एनआईओएस द्वारा माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के लिए तैयार किया गया है और उनकीअध्ययन सामग्री संस्कृत और हिंदी भाषा में शिक्षार्थियों को उपलब्ध है।उन्होंने कहा कि उनका अंग्रेजी माध्यम में अनुवाद भी किया जा रहा है औरइसके अलावा इन सभी विषयों को विदेशों में भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपराको बढ़ावा देने के लिए प्रमुख विदेशी भाषाओं में भी तैयार करने की योजनाबनाई जा रही है। मंत्री ने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 में शिक्षाथीर्के आंतरिक स्वाध्याय के साथ-साथ हमारे प्राचीन ज्ञान, कौशल और मूल्यों कीस्थापना में भारतीयता के प्रति गौरव की भावना के निर्माण पर भी जोर दियागया है ।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओपन स्कूलिंग संस्थान (एनआईओएस) द्वारातैयार की गई यह पाठ्य सामग्री नई शिक्षा नीति की मूल भावना को दशार्ती हैऔर भारतीय संस्कृति, विरासत, दर्शन और प्राचीन ज्ञान को आधुनिक संदर्भों केसाथ एक नई पीढ़ी के सामने लाने के लिए एनआईओएस ने पहले ही जो प्रयास किएहैं वह मील का पत्थर साबित होंगे। राष्ट्रीय ओपन स्कूलिंग संस्थान (एनआईओएस) माध्यमिक, वरिष्ठमाध्यमिक स्तर और व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में खुली और दूरस्थशिक्षा के माध्यम से स्कूली शिक्षा प्रदान करता है। एनआईओएस का पाठ्यक्रमराष्ट्रीय व अन्य राज्य स्तरीय स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्ययन केपाठ्यक्रमों के समकक्ष है। राष्ट्रीय ओपन स्कूलिंग संस्थान (एनआईओएस) नेओपन बेसिक एजुकेशन प्रोग्राम के तीनों स्तरों पर संस्कृत, हिंदी औरअंग्रेजी माध्यम में वेद, योग, विज्ञान, व्यावसायिक कौशल और संस्कृत भाषाविषयों जैसे भारतीय ज्ञान परंपरा के 15 पाठ्यक्रम तैयार किए हैं। यहपाठ्यक्रम कक्षा 3, 5 और 8 के बराबर हैं ।इससे समाज के एक बड़े वर्ग कोफायदा होगा।

## बिना सोचे समझे नोटबंदी लागू करने से पैदा हुआ आर्थिक संकट, चरम पर पहुंची बेरोजगारी : मनमोहन

**तिरूवनंतपुरम।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने केंद्र पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि 2016 में भाजपा नीत सरकार द्वारा बिना सोच-विचार के लिए गए नोटबंदी के फैसले के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर है और अनौपचारिक क्षेत्र खस्ताहाल हो गया है। उन्होंने राज्यों से नियमित रूप से परामर्श नहीं करने को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की है।

आर्थिक विषयों के 'थिंक टैंक' राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित एक विकास सम्मेलन का उदघाटन करते हुए मनमोहन सिंह ने कहा कि बढ़ते वित्तीय संकट को छिपाने के लिए भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किए गए अस्थाई उपाय के चलते आसन्न कर्ज संकट से छोटे और मंझोले (उद्योग) क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं और इस स्थिति की हम अनदेखी नहीं कर सकते हैं।

यह संकट 2016 में बगैर सोच-विचार के लिए गए नोटबंदी के फैसले के चलते पैदा हुआ है। सम्मेलन का आयोजन एक दृष्टि पत्र पेश करने के लिए किया गया, जो केरल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के विकास पर विचारों का एक प्रारूप है। मनमोहन सिंह ने कहा कि केरल और कई अन्य राज्यों में लोक वित्त अव्यवस्थित है, जिसके चलते राज्यों को अत्यधिक मात्रा में कर्ज लेना पड़ा है और इससे भविष्य के बजट पर असहनीय बोझ बढ़ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा संघवाद और राज्यों के साथ नियमित परामर्श भारतीय अर्थव्यवस्था और राजनीतिक दर्शन का आधार स्तंभ है, जो संविधान में निहित है, लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार ने इससे मुंह मोड़ लिया है। सिंह ने कहा कि हालांकि केरल के सामाजिक मानदंड उच्च हैं, लेकिन ऐसे अन्य क्षेत्र भी हैं जिन पर भविष्य में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि आगे कई अड़चनें हैं, जिन्हें राज्य को पार करना होगा। पिछले दो-तीन साल में



वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती कोविड-19 महामारी के चलते और बढ़ गई है, जिसका केरल पर भी प्रभाव पड़ा है। मनमोहन सिंह ने कहा डिजिटल माध्यमों के उपयोग बढ़ने से आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) क्षेत्र अपनी रफ्तार कायम रख सकता है, लेकिन पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और केरल में महामारी ने इस क्षेत्र (पर्यटन) को काफी प्रभावित किया है।

उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर जोर देने से केरल को देश में कहीं भी और विश्व के सभी हिस्सों में रोजगार के अवसरों का लाभ मिलेगा। सिंह ने कहा कि इससे देश में विदेशी मुद्रा (प्रवासियों द्वारा भेजी जाने वाली) के प्रवाह में वृद्धि हुई है, जिसके चलते रियल स्टेट क्षेत्र में उछाल आया और सेवा क्षेत्र में तीव्र वृद्धि हुई। पूर्व प्रधानमंत्री ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र में 'न्याय' जैसे विचार को शामिल करने को लेकर केरल की कांग्रेस नीत यूडीएफ के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि सन 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में यह योजना पेश की गई थी, जिसका उद्देश्य गरीबों को प्रत्यक्ष नकद अंतरण (सीधे उनके बैंक खाते में पैसे) उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि कहीं अधिक चिकित्सा संस्थानों के जरिए निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं जैसे उपाय सामाजिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे, जिससे समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और इसमें वंचित तबकों की जरूरतों पर ध्यान दिया जा सकेगा। सिंह ने कहा यह कांग्रेस की विचारधारा का सार तत्व है और यह खुशी की बात है कि यूडीएफ के सभी दलों के इस पर समान विचार हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों की मदद करने के लिए इस तरह की योजनाएं अर्थव्यवस्था को भी एक झटके में चालू कर देगीं क्योंकि इनसे मांग पैदा होगी, जिससे अधिक उत्पादन होगा, खासतौर पर छोटे एवं सूक्ष्म उद्योग क्षेत्र में, कृषि क्षेत्र में और असंगठित क्षेत्र में इसके परिणामस्वरूप रोजगार के अधिक अवसर सृजित होंगे और राष्ट्रीय स्तर पर लंबी आर्थिक सुस्ती के बाद अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर लौटने लगेगी।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# जाम खुलवाने में पुलिस सफल, अंतिम संस्कार दूर की कोडी

» अजय प्रताप सिंह



नोएडा। एक युवक की हत्या के बाद अभी तक अंतिम संस्कार नहीं करने पर मृतक के परिजन अडे हुए हैं। इससे पहले मृतक के पार्थिव शरीर को गाजियाबाद - बुलंदशहर जीटी रोड पर रखकर परिजनों और क्षेत्र की जनता ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम लगा दिया था, यह जीटी रोड बहुत व्यस्त मार्गों में गिना जाता है। जैसे ही परिजनों ने मृतक युवक के पार्थिव शरीर को जीटी रोड पर रखकर हत्यारो की गिरफ्तारी की मांग के आक्रोशित नारे लगाने शुरू किये, तो देखते ही देखते जाम कई किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गयीं। सूचना पर पुलिस के हाथ पैर फूल गये, आला अधिकारी खुद जाम में फंस गये। बादलपुर थाना क्षेत्र के अच्छेजा गांव में दीपक नामक युवक की चाकुओं से गोंदकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के बाद हत्यारे युवक ने बादलपुर थाने में जाकर समर्पण कर दिया बताया जाता है। मृतक के शरीर पर चाकुओं के 18 घाव मिले थे। इस हत्याकांड से गांव में आक्रोश फैल गया। किसी अनहोनी की आशंका में हत्यारे युवक के परिजन गांव से भाग गये। निर्मम हत्या के बाद बदले की आग में पीड़ित परिवार ने चार लोगों को नामजद किया। लेकिन सीसीटीवी फुटेज में सिर्फ हत्यारा ही दिखाई देता है ऐसे में पुलिस कोर्ट में केस कमजोर न हो जाय को लेकर असमंजस की स्थिति में दिखी। इससे पोस्टमार्टम के बाद पीड़ित परिवार ने पहले जीटीरोड पर जाम लगाया, उनकी मांग थी कि चार लोगों ने मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। इसलिए चारों को नामजद किया जाय। लेकिन सीसीटीवी की फुटेज ने स्थिति को उलझा दिया। जाम के लम्बा होने पर एसीपी योगेन्द्र सिंह जो इस क्षेत्र में अपनी व्यवहार कुशलता के चलते लोकप्रिय हो चले हैं ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाने में सफलता तो प्राप्त कर ली, लेकिन अब परिजन तब तक अंतिम संस्कार नहीं करने पर अड गये हैं जब तक सभी चारों को हत्या में नामजद कर गिरफ्तार न कर लिया जाय।

## भारत-फिजी के बीच माऊ को केंद्रीय कैबिनेट में मिली मंजूरी, कृषि क्षेत्र में सहयोग है मुद्दा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत-फिजी के बीच माऊ को मंजूरी दी। यह समझौता कृषि व संबंधित सेक्टरों में सहयोग के लिए है। इस माऊ पर हस्ताक्षर के बाद ही निर्धारित नियम प्रभावी हो जाएंगे और अगले 5 सालों के लिए यह अस्तित्व में रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत गणराज्य के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय और फिजी गणराज्य के कृषि मंत्रालय के बीच कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (माऊ) पर हस्ताक्षर किए जाने की मंजूरी दी है। समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों देशों की कार्यकारी एजेंसियों के माध्यम से एक संयुक्त कार्यकारी समूह जेडब्ल्यूजी का गठन किया जाएगा, जो अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देगा तथा सहयोग-कार्यक्रमों की योजना बनाएगा और इनकी सिफारिश करेगा। जेडब्ल्यूजी प्रत्येक दो साल में बारी-बारी से भारत और फिजी में अपनी बैठक करेगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'सहना नहीं अब कहना है'




» मदरलैंड संवाददाता

नोएडा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नोएडा पुलिस की महिला सुरक्षा की इंचार्ज डीसीपी वृन्दा शुक्ला की देखरेख में नोएडा के सभी थानों की महिला सेल महिलाओं की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चला रहीं हैं। खास बात यह है कि यह अभियान अब इस सप्ताह भर चलता रहेगा। जिसकी थीम है 'सहना नहीं अब कहना है' इस थीम का अभिप्राय अत्याचारों पर चुप्पी तोडने का हौसला प्रदान करना है। इस अभियान की खास बात छात्राओं और ग्रहणियों को इस अभियान में जोडकर उन्हें घरेलू हिंसा से लेकर कार्यस्थल और ससुराल तक में अपनी झिझक को कैसे छोडना है कैसे उससे निपटकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी है यह सीखाया पढाया जा रहा है। साथ ही तेजतर्रार डीसीपी वृन्दा शुक्ला सभी आयोजनों में खुद व अन्य दूसरे प्रोफेशन की अग्रणी महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित कराने का प्रयास कर रहीं हैं ताकि महिलायें खुद को घरेलू परिवेश में महसूस करें।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने झंडी दिखा प्रचार-प्रसार हेतु एलईडी वैन को किया रवाना



मदरलैंड संवाददाता, नई दिल्ली। वर्तमान सरकार के 4 वर्षों की उपलब्धियों व योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ द्वारा जनपद बलरामपुर में एलईडी वाहन भेजा गया है। एलईडी वैन द्वारा गांव गांव जाकर सरकार की योजनाओं एवं 4 वर्षों की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। एलईडी वैन को जिला भाजपा कार्यालय तुलसीपार्क से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री रवि मिश्रा, वरूण सिंह, वंदना पासवान, जिला मंत्री अवधेश तिवारी, मीडिया प्रभारी डी पी सिंह, सह मीडिया प्रभारी संदीप उपाध्याय, निवर्तमान जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू तिवारी, भाजपा नेता महेश शुक्ला, अक्षय शुक्ला उपस्थित रहे।

### सर्विसेज सेक्टर में तेजी, लेकिन नौकरियों के मामले में मोदी सरकार को राहत नहीं

नई दिल्ली। भारत के सर्विसेज सेक्टर में फरवरी में पिछले एक साल में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, नौकरियों के मामले में राहत नहीं मिल सकी है। सर्वे के मुताबिक तेज वृद्धि के बावजूद फरवरी में सर्विसेज सेक्टर में रोजगार के मौकों में कमी दर्ज की गई। इस सर्वे के मुताबिक कंपनियों के कुल खर्चों में अचानक आई तेजी की वजह से रोजगार के अवसर घटे हैं। इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स फरवरी में 55.3 पर पहुंच गया जो जनवरी में 52.8 पर था। मांग में सुधार और बाजार की परिस्थितियों के अनुकूल होने से सर्विसेज सेक्टर में यह ग्रोथ देखने को मिला। कोविड-19 वैक्सीन से कारोबार को लेकर विश्वास बहाल हुआ है। इसकारण इंडेक्स लगातार पांचवें महीने फरवरी में 50 अंक के ऊपर रहा। उल्लेखनीय है, कि पीएमआई पर 50 से ऊपर का आंकड़ा ग्रोथ को दिखाता है। हालांकि, इससे नीचे के आंकड़े से संकुचन का पता चलता है। सर्वें के मुताबिक निर्यात से जुड़े नए ऑर्डर्स में लगातार 12वें महीनें कमी देखने को मिली। हालांकि, मार्च 2020 से अब तक एक्सपोर्ट ऑर्डर में कमी की रफ्तार फरवरी, 2021 में सबसे कम रही।" इसी बीच भारत के प्राइवेट सेक्टर के आउटपुट में फरवरी में पिछले चार महीने में सबसे ज्यादा तेज गति से वृद्धि दर्ज की गई।

### 9 मार्च को पेश होगा दिल्ली का बजट, स्वास्थ्य और शिक्षा पर रहेगा जोर

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र आगामी आठ मार्च से शुरू होगा और नौ मार्च को बजट पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया दिल्ली का बजट पेश करेंगे। बजट सत्र 16 मार्च को संपन्न हो जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में दिल्ली कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कुछ जानकार पिछले साल की अपेक्षा इस साल के बजट में पांच से दस फीसद राशि की वृद्धि की बात कर रहे हैं। इस बजट में किसी भी तरह के टैक्स में वृद्धि की संभावना नहीं है। दिल्ली सरकार के सूत्रों के अनुसार सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं को और बेहतरी के साथ जारी रखना चाहती है ताकि लोगों से किए गए वादे पूरे हो सकें और उन्हें परेशानी न हो। पहले की तरह सरकार का ज्यादा ध्यान शिक्षा एवं स्वास्थ्य, परिवहन, पानी की आपूर्ति समेत बुनियादी ढांचे पर रहेगा। अगले साल दिल्ली में नगर निगम चुनाव है।

# शहीद चंदन सिंह की स्मारक का विधायक पूरन प्रकाश ने किया अनावरण

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। शहीद चंदन सिंह की चिर प्रतिक्षित स्मारक का अनावरण बलदेव नगर के विधायक पूरन प्रकाश के कर कमलों द्वारा किया गया। शहीद के स्मारक का अनावरण होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। उल्लेखनीय है कि शहीद नायक चंदन सिंह दबदुआ के निवासी थे। वह 12वीं जाट रेजीमेंट में सेवारत थे। 25 दिसंबर 2001 को वह शहीद हो गए और अपने पीछे पत्नी सविता देवी एवं तीन पुत्रियों को छोड़ गए। जब वह शहीद हुए थे तो उनकी सबसे छोटी बेटी मात्र डेढ़ महीने की थी। राजस्थान के लोंगेवाला में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए वह शहीद हो गए थे। सरकार ने शहीद के परिवार को कोई मदद नहीं की। देश के अमर सपूत की याद में स्मारक बनवाया गया जिसका अनावरण स्थानीय विधायक पूरन प्रकाश द्वारा किया गया। श्री प्रकाश ने शहीद स्मारक पर पानी की व्यवस्था एवं गांव में स्मृति द्वार बनवाने की घोषणा के थाना प्रभारी जसवीर सिंह एवं शहीद की पत्नी सविता देवी ने शहीद के स्मारक पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर भाई बबलू सिंह संतोष सिंह कैप्टन नेत्रपाल कैप्टन उधम सिंह हवलदार बच्चों सिंह रणवीर सिंह जयपाल पहलवान अजीत छोकर लखन बाबू हेमराज नेम सिंह आदि उपस्थित रहे।



# पिंक लाइन पर जून से दौड़ेगी ड्राइवरलेस मेट्रो



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की&ल्लु२स्र;पिंक लाइन शिव विहार से मजलिस पार्क पर सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें जून से चालक रहित मेट्रो में सफर करने का मौका मिलेगा। दिल्ली मेट्रो प्रबंधन की ओर से इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसका ट्रायल चल रहा है। दूसरी अच्छी बात यह है कि दिल्ली मेट्रो के सबसे बड़े 58 किलोमीटर के इस कॉरिडोर पर जून से ही सफर के दौरान कहीं ब्रेक नहीं लगेगा। पूरे पिंक लाइन पर सफर के दौरान कहीं भी बाहर निकलने की जरूरत नहीं होगी। इससे समय और किराया दोनों की बचत होगी। दिल्ली मेट्रो ने फेज तीन में बनाए दो कॉरिडोर मजेंटा लाइन (बॉटेनिकल गार्डन से जनकपुरी पश्चिम) और पिंक लाइन पर चालक रहित सिग्नलिंग सिस्टम लगाया था। मजेंटा लाइन पर बीते दिसंबर में चालक रहित मेट्रो की शुरूआत हो चुकी है। पिंक लाइन पर जून से इसकी सुविधा शुरू करने की तैयारी है। मजेंटा लाइन सिर्फ 38 किलोमीटर का सेक्शन है जबकि पिंक लाइन दिल्ली मेट्रो का सबसे बड़ा कॉरिडोर है। मेट्रो की माने तो इसपर पहले चरण का ट्रायल शुरू हो गया है। सभी मंजूरी मिलने के बाद इसपर चालक रहित मेट्रो चलाई जाएगी। जमीन विवाद के चलते त्रिलोकपुरी से मयूर विहार पॉकेट एक मेट्रो स्टेशन के बीच रुके कॉरिडोर निर्माण का काम भी जून में पूरा हो जाएगा और परिचान शुरू हो जाएगा। पहले मार्च में परिचालन शुरू करने का लक्ष्य था, मगर कुछ तकनीकी कारणों से अब जून तक इस सेक्शन पर परिचालन शुरू किया जाएगा।

# भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। बैठक में सहकार भारती के राष्ट्रीय पदाधिकारी और प्रदेशों के पदाधिकारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। कोरोना काल के कारण 1 वर्ष के पश्चात संपन्न यह बैठक अति महत्वपूर्ण रही। दो दिवसीय इस बैठक में सहकार भारती के द्वारा अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश वैद्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय महामंत्री उदय जोशी द्वारा सहकार भारती के पिछले 1 वर्ष के कार्यों का वृत रखा गया। सहकार भारती द्वारा इस वर्ष लखनऊ उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय अधिवेशन करने का निर्णय लिया गया। सहकार भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री दीनानाथ ठाकुर ने सहकारी संस्थाओं के महासंघ यूनियन और एसोसिएशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की इनका सहकारिता के विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान है।

अतः इन संस्थाओं में सहकारिता को सही दिशा और दशा प्रदान करने के लिए सहकार भारती के कार्यकताओं को अपनी भागीदारी करनी चाहिए। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के द्वारा प्रारंभ की गई आरोग्य सहकार योजना, महिला सशक्तिकरण हेतु नंदनी सहकार योजना, युवा सहकार योजना की जानकारी प्रदान की गई। बैठक में इंटरनेशनल को.ओ. एलांयनस द्वारा इस वर्ष को जलवायु परिवर्तन एंव पर्यावरण संरक्षण वर्ष के रूप में मनाया जाने के दृष्टिगत संगोष्ठी भी आयोजित की गई। डॉ. अनुराधा शर्मा पर्यावरणविद एंव सक्रीय कार्यकर्ता ने आधुनिकता और विकास कि आड़ में जल, जमीन जंगल और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पर्यावरण को होने वाले भयावह वायु प्रदूषण, कार्बन उत्सर्जन, गिरते हुए स्वास्थ्य स्तर और दुष्प्रभाव का उल्लेख करते हुए सहकारी संस्थाओं को इस पर ध्यान आकर्षित करने का आह्वावान किया। विशेष रूप से भूमि कि उर्वरता बनाए रखने और जल स्तर को बनाए रखने को अत्यन्त आवश्यक माना।

# केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर का पलटवार, आरएसएस को समझने में राहुल गांधी को अभी बहुत वक्त लगेगा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के इमरजेंसी वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पलटवार कर कहा कि सभी संवैधानिक ढांचे को आपने खत्म करने की कोशिश की, मंत्री, सांसद, विधायक सभी को जेल में डाला, प्रेस की आजादी पर पाबंदी लगा दी और कह रहे हम संवैधानिक ढांचे को खत्म कर रहे। राहुल की संघ को लेकर दिए बयान पर जावड़ेकर ने कहा कि उन्हें आरएसएस को समझने में वक्त लगेगा।

आरएसएस देशभक्ति की सबसे बड़ी पाठशाला है, इसकारण पूरी दुनिया में इसका आदर है। भारत में यह लोगों की भूमिका में परिवर्तन लाता है और उन लोगों को देश भक्ति के लिए प्रेरित करता है। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के नतीजों पर जावड़ेकर ने कहा कि इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है जिसकी जो सीट थी वह उसके खाते में गई।

गुजरात में नगर पालिका, जिला पंचायत और तालुका चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन से गदगद जावड़ेकर ने कहा कि पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। गुजरात में पार्टी ने एकतरफा विजय हासिल की जबकि कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। जावड़ेकर ने कहा कि हम लगातार जीत रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद से हमने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात में उप चुनाव जीते। जावड़ेकर ने कहा कि पिछले सप्ताह गुजरात में 6 नगर निगमों के चुनाव हुए, जिनमें भाजपा ने 6 के 6 नगर निगम पिछली बार से अधिक बहुमत के साथ जीते हैं।

कल 31 जिला पंचायतों के नतीजे आये हैं, जिसमें ग्रामीण और किसान मतदाता होते हैं। 2015 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने 22 और भाजपा ने मात्र 9 जिला पंचायत जीते थे। लेकिन इस बार भाजपा ने सभी 31 जिला पंचायत जीते हैं और वहां कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

## सीरियल दुष्कर्मी हर महीने 3 महिलाओं से करता था दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा में&ल्लु२स्र;सूरजपुर कोतवाली पुलिस द्वारा सोमवार देर रात मुठभेड़ के दौरान काबू किया गया सीरियल दुष्कर्मी हर महीने तीन महिलाओं के साथ दुष्कर्म करता था। हमीरपुर के बिवांर एसओ यदि कार्रवाई करते तो दो महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना नहीं होती। एसओ की लापरवाही के चलते महिलाओं की अस्मत लुटी। सूत्रों की मानें तो एसओ तब गंभीर हुए जब ग्रामीणों ने कोतवाली घेर ली और कप्तान आकर थाने पर बैठ गए। दरअसल, सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक सेक्टर में 25 फरवरी को घर में घुसकर महिलाओं से दुष्कर्म व लूटपाट करने का आरोपित हरिशंकर 26 फरवरी की सुबह हमीरपुर पहुंच गया। सूरजपुर पुलिस को इसकी जानकारी लग गई। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने हमीरपुर के बिवांर एसओ को फोन कर जानकारी दी कि सीरियल दुष्कर्मी गांव पहुंच गया है उसको जल्द से जल्द पकड़ लिया जाए। एसओ ने लापरवाही बरती और आठ घंटे तक बात को गंभीरता से नहीं लिया। इन आठ घंटों में आरोपित ने वहां दो अन्य महिलाओं के साथ दुष्कर्म कर दिया।

वह वहां से भाग कर फिर दिल्ली आ गया। सोमवार देर रात एक बार फिर शिकार की तलाश में घूम रहा था तभी पुलिस से उसकी मुठभेड़ हो गई। आरोपित हरिशंकर ने 2019 में छह महिलाओं से दुष्कर्म किया था उसके बाद वह जेल गया था।

## कार्यकर्ताओं से बोले केजरीवाल अगले साल निगम में AAP का होगा कब्जा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पांच सीटों पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के चार उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। आप मुख्यालय में जश्न का माहौल है। पार्टी कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल पार्टी मुख्यालय पहुंचे हैं। आप मुख्यालय में जश्न का माहौल है। पार्टी कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने के सीएम अरविंद केजरीवाल पार्टी मुख्यालय पहुंचे हैं। सीएम केजरीवाल ने निगम उपचुनाव में 5 में से 4 सीटें जीतने पर कार्यकर्ताओं को बधाई देने के साथ-साथ मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो जीरो सीट भाजपा की आई है वह बताती है कि जनता कह रही है कि भाजपा को अगले निगम चुनाव में जीरो पर ला देंगे। केजरीवाल ने कहा कि संविधान के हिसाब से जो पैसा नगर निगमों का बनता था, सब दे दिया है।

मगर भाजपा वाले निगमों के लिए पैसे मांगते रहते हैं। भाजपा ने इसके बैनर लगाए। ये जनता ने पसंद नही किया और अपना जवाब दे दिया है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि हमारे जीते हुए पार्षद ईमानदारी से काम करें। अच्छे से काम करें। हम निगम की सत्ता में पहुंच कर दिल्ली की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के इंतजार में हैं। बता दें कि पार्टी मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया,



प्रदेश संयोजक व कैबिनेट मंत्री गोपाल राय और राज्यसभा सदस्य सुशील गुप्ता भी मौजूद हैं।&ल्लु२स्र; वहीं, मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर आम आदमी पार्टी कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि निगम में भाजपा के शासन दिल्ली की जनता अब दुखी हो चुकी है। अगले साल होने वाले एमसीडी चुनाव में जनता सीएम केजरीवाल की ईमानदार और काम करने वाली राजनीति को लेकर आएगी। बता दें कि पांच सीटों में से चार वार्ड शालीमार बाग 62 एन, रोहिणी सी 32 एन वार्ड, कल्याणपुरी और त्रिलोकपुरी से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस को एक वार्ड में जीत मिली है जबकि भाजपा का खाता भी नहीं खुला है। दिल्ली नगर निगम में भाजपा सत्ता में है इसलिए आप नेता चार वार्डों में पार्टी की जीत को बहुत बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं। अगले साल 2022 में दिल्ली नगर निगम के चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में यह उपचुनाव एक तरह से सेमीफाइनल माना जा रहा था।

## अब 24 घंटे लगेगा कोरोना का टीका

**नई दिल्ली।** देश में अबतक डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोगों को कोरोना का टीका लग चुका है। सरकार ने अब कोरोना का टीका लगवाने के लिए वक्त की बंदिश खत्म कर दी है। जनता दिन हो रात किसी भी वक्त निजी अस्पताल में जाकर कोरोना का टीका लगवा सकती है।

ये जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने ट्वीट कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री ने अखबार की एक कटिंग शेयर करते हुए ट्वीट में लिखा, ह्यसरकार ने टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के लिए समय की बाध्यता खत्म कर दी है। देश के नागरिक अब 24७7 अपनी सुविधानुसार टीका लगवा सकते हैं। पीएम मोदी जी देश के नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके समय की कीमत बखूबी समझते हैं।

### खोया-पाया

अमरीन पुत्री राहत अली निवासी ग्राम रतूपुरा थाना सिंभावली का हाई स्कूल एवं इंटर का मार्कशीट गुम हो गया है।
इस संबंध में संभाली थाने में आवेदन दिया गया है जिस किसी को मिले कृपया संभाली थाने को सूचित करे।

# 3 केंद्रीय विद्यालय भारत खिलौना मेला 2021 में प्रदर्शित कर रहे हैं शैक्षणिक खिलौने

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालय संगठन के छात्र भारतीय खिलौना मेला 2021 में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। केवीएस से हुए कुल पंजीकरण की संख्या करीब 3.5 लाख है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने भारतीय खिलौना मेले का 27 फरवरी 2021 को उद्घाटन किया था। पीएम ने कहा, हमारे देश के खिलौना उद्योग में बड़ी ताकत छुपी हुई है। इस ताकत को बढ़ाना और इसकी पहचान बढ़ाना आत्मनिर्भर भारत अभियान का बड़ा हिस्सा है। मेले में पूरे देश से तीन केंद्रीय विद्यालय अपने स्टॉल प्रदर्शित करने के लिए चुने गए हैं। दिल्ली क्षेत्र से केवी जेएनयू, केवी नंबर 1 एएफएस गुरुग्राम और केवी आईआईटी कानपुर अपने अनूठे खिलौने प्रदर्शित कर रहे हैं।

केवी हॉल नंबर 9 में मौजूद हैं, जहां सीखने के और शैक्षणिक खिलौने प्रदर्शित किए गए हैं। स्टॉल नंबर आई347 पर केवी जेएनयू तक पहुंचा जा सकता है, जबकि केवी आईआईटी कानपुर अपने खिलौने स्टाल नंबर आई1550 पर प्रदर्शित कर रहा है और केवी नंबर 1 एएफएस गुरुग्राम स्टॉल नंबर आई361 पर मौजूद है। केवी जेएनयू 25 खिलौने प्रदर्शित कर रहा है, जिसमें अलग अलग कहानियों को सुनाने में इस्तेमाल होने वाली जानवरों की कठपुतलियां, कलाबाज नर्तक स्केलटन, लंग्स बलून, नोज बग शामिल हैं। केवी आईआईटी कानपुर अपने स्टॉल पर 33 खिलौने प्रदर्शित कर रहा है, जिसमें बोर्ड गेम, डिजिटल गेम, मैकेनिकल गेम और साइंस एक्टिविटी गेम हैं, इसमें रोलिंग जोकर, कागज की कठपुतली, डाइनैमिक डॉल, नॉलेज एक्सप्रेस, वे मेकर, टचिंग स्लेट, कोविड रक्षक और खिलौना पैराशूट शामिल है।

केवी नंबर 1 एएफएस गुरुग्राम ने अपने स्टॉल में 14 खिलौने शामिल किए हैं, जिसमें जोड़ मशीन, वर्ड हाउजी, हाइड्रॉलिक ब्रेक सिस्टम, जोड़गाड़ी, नलतरंग, प्रोबिनो आदि हैं। अपनी तरह की इस पहली पहल में, जहां सभी तरह के पारंपरिक और आधुनिक खिलौने प्रदर्शित किए जा रहे हैं, और जो बच्चों को भारतीय खिलौनों के अनूठे संसार में ले जा रहे हैं, केंद्रीय विद्यालय के छात्र सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

# स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जन अभियान में नि:शुल्क सेनेटरी पैड वितरित

» सरताज अहमद

मुजफ्फरनगर। बघरा क्षेत्र के गांव मुरादपुरा में प्रतिष्ठा युवा संगठन की सदस्य कु प्रिया सैनी ने अपनी मण्डली के साथ गांव की महिलाओं एवं युवतियों को नि:शुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए। साथ ही उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं युवतियों को बताया कि प्रतिष्ठा कार्यक्रम का चलाने का उद्देश्य युवाओं के साथ मिलकर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के अंतर्गत जन अभियान चलाना व जागरूक करना हैं। जिसके अंतर्गत गांव में महिलाओं का सशक्तिकरण कैसे हो उसके लिए कार्य कई राज्यों में संगठन द्वारा किये जा रहे हैं वहीं स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महिलाओं को सशक्त करना हैं। जिससे वो अपने स्वास्थ्य के उचित देखभाल कर सकें। इसी दिशा में 35 से अधिक सेनेटरी पैड प्रिया द्वारा वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में ब्लाक बघरा की लेडिज हेल्थ वर्कर गीता देवी एवं गांव मुरादपुरा कि आशा दीदी संगीता देवी एवं आंगनबाड़ी सहायिका प्रमी देवी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सहयोग अंशुल रानी, सांची, तानिया आदि का रहा।




## 7 मार्च को होगी मेरठ में प्रियंका की सभा

» शकील सैफी



किठौर मेरठ। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी में जान डालने के लिए प्रियंका गांधी जगह जगह सभा कर प्रदेश के युवाओं किसानों गरीबों को जागरूक कर रही हैं और भाजपा सरकार की नाकामी याद दिलाने का काम कर रही हैं इसी क्रम में काफी उठापटक के बाद आखिर 7 मार्च को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का प्रोग्राम जनपद मेरठ के केली गांव में तय हो गया है यह जानकारी कस्बे के वरिष्ठ नेता और गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक मैनेजर कामिल चौधरी ने दी उन्होंने लोगों से अपील की है कि पार्टी के प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग प्रियंका को सुनने के लिए पहुंचे।

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नही: मास्टर इसमाईल

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ्फरनगर। पैगाम-ए-मुहब्बत ने फिर की गरीब मरीज की मदद मुजफ्फरनगर सरकारी अस्पताल में एक बेहद गरीब बुजुर्ग महिला भर्ती है। खून की कमी होने पर मरीज के परिजनों ने समीर काजी से संपर्क किया तो तुरंत समीर काजी ने पैगाम -ए-मुहब्बत के अध्यक्ष मास्टर इसमाईल से ब्लड के लिए कहा मास्टर इसमाईल ने आशिक इलाही से ब्लड देने को कहा जिसपर वे तुरंत अस्पताल पहुंचे व रक्तदान किया परिजनों ने सभी का शुक्रिया अदा किया और दुआयें भी दी बतादे की पैगाम -ए-मुहब्बत लगातार रक्तदान कर मरीजो की जान बचाने का कार्ये कर रहें हैं। व दूसरे सभी समाज सेवा के कार्यों में भी हिस्सा लेते रहते हैं। पैगाम -ए-मुहब्बत के अध्यक्ष मास्टर इसमाईल ने बताया हमारा मकसद सिर्फ ओर सिर्फ समाज सेवा है। आइंदा भी हम हर एक समाज सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहेंग।

**संक्षिप्त समाचार**

## महिलाओं की कृषि क्षेत्र में हमेशा अग्रणी भूमिका रही है- संयुक्त कृषि निदेशक

मदरलैंड संवाददाता , सहारनपुर। संयुक्त कृषि निदेशक डी एस राजपूत ने कहा कि महिलाओं को कृषि क्षेत्र में हमेशा अग्रणी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का बहुत बडा योगदान है, महिलाये पशुपालन, सब्जी उत्पादन, अन्न भण्डारण आदि कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा महिलाओं को शिक्षित एवं जागरूग होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समूह बनाकर व्यवसायिक कार्य एवं बचत करनी चाहिये। इससे महिलाओं का उत्थान होगा, इसके साथ-साथ महिलाओं के सामाजिक ढ़ाचे को और अधिक परिवर्तन की आवश्यकता है जिससे समाज में महिलाओं का अधिक से अधिक सम्मान हों। डी एस राजपूत आज मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित महिला कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि खेती के समय महिला कृषकों की भूमिका एक अग्रणी किसान के रूप में रहती है। वो अपने खेत, पशुओं और चारे आदि में हर तरह से मदद करती है। प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ आई के कुशवाहा ने महिला कृषकों को मशरूम उत्पादन के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि मशरूम उत्पादन का कार्य महिलाये घर पर रहते हुये ही किसी कमरें में कर सकती है। उन्होंने कहा कि इसमें अधिक लाभ प्राप्त होता है साथ ही महिलायें बहुत कम लागत में वर्मी कम्पोस्ट का कार्य भी कर सकती है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती आज समय की मांग है। जिससे अधिक लाभ प्राप्त होगा एवं जैविक खेती में इसकी आवश्यकता भी है। साथ ही अन्न भण्डारण की भी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक , रामजतन मिश्र, उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) , राकेश बाबू, आत्मा योजना प्रभारी , रविन्द्र बर्नवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक के वी के , अमरपाल सिंह आदि उपस्थित रहें। महिला किसान दिवस में जनपद के सभी ब्लाकों से 140 महिलाओं ने प्रतिभाग किया तथा इस अवसर पर महिलाओं को महिला सशक्तीकरण, समूह गठन, कृषि, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, पशुपालन आदि विषयों पर प्रशिक्षण भी दिया गया।

## सामाजिक कुरीतियों के बारे में जागरूकता रैली



मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। मडराक प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मडराक सेवा केंद्र के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत में रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को नशा उन्मूलन और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए नगर वासियों को व्यसन मुक्त जीवन जीने का संदेश दिया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जन-जन शिवरात्रि का अध्यात्मिक संदेश फैलाता है कि शिवरात्रि परमपिता परमात्मा इस सृष्टि पर अवतरण का यादगार दिवस है। परमपिता परमात्मा कलयुग के अंत में इस धरा पर प्रजापिता ब्रह्मा के तन का आधार लेकर नई सृष्टि की रचना करते हैं और पापाचार अनाचार भ्रष्टाचार से इस संसार को मुक्त करके एक नई दुनिया की स्थापना करते हैं। इस मौके पर उप.नि.महावीर सिंह(कोतवाली मडराक),सोनू ठाकुर,सुरेश चंद्र,बहन शांता दीदी,बहन कोमल,बहन नीतू,बहन उमा आदि लोग उपस्थित रहे।

## छात्र की तलाश में पुलिस की दो टीमें दिल्ली व बिहार रवाना

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। अमुवि के लापता छात्र अशरफ की तलाश में जुटी पुलिस की दो टीमें अब दिल्ली व बिहार के लिए रवाना हो गई हैं। दिल्ली में पुलिस पहले भी एक युवती की तलाश में गई है। लेकिन, युवती से कोई खास जानकारी न मिलने पर टीम लौट आई। अब फिर से पुलिस को छात्र की सीडीआर में कुछ नंबर संदिग्ध मिले हैं। जो रडार पर हैं। बिहार के अररिया जिले के थाना पलासी के ग्राम बलवा निवासी मोहम्मद अशरफ पुत्र बशी अहमद एएमयू में स्पेनिश लैंग्वेज से बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। मंगलवार दोपहर तीन बजे अशरफ को शमशाद मार्केट में देखा गया था। वहीं बुधवार तड़के उसका फोन चालू हुआ, जिसकी लोकेशन आनंद विहार में थी। इसके आधार पर सिविल लाइन पुलिस की एक टीम दिल्ली में गई थी।

# व्यापारियों के उत्पीड़न को लेकर एडिशनल कमिश्नर को ज्ञापन

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। टैक्स बार एसो. ने राज्य कर कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों की जीएसटी पंजीयन में अपनाई जा रही कार्यप्रणाली एवं उनके द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न को लेकर एडिशनल कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। रामपुर के राज्य कर विभाग में अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न का समाचार पिछले दिनों विधान केसरी ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अब टैक्स बार एसो. भी अधिकारियों के खिलाफ लामबंद हो गये हैं। एसो. द्वारा एडिशनल कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर राज्यकर कार्यालय में तैनात अधिकारियों की शिकायत की गई हैं। ज्ञापन में कहा गया हैं कि उप्र सरकार द्वारा जीएसटी पंजीयन के विस्तार का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्यरत अधिकारियों को निर्देश दिया गया हैं कि वह व्यापारियों को प्रेरित कर अधिक से अधिक पंजीयन कराये जिससे उप्र सरकार द्वारा पंजीयन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके एवं राजस्व संग्रह बढ़ सके लेकिन रामपुर कार्यालय में तैनात अधिकारियों द्वारा उक्त आदेशों के खिलाफ जीएसटी पंजीयन का अनावश्यक रूप से असंवैधानिक आपतित्तयां लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर व्यापारियों का पंजीयन प्रार्थना पत्र अस्वीकार कर दिया जाता हैं। ज्ञापन में कहा गया कि रामपुर में मुख्य रूप से दो वस्तुओं के व्यापार जिसमें मैंथा व लकड़ी का कारोबार हैं उक्त कारोबार की रामपुर में बहुत बड़ी मंडी हैं अगर राजस्व की समीक्षा की जाये तो यह बात सामने आयेगी दोनो कारोबार से अधिकतम राजस्व की वसूली होती हैं लेकिन अधिकारियों द्वारा उक्त कारोबारियों के लिए पंजीयन देने से स्पष्ट रूप से कह कहते हुए मना कर दिया जाता हैं कि हमें उच्च अधिकारियों से मौखिक निर्देश हैं कि उक्त कारोबारियों को किसी न किसी कारण को दशार्ते हुए अस्वीकार कर दिया जाये। ऐसा प्रतीत होता हैं कि विभाग के अधिकारी मैंथा व लकड़ी की मंडी को बर्बाद करना चाहते हैं। बार एसो. के पदाधिकारियों ने बताया कि विभाग में तैनात एसी 2 विजेन्द्र सिंह से अधिवक्ताओं व व्यापारियों की काफी परेशानी हैं उनके रवैये से विभाग की छवि तो धूमिल हो ही रहीं हैं साथ ही राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा हैं।

इस मौके पर नितिन अग्रवाल, रामकृष्ण टंडन, अंकित जिन्दल, मो. आरिफ, राजीव रतन श्रीवास्तव, आशीष कमथानिया, अजीम इकबाल खां आदि मौजूद थे।

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ मारपीट का मामला, होगी कार्रवाई

» मदरलैंड संवाददाता

मेरठ। मेडिकल थानाक्षेत्र में गढ़ रोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में पार्किंग को लेकर पार्किंग ठेकेदार और कुछ लोगो के बीच हुए विवाद में दोनो पक्षो में जमकर मारपीट हुई, देखते ही देखते ये लड़ाई अस्पताल के भीतर पहुँच गयी,दोनों ओर से जमकर पथराव किया गया। अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने जब बीच बचाव किया तो दबंगो ने उनके साथ मारपीट की। जानकारी के अनुसार इस वारदात से अस्पताल में हड़कम्प और भगदड़ मच गई। जिसके बाद दूसरे पक्ष के बाहरी लोगो ने अस्पताल में तोड़फोड़ कर डाली। हाथों में लाठी डंडे लेकर जमकर बवाल काटा गया। पथराव किया गया इस घटनाक्रम में अस्पताल के सुरक्षा कर्मी और अन्य को चोटें आईं, इन सभी का उपचार दिया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुँच कर पड़ताल की है। बताया जाता है कि पार्किंग को लेकर पार्किंग ठेकेदार और कुछ बाहरी लोगों के बीच झगड़ा हुआ था। काफी देर तक चला ये बवाल सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इस मामले में जहां दोनों पक्षो ने समझौता कर लिया है वहीं पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए अपनी ओर से एक मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्कूल टीचर को बाइक सवार बदमाशों ने लूटा

» अफाक खान

रामपुर। थाना सिविल लाइन क्षेत्र में दिन दहाड़े स्कूल टीचर से बाइक सवार बदमाशों ने लूट को अंजाम दे दिया। मजेदार बात यह हैं कि जहां लूट की घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया हैं उससे कुछ कदम की दूरी पर ही पुलिस पिकैट 24 घंटे तैनात रहती हैं।

रात दिन वाहन चैकिंग के नाम पर जनता को प्रताड़ित करने वाली थाना सिविल लाइन पुलिस की नाक के नीचे दिन दहाड़े स्कूल की टीचर से लूट की घटना को आसानी से बाइक सवार बदमाशों ने अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी हैं। थाना गंज क्षेत्र के मोहल्ला बजोडी टोला नियर जफर खां की चक्की निवासी सायमा खान कलेक्ट्रेट के सामने ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन व चार की टीचर हैं। बताया जाता हैं कि बुधवार को सुबह करीब 9 बजे सायमा खान रिक्शा से स्कूल जा रहीं थी तभी रास्ते में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान व सेंटमैरी स्कूल के बीच बाइक सवार बदमाशों ने उसका पर्स छीन लिया तथा लूट की घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गये। सायमा खान ने बताया कि उसके पर्स में पैसे, आधार कार्ड, मोबाइल व अन्य कुछ जरूरी सामान था। सायमा खान ने मामले की जानकारी पुलिस को दी जिसपर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह सहित पुलिस फोर्स ने मौका मुआयना कर थाना सिविल लाइन इंचार्ज को घटना का शीघ्र खुलासा करने के आदेश दिये। लोगों का कहना हैं कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वाहन चैकिंग की जाती हैं जिसपर पुलिस का कहना हैं कि अपराधियों के इससे हौसले पस्त होते हैं लेकिन घटना से कुछ ही दूरी पर तैनात 24 घंटे पुलिस पिकैट के बाद भी बदमाशों के हौसले बुलन्द होने के नाते ही महिला टीचर से लूट की घटना को अंजाम दिया जो पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता हैं। वहीं थाना सिविल लाइन इंचार्ज दुर्गा सिंह ने बताया कि लूट की घटना की जानकारी मिली हैं लेकिन अभी तक महिला टीचर की ओर से कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई हैं।

# एसडीएम ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों का किया निरीक्षण

» मदरलैंड संवाददाता



गढमुक्तेश्वर। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ क्षेत्र में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों का निरीक्षण किया ओर औचारिकता पूर्ण रखने के दिशा निर्देश दिये। बुद्धवार को गढ एसडीएम विजय वर्धन तोमर ने चिकित्सको व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ क्षेत्र में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों का निरीक्षण किया ओर औचारिकता पूर्ण रखने के दिशा निर्देश दिये। सिंभावली सीएचसी के प्रभारी डॉ आनंदमणि ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालको से कोरोना की गाईड लाईन पालन करने के निर्देश दिये। एसडीएम ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालको को चिकित्सा विभाग के दिशा निदेर्शो का पालन नही करने वालो को चेतावनी दी है।

## महिलाओं के ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु कैंप का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। परिवहन विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत परिवहन कार्यालय में एआरटीओ सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में महिलाओं के ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु कैंप का आयोजन किया कैम्प में 49 महिलाओं ने लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन किये।

गौरतलब है परिवहन आयुक्त के निर्देशों के अनुसार 26 फरवरी से 8 मार्च तक परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओ को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय रामपुर में आज महिलाओं का ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में उपस्थित सभी महिलाओं द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए जिससे उनके लर्निंग लाइसेंस का रजिस्ट्रेशन किया गया। कैंप में लगभग 49 महिलाओं ने लर्निंग लाइसेंस का रजिस्ट्रेशन किया। इसके साथ ही उपस्थित सभी महिलाओं के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें एआरटीओ सुरेंद्र सिंह ने महिलाओं से संबंधित हैडलाइन नंबर एवं उसकी उपयोगिता की जानकारी दी। इस मौके पर एआरटीओ सुरेंद्र सिंहए, यात्री कर अधिकारी अनीता वर्मा, यातायात प्रभारी संतराम कश्यप सहित कार्यालय के कर्मचारी एवं महिला आवेदक उपस्थिति रहे।


# चैरी-चैरा शताब्दी समारोह कार्यक्रम में आशु भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

» कांति प्रसाद




गढमुक्तेश्वर। सिंभावली के किसान पीजी कालिज में चैरी-चैरा शताब्दी समारोह के कार्यक्रम में आशु भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसके विजेताओ को कालिज प्राचार्य डॉ तेजवीर सिंह ने पुरूस्कृत व सम्मानित किया गया। बुद्वार को सिंभावली के किसान पीजी कालिज में चैरी-चैरा शताब्दी समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रभात कुमार के दिशा निर्देशन में आशु भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसके विजेताओ को कालिज प्राचार्य डॉ तेजवीर सिंह ने पुरूस्कृत व सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि देश की आजादी में चैरी-चैरा की घटना का विशेष महत्व है। जिसमें देश भक्तों ने ब्रिटिश सरकार के विरूद्व जनजागरण का काम किया था। कार्यक्रम में देश की आजादी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसके विजेता छात्र-छात्राओ में प्रथम मौहम्मद आदिल, द्वितीय शीतल व दीपक, तृतीय मानसी ओर शायरा को कालिज प्राचार्य डॉ तेजवीर सिंह ने पुरूस्कृत व सम्मानित किया। इस अवसर पर कालिज के शिक्षक डॉ एसपीएस सिरोही डॉ शशांक शुक्ला, डॉ शिवशंकर, भारत, अंश, उमा, संदीप आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



» मदरलैंड संवाददाता

रामपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंप। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में संघ ने केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को सौंपे ज्ञापन में शिक्षकों को गोपनीय आख्या का पत्र निर्गत किया गया हैं जिसमें ऐसे पैरामीटर तय किये गये हैं जिसका शिक्षक से कोई लेना देना ही नहीं हैं। शिक्षक का मूल कार्य शिक्षण कार्य करना होता हैं जबकि दर्जनों गैर शिक्षणिक कार्य शिक्षक से कराये जा रहें हैं। कायाकल्प का कार्य भी गोपनीय आख्या में शामिल किया गया हैं जबकि विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं को संतप्त कराने का कार्य ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव का होता हैं। विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच के तकनीकी कारणों के कारण जो पुरानी पेंशन नहीं मिल पा रहीं हैं उनको पुरानी पेंशन बहाल की जाये साथ ही 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारी को पुरानी पेंशन का लाभ मिले क्योंकि एक देश एक विधान एक संविधान सबको समानता का अधिकार मिलना चाहिए। रामपुर जिले में प्राइमरी हेड के पिछले चार साल से जुनियर हेड के पिछले दस साल से पदोन्नती नहीं हो सकी हैं जबकि पदोन्नती के लिए जिले में पद रिक्त पडे हैं। रिक्त पदों के सापेक्ष शीघ्र सूची जारी हो और पदोन्नती की जाये। कुछ शरारती तत्वों द्वारा विद्यालय प्रांगण व सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाता हैं। विद्यालयों की सुरक्षा के लिए हर विद्यालय में एक चैकीदार की व्यवस्था की जाये। परिषदीय विद्यालयों में उत्तराखंड की तरह राज्य कर्मचारी का दर्जा प्रदान किया जाये। इस मौके पर शंकर, विपेन्द्र कुमार, चिरंजीवि कुमार गुड्डु, विनीत कुमार, ज्ञान प्रकाश गौतम, गौरव गंगवार, विनोद कुमार आदि मौजूद थे।

# वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता होकर लौटी हापुड की टीम का सिंभावली में स्वागत



» मदरलैंड संवाददाता


गढमुक्तेश्वर। मध्यप्रदेश से पांचवी राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता होकर लौटी हापुड की टीम का सिंभावली में जोरदार स्वागत किया गया।

बुधवार को सिंभावली स्थित महाराजा फार्म हाऊस पर जिले की वॉलीबाल टीम का मध्यप्रदेश के महानंदा स्पोर्टस उज्जैन से पांचवी राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता होकर लौटी हापुड की टीम का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह औलख ने खिलाडीयों की हौंसला अफजाई की।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मनवीर सिंह ने टीम के नये भविष्य के लिए प्रेरणा दी। इस अवसर पर कोच हरेन्द्र सिंह ने बताया कि सेमीफाइनल टीम ने उत्तराखण्ड की टीम को हराकर गौल्ड जीता है। कार्यक्रम में डॉ मतलूब आदि ने कहा कि टीम ने नये आयम स्थापित किये हैं।

# क्वाटर फाइनल में मुरैना ने देवगढ़ को हराया

» शंकरदेव तिवारी



आगरा। पिनाहट ब्लॉक के गांव बीच का पुरा में चल रहे नागेश्वर क्रिकेट टूनार्मेंट में बुधवार को मुरैना और देवगढ़ के मध्य क्वाटर फाइनल मैच खेला गया। जिसमें मुरैना ने देवगढ़ को हराया। बुधवार को क्वाटर फाइनल मैच में मुरैना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। जिसमें बल्लेबाजी करने उतरी देवगढ़ की टीम 67 रन पर आल आउट हो गयी। मुरैना की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए आर्यन ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुरैना की टीम ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य का पीछा कर लिया। जिसमें विशदीप ने 24 रन बनाये। मैच में मुख्य अतिथि समाजसेवी गेंदालाल परिहार ने आर्यन को मेंन ऑफ द पुरस्कार दिया। इस दौरान आयोजक लालू भदौरिया ने मुख्य अथिति का स्वागत किया। कमेंट्री रामू परिहार , और रामवीर कठेरिया एवं स्कोरिंग महेश परिहार ने की।

# चंबल नहर हुई ओवरफ्लो किसानों की फसल बर्बाद मुआवजे की मांग

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत कस्वा के नीचे बीहड़ में नहर कर्मियों की लापरवाही के चलते दूसरे पंप हाउस का पंप बंद होने के कारण चंबल नहर ओवरफ्लो होने से आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसल बर्बाद हो गई,किसानों ने मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार पिनाहट कस्बा के चंबल घाट से निकली चंबल नहर से बाह तहसील के दर्जनों गांव के सैकड़ों किसानों की हजारों हेक्टेयर खेती की सिंचाई की जाती है। कई बार चंबल नहर कई गांव में फूटने से पूर्व में किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी है। तो वही मंगलवार देर रात को चंबल नहर का पिनाहट कस्बा के नीचे बीहड़ में दूसरे पंप हाउस के नहर कर्मचारियों की लापरवाही के पंप नहीं चलाने के कारण पूरी नहर ओवरफ्लो हो गई। और ओवरफ्लो पानी चंबल नहर से बीहड़ में जाने लगा, पूरी रात भर बुधवार सुबह तक नहर का ओवरफ्लो पानी लगातार चल रहा था। सुबह किसानों ने देखा तो उनके होश उड़ गए फसल बर्बाद हो चुकी थी तत्काल उन्होंने नहर विभाग कर्मचारियों को अवगत कराकर नहर के चंबल किनारे नीचे वाले पंप को बंद कराया। नहर के ओवरफ्लो पानी के कारण बीहड़ में किसान मुन्नालाल की 20 बीघा गेहूं, सरसों टमाटर, एवं रामप्रकाश की 15 बीघा गेहूं, सरसों हाकिम सिंह की 15 बीघा गेहूं सरसों एवं अन्य छोटे किसानों की फसल जलमग्न एवं कटान होने से बर्बाद हो गई है।

# प्रेम संबंधों की भेंट चढ़ा इकरामुद्दीन

» अवनीश त्यागी

बिजनौर। सदर थाना क्षेत्र के ग्राम जगदलपुर ग्राम निवासी इकरामुद्दीन की हत्या अवैध संबंधों के कारण की गई। मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी व दो अन्य के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी उसके प्रेमी सहित चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस लाइन में आयोजित किए गए प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि 1 मार्च को सलीम पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी जगदलपुर ने थाने में सूचना गीत कराई थी कि उसके भाई इकरामुद्दीन का शव ग्राम मुकीमपुर धर्म सिंह वह गजरौला सेब के रास्ते पर स्थित बाग में पड़ा मिला है उसने पुलिस को बताया कि की इकरामुद्दीन की पत्नी के अनैतिक संबंध अपने पोपेरे भाई जाकिर से चल रहे थे गुलशन द्वारा जाकिर व उसके साथियों के साथ मिलकर इकरामुद्दीन की हत्या करा दी गई है घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक ने स्वाट टीम व कोतवाली शहर पुलिस को निर्देशित किया था जिसके बाद मंगलवार को पुलिस टीम ने घटना में शामिल समस्त हत्या आरोपियों को मालन नदी से गिरफ्तार कर लिया उनके पास से घटना से संबंधित तीन मोबाइल मृतक का पर्स बाइक हत्या में प्रयुक्त मफलर बरामद कर लिया है पूछताछ के दौरान जाकिर ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी मुंह मेरी बहन गुलशन से अनैतिक संबंध बनाए थे इसका पता जब इकरामुद्दीन को चला तो वह दोनों से नाराज रहने लगा जिसके बाद गुलशन की सहमति से मैंने अपने भाई जावेद तथा आस मोहम्मद के साथ मिलकर इकरामुद्दीन को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा करने वाली टीम को रू 10000 नगद इनाम दिए जाने की घोषणा की है ।

## संक्षिप्त समाचार

### जल जीवन मिशन की बैठक आज

मदरलैंड संवाददाता , मैनपुरी। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन एवं उनके अनुश्रवण हेतु जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में 4 मार्च को सायं 4.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की बैठक आयोजित की जायेगी। उन्होने सम्बन्धितों से बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

### उपभोक्ता 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट के साथ जमा करें अपना बिजली बिल

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत बिल जमा करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना का शुभारम्भ किया गया है। जिसके द्वारा एलएमवी–1 घरेलू एवं एलएमवी निजी नलकूप श्रेणी के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के विलम्बित भुगतान अधिभार की 100 प्रतिशत छूट हेतु 'एकमुश्त समाधान योजना' कॉमन सर्विस सेन्टरों (सीएससीकेन्द्रों) के माध्यम से शुरू की गयी है। जो कि जनपद में स्थिति सभी सी एस सी केंद्रों पर उपलब्ध है। एकमुश्त समाधान योजना में ग्रामीण क्षेत्र के सभी घरेलू और निजी नलकूप के बकायेदारों को उनके दिनांक 31.01.2021 तक के विद्युत बकाये पर सरचार्ज के रुप में लगायी गयी धनराशि में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। योजना मे पंजीकरण 01 मार्च से 15 मार्च 2021 तक करा सकते हैं। सभी विद्युत बकायेदार इस अवधि में अपने नजदीकी किसी भी कॉमन सर्विस केंद्र पर जाकर पंजीकरण कराकर छूट का लाभ लेते हुये अपना बकाया विद्युत बिल जमा कर सकते हैं। योजना का लाभ पाने के लिए उपरोक्त श्रेणी के उपभोक्ताओं का योजना के अंतर्गत सबसे पहले ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। योजना में उपभोक्ता के ऑनलाइन पंजीकरण के समय खाता संख्या फीड करते ही उपभोक्ता का समस्त विवरण यथा पंजीकरण के लिए देय धनराशि, मूल बिल धनराशि, सरचार्ज में छूट, भुगतान की स्थिति इत्यादि परिलक्षित होंगी। पंजीकरण के समय उपभोक्ता का फोन नम्बर एवं बिल संशोधन का विकल्प अवश्य लिया जाएगा। पंजीकरण के समय उपभोक्ताओ को उनके माह जनवरी 2021 तक के विद्युत बिल में प्रदर्शित मूल धनराशि का 30 प्रतिशत एवं 31 जनवरी 2021 के उपरान्त के वर्तमान देयों को एकसाथ जमा करना होगा, जिसके बाद ही उपभोक्ता का पंजीकरण पूर्ण होगा।

# पंचायत चुनावों की आरक्षण सूची घोषित, गांव-गांव चौपालों पर चर्चा

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। मंगलवार को उत्तर प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण सूची जारी होने के बाद गांव गांव चौपालों में बैठ कर लोग चर्चा करने लगे हैं। आपको बता दें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण सूची मंगलवार को जारी होने के बाद पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र में चुनावी माहौल गरमाने लगा है। ग्राम पंचायतों के गांव गांव में लोग एकत्रित होकर चुनावी माहौल पर चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं कुछ लोग आरक्षण सूची को लेकर आपत्तियां दर्ज करा रहे हैं तो वहीं कुछ लोग आरक्षण सूची जारी होने के बाद अपनी अपनी जीत की दावेदारी ठोकने लगे। ग्राम पंचायत के चुनाव को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है किसी भी गांव क्षेत्र में झगड़ा प्रसाद ना हो जिसके लिए पुलिस गांव गांव जाकर बैठक भी कर रही है और लोगों को समझाने का प्रयास भी किया जा रहा है। साथ ही अपराधिक तत्व एवं झगड़ालू किस्म के लोगों पर कार्यवाही की जा रही है। जिनकी सूची भी तैयार की जा रही है।

# होली त्यौहार एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस एवं आबकारी सतर्क

» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत थाना परिसर में बुधवार को होली त्यौहार एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस एवं आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने क्षेत्रीय चौकीदारों के साथ बैठक की। अवैध शराब पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए दिशा निर्देश दिए। अवैध शराब की बिक्री के ठिकाने की सूचना पुलिस एवं आबकारी तक पहुंचाने को बताया। जानकारी के अनुसार थाना बसई अरेला थाना परिसर में बुधवार को आगामी होली त्यौहार एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस चोकी क्षेत्र के ग्राम चौकीदारों के साथ बैठक की। जिसमें थाना अध्यक्ष बसई अरेला शेर सिंह एवं आबकारी निरीक्षक बाह हर्ष कुमार यादव ने गांव गांव के बारे में चौकीदारों से पूरी जानकारी ली गई। साथ ही बैठक में सभी चौकीदारों को दिशा निर्देश देते हुए अपना सुचना तंत्र मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए।



जानकारी देते हुए आबकारी निरीक्षक हर्ष कुमार ने बताया क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री, अवैध शराब बनाने वाले ठिकाने, अबैध शराब भंडारण की सूचना विभाग को देने के लिए कहा। तो वहीं थानाध्यक्ष शेर सिंह ने चौकीदारों को बताया कि अपना सूचना तंत्र मजबूत रखें अन्य प्रदेशों से आने वाली नकली शराब एवं भंडारण की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# दुकान से मरीज ले गया कैपसूल, अंदर निकले लोहे के कीले

## कुरावली बस अड्डा के पास हो रही नकली दवाओ की बिक्री

» अजय सक्सेना



मैनपुरी। नगर का प्रमुख स्थान अस्थाई रोडबेज बस अड्डा के सामने एक झोलाछाप द्वारा अपनी दुकान पर नकली दवाओ की बिक्री जमकर की जा रही है। इस प्रमुख दुकान पर फोड़ा, फुन्सी, चोट, जलने आदि की दवाई दी जाती है। इस दुकान से जब मरीज दवाई ले गया दवाई के अंदर कुछ कैपसूल भी थें। जब कैपसूल को खोलकर देखा गया तो उसके अंदर लोहे के कीले निकले। यह खबर जब सोशल मीडिया पर वायरल की गई तब उस मरीज और दुकान चलाने वाले झोलाछाप डाक्टर के बीच पंचायत होने के बाद लेनदेन करके मामले को शांत कर दिया गया। अब प्रश्न केबल यह रह गया कि नकली दवा बेचने वाले क्या ऐसे ही बीच बाजार में बैठकर दवा बेचते रहेगे।



### क्या कहते है सीएमओ मैनपुरी

इस प्रकार के मामले की जानकारी है। इस पूरे मामले में जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार जांच कराई जाएगी। अगर ऐसा मामला पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डॉ. ए.के. पांडेय सीएमओ मैनपुरी।

# नगर निगम का प्रवर्तन दल बहाल

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। नगर निगम का प्रवर्तन दल बहाल हो गया है। जनवरी में ही नगर आयुक्त ने रिटायर्ड फौजियों के दस सदस्यीय प्रवर्तन दल की नियुक्तियां निरस्त की थीं। बहाली के बाद प्रवर्तन दल अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई में जुट गया है। अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न होने पर शासन स्तर से सभी नगर निगमों में सेना के रिटायर्ड अफसरों की तैनाती कर प्रवर्तन दल की व्यवस्था की थी। जनवरी-20 में यहां प्रवर्तन दल प्रभारी के रूप में रिटायर्ड कर्नल निशीथ सिघल की नियुक्ति हुई। नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह ने 26 नवंबर को रिटायर्ड दो टीम लीडर व आठ स्क्वाड कमांडरों की नियुक्ति की। प्रवर्तन दल प्रभारी की अगुवाई में इस टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान छेड़ा। इस दौरान विवाद हुए। मारपीट, पथराव तक हुआ। फिर प्रवर्तन दल की कार्यशैली पर अंगुलियां उठने लगीं।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में पदो व स्थानों के आरक्षण एवं आवंटन में 8 मार्च तक आपत्ति आमंत्रित

» अंजुम सिद्दीकी

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट अखिलेश सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 के लिए जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान के पदों एवं स्थानो का आरक्षण व आवंटन करते हुए अनन्तिम प्रकाशन किया है। उन्होंने कहा कि अनन्तिम प्रकाशन ग्राम पंचायत कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय एवं जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के सूचना पर किया गया है। उन्होंने कहा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के पदों पर स्थानों का आरक्षण और आवंटन में किसी को आपत्ति है तो 08 मार्च तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। अखिलेश सिंह ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत निवार्चन 2021 में स्थानों के आरक्षणएवं आवंटन के विषय में किसी प्रकार की आपत्ति है, तो 04 मार्च से 08 मार्च 2021 के मध्य अपनी आपत्तियां विकास खण्ड कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि के उपरांत किसी भी आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जायेंगी।

# पंचायत चुनावों में दारू पर वोट तो पांच साल जनता पर चोट

» अर्जुन वार्ष्णेय



अलीगढ़। पंचायत चुनाव में जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत चुनाव में मतदान के लिये हालांकि अभी प्रधान पद पर चुनाव के लिए तिथियां निर्धारित नहीं की गई हैं, लेकिन गाँवों में जोर-शोर से प्रचार शुरू किया जा चुका है। एक पद पर करीब दो दर्जन प्रत्याशी चुनावी ताल ठोंक रहे हैं। ऐसे में गाँवों के मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रत्याशी शराब, मुर्गा से लेकर बकरे तक सब व्यवस्था कर रहे हैं। गाँवों में खूब दावतों का दौर चल शुरू हो रहा है। वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र राघव इसी व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं। जागरूक करने के दौरान वो बताते है, दारू पर वोट दिया तो पांच साल पछताना पड़ेगा।

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते हैं खबरें आनी शुरू हो जाती हैं कि फलां जगह से कैश बरामद हुआ या फिर कहीं से पुलिस ने शराब जब्त की. कह सकते हैं,कि नेता और प्रजा दोनों ही एक दूसरे की साइकोलॉजी समझते हैं। प्रत्याशी जानते हैं कि वोट पिलाने खिलाने और खर्चा करने से ही मिलते हैं। चुनावों का मौसम चल रहा है, बेनामी नगदी और बड़ी मात्रा में शराब पकड़े जाने का दौर भी चल पड़ा है। जैसे-जैसे मतदान के चरण करीब आते जाएंगे, वैसे ही जनता में शराब और नगदी बांटे जाने की खबरें भी तेज होती जायेंगी। हर बार का यही तमाशा है। ये खबरें सुनकर हमें नेताओं पर खूब गुस्सा आता है और मिनट भर में हम उन्हें लोकतंत्र का हत्यारा, भ्रष्ट और जाने क्या-क्या घोषित कर देते हैं, लेकिन हम भूल जाते हैं कि ताली कभी एक हाथ से नहीं बजती है। हम भूल जाते हैं कि ये वही लोकतंत्र है जिसमें लोगों को रिझाने के लिए जनार्दन नेता नंगे हाथों से सामुदायिक शौचालय साफ कर देते हैं। ऐसे में प्रत्याशी अगर मतदाताओं को रिझाने के लिए चोरी-छिपे शराब और पैसा बांटते भी हैं तो ये बिल्कुल आश्चर्यजनक नहीं है। सामान्य मतदाता की यही समझ है, कि नेता पांच सालों में सिर्फ एक बार उसके दरवाजे पर आता है, और मतदाता भी समझता है कि अभी पूंछ दबी है तो जो भी उसकी मांग होगी, पूरी की जाएगी। तो मतदाता भी अपनी पूरी समझ और क्षमता से पांच सालों की कसर एक बार में ही निकालना चाहता है।

# गोद लिए गांव बहेड़ी, ईकरी का जिलाधिकारी ने किया भ्रमण

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने हेतु गोद लिये गांव बड़ेरी, ईकरी के भ्रमण के दौरान अपने सामने बच्चों का वजन कराया, 6 माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को अपने कर-कमलों से अन्नप्रासन्न के तहत खीर खिलायी, गर्भवती महिला की गोद भराई कर उन्हें पोषक आहार, ऑयरन की टेबलेट उपलब्ध कराते हुये कहा कि प्रत्येक बच्चे का सही विकास हो, इसके लिए गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिला की उचित देखभाल के साथ-साथ बेहतर आहार उपलब्ध कराया जाये ताकि पैदा होने वाला बच्चो सेहतमंद रहे। उन्होने कहा कि जो बच्चे कुपोषण का दंश झेल रहे हैं, उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच हो, उन्हें समय से पोषाहार मिले, समय से टीके लगें, अति कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराया जाये ताकि उन्हें भी जल्द से जल्द कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाया जा सके। उन्होने मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सुपरवाईजर को आदेशित करते हुये कहा कि सभी लक्षित बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों का समय से टीकाकरण हो, सभी पात्रों को समय से घी, दूध, दाल आदि उपलब्ध कराया जाये, पोषण वितरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान ग्राम बड़ेरी के खेल के मैदान की लेवलिंग कराने के निर्देश देते हुए ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि तत्काल मनरेगा से खेल के मैदान की बाउंड्री के चारों ओर बृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराएं और उसकी देखभाल के लिए केयर टेकर की तैनाती करें, परिसर में आंवला, नींबू, सहजन, अशोक आदि के पेड़ लगाए जाएं, क्रिटिकल गैप से गोद लिए गांव ईकरी-बड़ेरी के विद्यालयों में सोलर पैनल हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए साथ ही खेल के मैदान मे हाई मास्क सोलर पैनल भी क्रिटिकल गैप से लगाये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि गांव के प्राथमिक विद्यालयों में मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्मार्ट क्लास हेतु टीवी आदि की व्यवस्था हेतु जन-प्रतिनिधियों, पंचायत निर्वाचन में प्रतिभाग करने वाले प्रत्याशियों का सहयोग लिया जाए लोग स्वेच्छा से गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद करें।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती गई तो संबंधित के विरुद्ध होगी प्रभावी कार्यवाही: जिलाधिकारी

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने आई. जी.आर.एस., मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, कोविड हेल्प-डेस्क, आदि बिंदुओं की समीक्षा के दौरान बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए प्रयत्नशील रहें, आई.जी.आर. एस. पोर्टल पर जो भी शिकायतें आएं उन्हें प्रत्येक दशा में 07 दिन के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें यदि निर्धारित समय सीमा में किसी भी विभाग में सन्दर्भ अनिस्तारित रहा तो आई.जी.आर.एस. सहायक को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी यदि माह के अंतिम दिन किसी विभाग में पोर्टल की कोई भी शिकायत लंबित रही और उसके कारण जनपद की रैंकिंग खराब हुई तो संबंधित अधिकारी को भी प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

श्री सिंह ने कहा कि अधिकारी जन-शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए संवेदनशील रहें, संपूर्ण समाधान दिवस,थाना समाधान दिवस, जन-सुनवाई, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करना सुनिश्चित करें, शिकायतों के निस्तारण में खानापूर्ति किसी भी दशा में न की जाए बल्कि व्यक्तिगत रूचि लेकर शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता से संपर्क कर स्थिति का आकलन करने के बाद करें, किसी के द्वारा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती गई या गलत आख्या भेजी गई तो संबंधित के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी बी.राम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. पांडेय, उप जिलाधिकारी सदर ऋषि राज, वरिष्ठ कोषाधिकारी श्याम लाल जयसवाल, समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी स्थानीय निकाय, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# स्टेशन पर मिलेगी कोच गाइडेंस के साथ ट्रेन की सटीक जानकारी

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों को कोच गाइडेंस के साथ ही ट्रेनों की सटीक सूचना मिलेगी। इसके लिए रेलवे की ओर से पूछताछ केंद्र पर कोच गाइडेंस सिस्टम को मशीन लगाकर सर्वर से जोड़ा गया है। यहां कंप्यूटर स्क्रीन पर कमांड देते ही अनाउंसमेंट, कोच गाइडेंस और ट्रेनों की जानकारी डिजिटल बोर्ड पर नजर आएगी। श्एश्ग्रेड अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर सात प्लेटफार्म हैं। यहां रोजाना पांच हजार से अधिक यात्रियों का आगमन-प्रस्थान होता है। स्टेशन पर 52 एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के साथ ही 250 से अधिक ट्रेनें यहां से गुजरती हैं। सभी प्लेटफार्म पर लंबे समय से कोच इंडीकेटर, ट्रेन गाइडेंस डिजिटल बोर्ड खराब पड़े थे।

# सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगने पर 30 दिन में सूचना मुहैया करायें

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। महेन्द्र बहादुर सिंह ने कलैक्ट्रेट सभागार में सूचना का अधिकार नियमावली 2015 के सुसंगत प्राविधानों के सम्बन्ध में जिला स्तरीय अधिकारियों, सम्बन्धित पटल सहायकों को अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगने पर 30 दिन में प्रत्येक दशा में कार्यालय में उपलब्ध सूचना मुहैया करायें, आरटीआई का जवाब देने के लिए नई सूचना का सृजन न करें बल्कि कार्यालय में जो अभिलेख उपलब्ध हैं उसी के आधार पर सूचना उपलब्ध करायी जाये। उन्होने कहा कि अधिनियम के अधीन सूचना अभिप्राप्त करने के लिए किसी अनुराध के लिये शर्ते पूरी होनी, मांगी गयी सूचना सम्बन्धित लोक प्राधिकरण द्वारा रखे गये या उसके नियंत्रणधीन अभिलेखों का एक भाग होना मांगी गयी सूचना (एक) में ऐसे अनुपलब्ध आंकड़ों का नया संग्रह किया जाना, अन्वर्तलित नहीं होना चाहिए, जिनको उपलब्ध कराना किसी अधिनियम अथवा लोक प्राधिकरण के किसी नियम, विनियम के अन्तर्गत अपेक्षित नहीं है या (दो) में विद्यमान आंकड़ों का नये सिरे, निवर्चन या विश्लेषण करने या विद्यमान आंकड़ों के आधार पर निष्कर्ष निकालने या धारणा बनाने या परामर्श या राय देने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिये। काल्पनिक प्रश्नों का उत्तर प्रदान करना अन्तर्ग्रस्त नहीं होना चाहिये।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 05
नई दिल्ली, गुरुवार 4 मार्च 2021

# अनुसूचित जाति आयोग चेयरमैन को समस्याओं के बारे माँग पत्र सौंपा

» विनोद कुमार



चण्डीगढ़। अनुसूचित जाति आयोग चेयरमैन श्री विजय सांपला को डॉ बी आर आंबेडकर एस सी बी सी कर्मचारी भलाई संगठन ने समस्याओं के बारे माँग पत्र सौंपा। इस दौरान संगठन अध्यक्ष डॉ एस पी चौहान के साथ साथ संत शिरोमणि श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ चंडीगढ़ अध्यक्ष जसबीर सिंह ने भी श्री विजय सांपला से कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए आग्रह किया।

डॉ बी आर आंबेडकर एस सी बी सी कर्मचारी भलाई संगठन के अध्यक्ष डॉ एस पी चौहान ने कहा कि चंडीगढ़ में शिक्षा विभाग तकनीकी शिक्षा विभाग व पुलिस सहित अन्य विभागों में आरक्षण को ईमानदारी से लागू नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि इन विभागों में पदोन्नति के लिए आरक्षण को नजरअंदाज किया जा रहा है। इस आशय हेतु रोस्टर तक तैयार नहीं होता है।

उपरोक्त अन्याय के कारण सरकारी कार्यालयों में बेकलॉग बढ़ता ही जा रहा है। सीधी भर्ती व पदोन्नति बारे आरक्षण नीति और सरकारी निर्देशों को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है।

अनेक अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों को बहानेबाजी करके परेशान किया जा रहा है।

डॉ एस पी चौहान व जसबीर सिंह ने अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन विजय सांपला से अनुरोध किया है कि वे तुरंत कार्यवाही कर एस सी बी सी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए निर्देश जारी करें।

# विधानसभा के बाहर शिअद विधायकों ने सरकार का पूतला फूंका, आप ने भी किया प्रर्दशन

## शिअद विधायकों ने कर्मचारियों के लिए छठे वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने की मांग की

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही के दौरान सदन में जहां विपक्ष आक्रामक दिखा वहीं विधानसभा के बाहर कई मुद्दों को लेकर शिरोमणि अकाली दल और आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।

शिअद के विधायकों ने विस के बाहर कर्मचारियों की मांगों को लेकर पूतला फूंका, जबकि आप विधायकों ने बिजली की महंगी दरों को सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज करवाया।

बुधवार सुबह शिरोमणि अकाली दल विधायकों ने कर्मचारियों के लिए छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग की और कैप्टन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान शिअद विधायकों ने विधानसभा के गेट पर पंजाब सरकार का पूतला भी फूंका। विधायक बिक्रम सिंह मजीठिया ने इस मौके पर कहा कि सरकार कर्मचारियों का शोषण कर रही है।

उन्होंने कहा कि कई विभागों के अनुबंध पर कर्मचारियों को सरकार नियमित करने में नाकामयाब रही है। महंगाई बढ़ती जा रही है।

मजीठिया ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों को छठे वेतन के अनुरूप वेतन मिलना चहिए। इस विरोध प्रदर्शन के बाद ही शिअद विधायक सदन में हिस्सा लेने अंदर गए। उधर दूसरी ओर आप विधायकों का कहना था कि पंजाब में अन्य राज्यों के मुकाबले बिजली बहुत ही ज्यादा महंगी है।



# शराब के नशे में धुत लड़किया आपस में भिड़ी, वीडियो वायरल

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें शराब के नशे में धुत्त लड़कियां आपस में एक दूसरे पर जमकर लात-घूसे बरसा रही हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने एक लड़की को गिरफ्तार किया है, जबकि चार अन्य को नाबालिग होने के चलते डिटेन कियाहै। कुल्लू के एसपी गौरव सिंह ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सभी लड़कियां ने शराब पी थी। एक लड़की 19 साल की है और बाकी चार नाबालिग हैं। इसके खिलाफ धारा-114-115 के तहत केस दर्ज किया गया था। बता दें कि इससे पहले भी दो लड़कियों के खिलाफ कुल्लू महिला थाना में 25 दिसंबर 2020 को केस दर्ज किया गया था। जिसमें पुलिस ने चालान पेश किया है।

## संक्षिप्त समाचार

# हरियाणा में अब फिर होगी तापमान में बढ़ोतरी, 7 मार्च को बारिश के आसार

चंडीगढ़। हरियाण में आने वाले तीन दिनों में तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है जब कि सात मार्च को बारिश के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सात मार्च को प्रदेश के कुछ इलाकों में पश्चिम विक्षोभ के असर से बरसात हो सकती है। इससे तापमान में कमी आने की संभावना बनेगी। फिलहाल अभी रात में ठंडी हवाएं भी चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का आंशिक प्रभाव मौजूदा मौसम में देखने को मिल रहा है। राज्य में मौसम परिवर्तनशील रहने व बीच-बीच में आंशिक बादलवाई रहने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी व रात के तापमान में हल्की गिरावट बने रहने की संभावना है। 3 मार्च से 6 मार्च के बीच मौसम आमतौर पर खुश्क रहने, दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने तथा उत्तर पश्चिमी हवा चलने से रात्रि तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार नारनौल में दिन का तापमान 3. 14 डिग्री तक पहुंच गया। यह सामान्य से चार डिग्री अधिक है। कृषि विभाग का कहना है कि इस समय मौसम परिवर्तनशील है। इस दौरान बीच-बीच में हवा चलने की संभावना है। ऐसे में सभी फसलों, सब्जियों व फलदार पौधों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। अनुकूल मौसम बने रहने की संभावना को को ध्यान में रखते हुए गेहूं, चने व सरसों की फसलों व सब्जियों में कीटों व रोगों की निगरानी करते रहें।

# हिमाचल में फिर बदलेगा मौसम, बारिश-बर्फबारी का अनुमान



शिमला। हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर से मौसम के बदलने वाला है। मौसम विभाग ने मैदानी इलाकों को छोड़कर मध्य और उच्च पर्वतीय जिलों में बारिश-बर्फबारी का अनुमान जताया है। विभाग ने मध्य पर्वतीय जिलों शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू और चंबा में तीन और छह मार्च को अंधड़ और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट भी जारी किया है। वहीं, उच्च पर्वतीय जिलों किन्नौर और लाहौल-स्पीति में 3 से 8 मार्च तक बर्फबारी का पूवार्नुमान है। इसके अलावा मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा में छह और सात मार्च बारिश और अंधड़ के आसार हैं। इसके बीच भी अटल टनल रोहतांग को एक बार फिर पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। मनाली प्रशासन ने पर्यटन स्थल गुलाबा को भी पर्यटकों के लिए बहाल कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को यहां टूरिस्ट पहुंचे और बर्फ के बीच मस्ती की। हालांकि, टनल से वाहनों की आवजाही मौसम पर निर्भर रहेगी। एसडीएम मनाली रमन घरसंगी ने कहा कि अटल टनल रोहतांग को सभी पर्यटकों के लिए बहाल कर दिया गया है। पर्यटकों की आवाजाही मौसम की परिस्थितियों पर निर्भर रहेगी। सोलंगनाला से टनल के मध्य एक स्थान पर हल्का हिमस्खलन आ गया था। बीआरओं ने मार्ग बहाल कर दिया था। सोलंग बैरियर पर तैनात पुलिस जवानों को भी आदेश दिया गया है कि पर्यटकों को बैरियर से आगे मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए ही जाने की अनुमति दी जाएगी।

# एमसीएम में जीरो डिस्क्रिमिनेशन डे का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। दुनिया भर में व्याप्त विषमताओं की समाप्ति के लिए त्वरित प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डालने के लिए दृष्टिकोण से मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वुमन के डिपार्टमेंट ऑफ फिलॉसोफी ने जीरो डिस्क्रिमिनेशन डे का आयोजन किया।

इस आयोजन में 'शून्य भेदभाव' विषय पर स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति में परिवार और समाज की संरचना में विभिन्न स्तरों पर प्रचलित सभी प्रकार के भेदभावों को समाप्त करने के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु समाधान प्रस्तुत किये।

दोनों गतिविधियों में प्रतिभागियों ने हमारे समाज में मौजूद असमानताओं से लड़कर एक समान दुनिया बनाने हेतु अपने विचार एवं सुझाव भी दिए।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने न्यायपूर्ण समाज बनाने के लिए वर्ग, जाति, धर्म और लिंग भेदभाव को समाप्त करने के लिए सकारात्मक उपायों के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें सभी को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# इस वर्ष भी सीधे भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से होगी गेहूं की खरीद : राजेंद्र गर्ग

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों से गेहूं की खरीद सीधे तौर पर भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से की जाएगी। इस वर्ष पांच मंडियों- जलग्रां, कांगर, पांवटा साहिब, काला अम्ब और फतेहपुर के अलावा अन्य स्थानों पर मंडिया खोली जाएंगी जिसमें घुमारवीं भी शामिल है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री राजेन्द्र गर्ग की अध्यक्षता में गेहूं खरीद के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर भारतीय खाद्य निगम के साथ आयोजित बैठक में यह तय किया गया। बैठक में किसानों की आय को दोगुनी करने के लक्ष्य के मद्देनजर और अधिक किसानों से 6600 मीटर टन गेहूं की खरीद 1975 रुपये प्रति क्विंटल की दर से करने का निर्णय लिया गया।

राजेंद्र गर्ग ने किसानों से आग्रह किया है कि वह गुणवत्तायुक्त गेहूं को अधिक से अधिक मात्रा में खोली जाने वाली मंडियों में लाएं। उन्होंने पिछले वर्ष 800 मीटर टन की अपेक्षा 3128 मीटर टन गेहूं की खरीद करने के लिए भारतीय खाद्य निगम की प्रशंसा की।

मंत्री ने जानकारी दी गई कि कोविड महामारी के दौरान विभाग ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 6.70 लाख से अधिक एनएफएसए परिवारों को अप्रैल, 2020 से नवम्बर, 2020 तक पांच किलो खाद्यान्न प्रति व्यक्ति तथा एक किलो काला चना प्रति परिवार मुफ्त में वितरित किया। इसी प्रकार, प्रदेश में फंसे हुए प्रवासी मजदूरों को मई व जून, 2020 में पांच किलो खाद्यान्न प्रति व्यक्ति तथा एक किलो काला चना प्रति परिवार मुफ्त में वितरित किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को तीन मुफ्त रिफिल उपलब्ध करवाए गए। उन्होंने कोविड के दौरान विभाग के कार्यों की सराहना की और निर्देश दिए गए कि भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर कार्य जारी रहे।

अतिरिक्त मुख्य सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मनोज कुमार, निदेशक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले आबिद हुसैन सहित प्रबन्ध निदेशक राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित, निदेशक कृषि, महा प्रबन्धक, भारतीय खाद्य निगम तथा विभाग के अन्य अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया।

## कैलिफोर्निया वॉलनट्स दुनिया भर में

# पावर ऑफ 3-इवेंट्स के कॉर्डिनेशन के साथ 3 मार्च को ग्लोबल मार्केटिंग से संबंधित पहल करेगा

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। कैलिफोर्निया वॉलनट कमिशन ने आज दूसरी सालाना 'पावर ऑफ 3 ग्लोबल' मार्केटिंग कैंपेन की घोषणा की, जिसकी बुनियाद 2020 की सफल कैंपेन पर टिकी है। 'पावर ऑफ 3' कैंपेन 3 मार्च को लॉन्च की जाएगी। इसके तहत पहली बार ग्लोबल इवेंट का जश्न अमेरिका, जर्मनी, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, स्पेन, तुर्की, ब्रिटेन और मध्यपूर्व में मनाया जाएगा। इस कैंपेन में दिखाया जाएगा कि किस तरह लोग रोजाना मुट्ठी भर अखरोट खाना पसंद करते हैं।

### द पावर ऑफ 3

1. वर्ष के तीसरे महीने मार्च में लॉन्च होगी।

2. इस बात पर जोर दिया गया है कि अखरोटों में अनिवार्य रूप से पौधों पर आधारित ओमेगा-3 एलए तत्व मौजूद है। (28 ग्राम अखरोट में 2.5 ग्राम एएलए होता है)

3, इस कैंपेन के तहत संपूर्ण रूप से पोषण को सुधारने के साधारण तरीके के रूप में रोज एक मुटठी अखरोट खाने का प्रोत्साहन दिया जाएगा।

यह कैंपेन लोगों को अपने साथ जोड़ने वाले मनोरंजक अंदाज में तैयार की गई है। इस अभियान की बुनियाद कैलिफोर्निया अखरोट से हासिल होने वाले इस प्रमुख लाभ पर टिकी है कि यह एकमात्र ऐसा ड्राईफूट है जो पौधों पर आधारित ओमेगा-3 एएलए का प्रमुख स्रोत है। (28 ग्राम अखरोट में 2.5 ग्राम एएलए होता है)। एएलए मानव शरीर के लिए अनिवार्य पोषक तत्व है, जिसे भोजन के माध्यम से हासिल किया जाता है। यह दिल की सेहत के साथ दिमाग की चुस्ती-फुर्ती और हेल्दी एजिंग के लिए जरूरी है। 28 ग्राम अखरोट रोजाना खाने से पौधे पर आधारित 4 ग्राम प्रोटीन और 2 ग्राम फाइबर मिलता है। यह मैग्नीशियम का भी अच्छा स्रोत है। अखरोट विटामिन बी-6 का भी अच्छा स्रोत है। 28 ग्राम अखरोट में 0.2 मिलीग्राम विटामिन बी 6 मिलता है। यह कॉपर और मैंगनीज का बेहतरीन स्त्रोत है। 28 ग्राम अखरोट से शरीर को 0.45 मिलिग्राम कॉपर और 0.1 मिलीग्राम मैंगनीज मिलता है। यह सभी तत्व मिलकर शरीर के इम्यून सिस्टम (रोग प्रतिरोधक क्षमता) की सामान्य कार्यप्रणाली बनाए रखने में योगदान देते हैं। कैलिफोर्निया वॉलनट कमीशन की सीनियर मार्केटिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल पामेला ग्रैविएट ने कहा कि, 'पिछले साल दुनिया भर में पावर ऑफ 3 कैंपेन के लिए जबर्दस्त उत्साह देखा गया था। हम 2021 में इसे बड़े पैमाने पर वापस लाकर काफी उत्साहित हैं। यह कैंपेन उपभोक्ताओं को यह याद दिलाता है कि किस तरह हम मुट्ठी भर अखरोटों को अपने भोजन में शामिल कर अपनी ओवरऑल डाइट को सुधार सकते हैं।' इस कैंपेन में कई कम्युनिकेशन टूल्स का प्रयोग किया जाएगा, जिसमें एक विडियो भी शामिल है। यह कैंपेन का प्रमुख हिस्सा है। इसे सभी बाजारों में इस्तेमाल किया जाएगा। उपभोक्ताओं को प्रेरणा देने के लिए हर देश में प्रभावशाली हस्तियों की रेसिपी को पूरी दुनिया में शेयर किया जाएगा। इसके



अलावा इस कैंपेन में शामिल दूसरे तत्वों का प्रयोग अलग-अलग मार्केट में अलग-अलग ढंग से किया जाएगा। लोगों को जागरूक करने के लिए इन तत्वों में सोशल मीडिया, ब्लॉग पोस्ट, इनामी प्रतियोगिता, प्रभावशाली हस्तियों के कार्यक्रम, रेसिपी बनाने की ट्रिक और टिप्स, इनस्टोर प्रमोशन और विज्ञापन जैसे कई तरीके प्रयोग किए जाएंगे कि मुट्ठी भर कैलिफोर्निया अखरोट को रोजाना खाने से आप अपने भोजन की ताकत को कई गुना बढ़ा सकते हैं।

# सोलन में ट्रक के पिछले टायरों में घुसकर युवक की दर्दनाक मौत

**सोलन।** सोलन जिले में हिमाचल-हरियाणा सीमा पर एक प्रवासी व्यक्ति ने ट्रक से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह पूरी घटना आस पास दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सीसीसटीवी में देखा जा रहा है कि एक ट्रक सड़क से गुजर रहा था तो पीछे से एक युवक भागा-भागा आया और ट्रक के पिछले टायरों में घुस जाता है। चालक को जब तक पता चलता है तो उतने में टायर सिर के ऊपर से गुजर जाते हैं और युवक की मौके पर ही मौत हो जाती है। सीसीटीवी के अनुसार, पहले एक महिला अपने एक बच्चे को स्कूल के लिए ले जाती हुई दिखाई दे रही है। पीछे से एक ट्रक धीरे-धीरे आ रहा है।

# हिमाचल प्रदेश में कोरोना के 23 और नए केस

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बीते चौबीस घंटे में कोरोना के 23 नए केस रिपोर्ट हुए हैं। धर्मशाला में एक बौद्ध मठ में कोरोना के एक साथ 100 मामले आने पर प्रदेश में हड़कंप मच गया था। हाल ही में शिमला में प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी के नर्सिंग हॉस्टल में एक साथ 15 कोरोना पॉजिटव केस आने से भी दहशत फैल रही है। इस बीच प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजीव सहजल ने कहा कि घबराने की नहीं एतियात बरतने की जरूरत है। धर्मशाला के ग्यासो बौद्ध मठ आए मामलों पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वहां पर 330 लोगों के टेस्ट लिए गए थे, जिनमें 154 पॉजिटव केस आए हैं। उनमें से केवल एक व्यक्ति की हालत गंभीर थी, जिसे टांडा अस्पताल में भर्ती किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि तिब्बती समुदाय के लोगों का नए साल का लोसर उत्सव चल रहा था, जिसमें बाहर से कुछ लोग आए थे, उससे संक्रमण फैला है। उन्होंने कहा कि बौद्ध मठ में सभी लोग एक साथ रहते हैं। खाने से लेकर पूजा भी एक साथ होती है। साथ ही कहा कि उस पूरे क्षेत्र को कोविड प्रोटोकॉल के तहत कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हिमाचल में कोरोना पर लगभग विजय पा ली है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि एतियात नहीं बरतनी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना न भूलें, नियमों की पालना करें। जब तक केस शून्य नहीं हो जाते तब तक हर तरह की सावधानी बरतनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिती को देखते हुए लॉकडॉउन की स्थिती नहीं आएगी। जनता ऐतियात बरतेगी तो जल्द ही कोरोना काबू में आ जाएगा। प्रदेश में 23 नए मामले सामने आए हैं और 20 लोग ठीक हुए हैं। हिमाचल में एक्टिव केसों की संख्या 437 है और मौत का आंकड़ा 983 पहुंचा है।

# जगुआर लैंड रोवर के रिटेलर नेटवर्क ने भारत में ऑल-इलेक्ट्रिक जगुआर आई-पेस के लॉन्च के लिए पूरी तैयारी की

» मदरलैंड संवाददाता

करनाल। जगुआर लैंड रोवर इंडिया ने आज 23 मार्च 2021 को अपनी पहली ऑल-इलेक्ट्रिक परफॉर्मेंस एसयूवी जगुआर आई-पेस का स्वागत करने के लिए अपने रिटेलर नेटवर्क के पूरी तरह से तैयार होने की घोषणा की है। 19 शहरों में 22 रिटेल आउटलेट्स अब बुनियादी ढांचे, बिक्री और ब्रिकी-पश्चात सहयोग के संदर्भ में ईवी के लिये तैयार हैं। जगुआर लैंड रोवर का मौजूदा रिटेलर चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर देश में मेट्रो शहरों और प्रमुख शहरी केन्द्रों को कवर करता है। जगुआर लैंड रोवर ने रिटेलर स्टाफ को ईवी पर गहन और समर्पित कोर्सेस के साथ प्रशिक्षित किया है, ताकि वे ग्राहकों की सभी जरूरतें पूरी कर सकें और उनके सवालों का समाधान कर सकें।

जगुआर लैंड रोवर इंडिया के प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रोहित सूरी ने कहा, 'इलेक्ट्रिक वाहन न केवल परिवहन का नया समाधान होंगे, बल्कि उन्हें खरीदना भी स्वामित्व का एक नया अनुभव होगा। हम इस बात को समझते हैं और हमने यह सुनिश्चित करने के लिये अपने रिटेलर्स के साथ लगातार काम किया है कि ईवी का मालिक बनना हमारे ग्राहकों के लिये सचमुच एक बाधारहित अनुभव बने।



फिलहाल भारत में रिटेलर सुविधाओं पर 35 से ज्यादा ईवी चार्जर्स इंस्टॉल किये गये हैं और बाकी पर काम चल रहा है। इसके अलावा, जगुआर लैंड रोवर के ग्राहक टाटा पावर के ईजेड चार्ज नेटवर्क का इस्तेमाल कर अपनी जगुआर आई-पेस को चार्ज कर सकेंगे, जिसके देश में 200 से ज्यादा चार्जिंग पॉइंट्स हैं। यह चार्जिंग पॉइंट्स सुविधाजनक जगहों पर मौजूद हैं, जैसे मॉल्स, रेस्टोरेंट्स, कार्यालय, आवासीय परिसर और हाइवेज। यह चार्जिंग विकल्प उन होम चार्जिंग सॉल्यूशंस के अलावा हैं, जिसे एक घरेलू चार्जिंग केबल और एक 7.4 केडब्ल्यू एसी वॉल माउंटेड चार्जर द्वारा जगुआर आई-पेस के साथ एक मानक के रूप में प्रदान किया जाएगा।

भारत में जगुआर का उत्पाद पोर्टफोलियो भारत में जगुआर रेंज में एक्सई (46.64 लाख रुपए से शुरू), एक्सएफ (55.67 लाख रुपए से शुरू), एफ-पेस (66.07 लाख रुपए से शुरू), और एफ-टाइप (95.12 लाख रुपए से शुरू। सभी उल्लेखित कीमतें भारत में एक्स-शोरूम की कीमतें हैं। भारत में जगुआर लैंड रोवर रिटेलर नेटवर्क जगुआर लैंड रोवर के वाहन 28 अधिकृत आउटलेट्स के माध्यम से 24 शहरों में अहमदाबाद, औरंगाबाद, बेंगलुरू(3), भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली(2), गुड़गांव, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, कोच्चि, करनाल, लखनऊ, लुधियाना, मंगलौर, मुंबई (2), नोएडा, पुणे, रायपुर, सूरत और विजयवाड़ा में उपलब्ध हैं।

# आईआईएफएल फाईनेंस के एनसीडी इश्यू प्रतिवर्ष 10.03 प्रतिशत ब्याज प्रस्तुत कर रहे हैं

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस व्यवसाय की वृद्धि एवं पूंजी के विस्तार के लिए 1000 करोड़ रु. एकत्रित करने के उद्देश्य से 03 मार्च, 2021 को बॉन्ड्स का पब्लिक इश्यू जारी करेगा। ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.03 प्रतिशत का रिटर्न प्रस्तुत करेंगे।

फेयरफैक्स एवं सीडीसी ग्रुप द्वारा समर्थित आईआईएफएल फाईनेंस 100 करोड़ रु. के आधार के साथ अनसिक्योर्ड रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) जारी करेगा और 900 करोड़ रु. तक का ओवर-सब्सक्रिप्शन रिटेन करने के लिए ग्रीन-शू विकल्प प्रस्तुत करेगा (कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रु. हो जाएंगे)। आईआईएफएल बॉन्ड 87 महीनों की अवधि के लिए 10.03 प्रतिशत प्रतिवर्ष का सर्वाधिक रिटर्न प्रस्तुत करते हैं। यह



एनसीडी मासिक, वार्षिक एवं परिपक्वता पर, तीन विकल्पों में उपलब्ध है।

मौजूदा परिदृश्य में, आईआईएफएल फाईनेंस बॉन्ड्स द्वारा प्रस्तुत की जा रही ब्याज दर अन्य ऋण उत्पादों की तुलना में बहुत आकर्षक है। लिक्विड फंड औसतन 2.8 प्रतिशत-3 प्रतिशत का औसत कुल रिटर्न देते हैं, अल्ट्रा शॉर्ट टर्म फंड लगभग 3 से 3.5 प्रतिशत का औसत कुल रिटर्न देते हैं, शॉर्ट टर्म फंड 4 से 4.25 प्रतिशत का औसत कुल रिटर्न देते हैं, जबकि बैंक मौजूदा समय में 3 साल के फिक्स्ड डिपॉजिट पर लगभग 5.1 प्रतिशत का रिटर्न दे रहे हैं।

राजेशरजाक, सीएफओ, आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा, ह्यह्यभारत में 2500 शाखाओं कीमजबूतपहुंचएवंएकविस्तृतडाईवर्सिफाईड रिटेल पोर्टफोलियो के साथ आईआईएफएल फाईनेंस सेवाओं से वंचित लोगों की क्रेडिट की जरूरत को पूरा करता है।

एकत्रित किए गए फंड्स का उपयोग इस तरह के और ज्यादा ग्राहकों की क्रेडिट की जरूरत को पूरा करने और हमारे डिजिटल प्रोसेस ट्रांसफॉर्मेशन को गति देने के लिए किया जाएगा, ताकि एक सुगम अनुभव का निर्माण हो। उन्होंने कहा, ह्यह्यआईआईएफएल का 25 सालों से ज्यादा समय का बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड रहा है और सभी बॉन्ड इश्यू एवं डेब्ट के दायित्व सदैव समय पर पूरे किए गए हैं।

आईआईएफएल फाईनेंस भारत की सबसे बड़ी रिटेल-केंद्रित फाईनेंशल सर्विसेस कंपनियों में से एक है। आईआईएफएल फाईनेंस के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट 42,264 करोड़ रु. हैं।

इसकी 90 प्रतिशत बुक रिटेल है, जो छोटे टिकट लोन पर केंद्रित है। आईआईएफएल फाईनेंस का सकल एनपीए 1.61 प्रतिशत और कुल एनपीए 0.77 प्रतिशत है। दिसंबर, 2020 के अंत में कुल कैपिटल एडिक्वेसी अनुपात (सीएआर) 21.4 प्रतिशत था, टियर 1 कैपिटल 18 प्रतिशत थी, जबकि इसके लिए वैधानिक जरूरत क्रमशः 15 प्रतिशत और 10 प्रतिशत है। वित्तवर्ष21 की तीसरी तिमाही में आईआईएफएल फाईनेंस ने 268 करोड़ रु. का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स दर्ज किया, जो 18.4 प्रतिशत की ईक्विटी पर मजबूत रिटर्न के साथ साल में 47 प्रतिशत ज्यादा था। इसके विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ मजबूत संबंध हैं।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# 'अभिव्यक्ति' को सलाखें नहीं 'आजादी' चाहिए?

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने जलवायु एक्टिविस्ट दिशा रवि को एक लाख के निजी मुचलके पर चर्चित 'टूलकिट' मामले में तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस खुद कटघरे में खड़ी हो गई है। सवाल उठता है कि क्या सरकार के खिलाफ बोलना, लिखना देशद्रोह है। वास्तव में अगर ऐसा है तो यह उन्मुक्त लोकतंत्र की अंतिम सांस है। अदालत की तरफ से जो तीखी टिप्पणी की गई है उसका साफ संदेश भी तो यही है। अदालत की तरफ से यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को किस तरह बाधित ना होने दिया जाए। सरकार से असहमति का यह मतलब देशद्रोह नहीं होता है। अपनी बातों को समझाने के लिए अदालत ने ऋग्वेद का भी उदाहरण दिया है। जमानत आम आदमी का अधिकार भी है अगर उसने कोई बड़ा जुर्म नहीं किया है। इस मामले में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। हालांकि अदालत ने साफ तौर पर कह दिया है कि टूलकिट में हिंसा फैलाने के की कोई बात नहीं है। इससे साफ जाहिर होता है कि दिशा रवि और दूसरे लोग भविष्य में देशद्रोह के आरोप से मुक्त हो सकते हैं पटियाला हाउसकोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि किसी भी देश के नागरिक देश को दिशा देने वाले होते हैं। उन्हें सिर्फ इसलिए जेल नहीं भेजा जा सकता है कि वह सरकार की नीतियों से सहमत हैं। सरकार से असहमति और नीतियों का विरोध लोकतंत्र को और पारदर्शी एवं स्वस्थ्य बनाता है। नागरिकों की आलोचनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सरकारें अपनी कार्यप्रणाली और करतब में विशेष सुधार ला सकती हैं। देश में सजग नागरिक मजबूत राष्ट्रवाद का द्योतक है। सरकार की हां में हां मिलाने वाले लोगों से भले इस तरह के सजग नागरिक हैं। अदालत की तरफ से ऋगवेद का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि अलग-अलग विचारों को रखना हमारी सभ्यता और मजबूत लोकतंत्र का आधार है। किसी भी मुद्दे पर सरकार से असहमति सामान्य सी बात है। हमें इस तरह के विचारों से कोई असहमति नहीं होनी चाहिए। जबकि दिल्ली पुलिस ने दिशा रवि की जमानत का विरोध किया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और टूलकिट को एडिट किया। पुलिस की दलील को अदालत में अमान्य कर दिया और कहा कि व्हाट्सएप ग्रुप बनाना कोई राष्ट्र दोष नहीं होता है। अदालत ने कहा कि दिशा रवि की तरफ से की गई गतिविधियों का कोई ऐसा लिंक भी नहीं मिला है जो देशद्रोह की श्रेणी में आता हो, जिसके आधार पर उसे जमानत न दी जाए। अदालत की तरफ से की गई तल्ख टिप्पणियों का संज्ञान हमें लेना चाहिए। बेवजह किसी भी नागरिक को परेशान नहीं करना चाहिए।अभिव्यक्ति की आजादी बनाए रखना भी स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा और सरकारों का दायित्व भी है। टूलकिट मामले में दिशा रवि और दूसरे लोगों को अदालत से राहत भले मिल गईं हो लेकिन दिल्ली के लाल किले पर 26 जनवरी को जो कुछ हुआ वास्तव में इसे हम उचित नहीं ठहरा सकते हैं। दिल्ली पुलिस की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं उससे तो यहीं लगता है कि पंजाब में खालिस्तान से जुड़े लोग एक बार फिर आतंकवाद की नई कोपलें उगाना चाहते हैं। किसान आंदोलन की आड़ में अपनी साजिश को कामयाब करना चाहते हैं। देश में 'टूलकिट' पर राजनीतिक सरगर्मियां भी खूब हुई। दिशा रवि और अन्य की गिरफ्तारी को लेकर सत्ता के खिलाफ विपक्ष लामबंद भी हुआ। लेकिन दिल्ली पुलिस की प्राथमिक जांच में जो तथ्य सामने आए उससे तो यही साबित होता है कि कनाडा में बैठे खालिस्तान संगठन और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मिल कर इस साजिश को अंजाम दिया। हालांकि अभी जांच की प्रक्रिया लम्बी चलेगी लेकिन दिशा और अन्य की जमानत के बाद दिल्ली पुलिस को झटका लगा है उसकी पारदर्शिता भी बेनकाब हुई है। उसका उत्साह भी कमजोर पड़ सकता है। 'टूलकिट' एक गूगल दास्तावेज है जिसे अपनी सुविधा के अनुसार एडिट किया जा सकता है। सोशलमिडिया पर यह किट अपने संगठन से जुड़े लोगों के बीच वायरल की जाती है। इस 'टूलकिट' में सारी बातें बिस्तार से लिखी होती हैं, जिसमें आंदोलन को कैसे तेज करना है। किन लोगों को जोड़ना है। जिसके पास अधिक फॉलोवर होते हैं उसे वरीयता के आधार पर जोड़ा जाता है। इसमें सारी बातें लिखित होती हैं। अदालत की तरफ से 'टूलकिट' मामले में दिशा रवि और दूसरे लोगों को जमानत भले मिल गईं हो लेकिन यह मामला देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। दिल्ली पुलिस की जांच में अब तक जितने लोगों के नाम आए हैं उनमें अधिकांश पर्यावरणविद और जलवायु एक्टिवस्ट हैं। सभी युवा और ग्लोबल स्तर पर चर्चित चेहरे हैं। लेकिन इसमें खालिस्तान संगठन की भूमिका भी उभर कर आयीं है। ग्रेटा और तमाम विदेशी चेहरे भी बेनकाब हुए हैं। सवाल उठता है कि 'टूल किट' का उपयोग कर देश और विदेश में बैठे लोग किसान आंदोलन को भड़काने का काम क्यों किया। मैं यह मानता हूँ कि किसी मसले पर सरकार से असहमति रखना देशद्रोह नहीं हो सकता है। लेकिन जब देश में किसान आंदोलन चल रहा हो उस दशा में विदेशी लोगों से मिल कर टूलकिट को वायरल करना क्या गलत कार्य नहीं है। ग्रेटा थनबर्ग और दिशा के बीच हुए चैट खुद इसकी गवाही देते हैं। दिशा ने खुद पर शिकंजा कसने की बात चैट में कहा था। देशद्रोह के नाम पर किसी को बेवजह परेशान नहीं किया चाहिए। लेकिन सच्चाई भी देश आनी चाहिए।

**प्रभुनाथ शुक्ल**



## संपादकीय



## विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदार्थ के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं। जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया। इस दृष्टि से उसमें संशोधन व परिवर्तन की अपेक्षा अनुभव हुई। अणुव्रत उसी आवश्यकता का आविष्कार है। यदि धर्म एक समस्या बनकर सामने नहीं आता तो उसे अणुव्रत के रूप में प्रस्तुति देने का कोई अर्थ ही नहीं था। अणुव्रत धर्म के साथ विवेक की अपरिहार्यता पर बल देता है। आगम की भाषा में विवेक ही धर्म है।

# सत्ता का विभाजनकारी एजेण्डा
## अर्थात आग से खेलने का प्रयास

केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों का विरोध अब आंदोलन के साथ साथ सत्ता व किसानों के बीच हिंसक टकराव की ओर बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों मुज़फ़्फ़रनगर के लिसाड़ और भैंसवाल गांव में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान का जबरदस्त विरोध व उनके विरुद्ध हुई नारेबाजी और बाद में सोरम गांव में हुई हिंसक घटना तो कम से कम इसी तरफ इशारा कर रही हैं। गौर तलब है कि भाजपा आला कमान द्वारा दिल्ली,पश्चिमी उत्तर प्रदेश,हरियाणा,पंजाब व राजस्थान के जाट समुदाय से संबंध रखने वाले अपनी पार्टी के नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी थी कि वे अपने समुदाय की खाप पंचायतों के प्रमुखों व जाट समुदाय के किसानों के बीच जाकर उन्हें केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों से होने वाले कथित फायदे के बारे में जाकर बतायें। केंद्र सरकार की इसी मंशा के तहत स्वयं को जाट समुदाय का नेता समझने वाले केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने मुज़फ़्फ़रनगर व शामली में उपरोक्त गांव का दौरा किया था। इनमें कुछ गांव में तो ट्रैक्टर ट्रॉली का अवरोधक बनाकर ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री का रास्ता रोका तो किसी गांव में उनको यह कहकर वापस कर दिया गया कि पहले मंत्री पद व भाजपा से त्याग पत्र दें फिर किसानों के धरने में शामिल होने के बाद ही अपने विचार रखें। जबकि इन्हीं गांव में लोग यह कहते भी सुने गए कि मंत्री जी को कृषि कानूनों के बारे में जो कुछ भी कहना या समझाना है वह दिल्ली में धरने पर बैठे हमारे (किसान ) नेताओं को ही समझायें। कई खाप प्रमुखों ने तो मंत्री जी से मिलना भी मुनासिब नहीं समझा। बहरहाल लिसाड़ और भैंसवाल गांव में हुए विरोध व अपने ह्यमुदार्बादह्न व ह्यवापस जाओह्न के नारों से जब संजीव बालियान के अहम को ठेस पहुंची तो अगले ही दिन सोरम गांव में हो रहे एक तेरहवीं के आयोजन में वे अपने साथ कुछ बाहुबली समर्थक लेकर पहुंच गए। यहां किसानों ने जब




बालियान का विरोध किया तो उनके समर्थकों ने लाठियां चला दीं जिससे कई लोग घायल भी हो गए। औरतों तक से बदसुलूकी किये जाने के समाचार हैं। इस घटना ने जलती आग में घी डालने का काम किया। ठीक उसी तरह जैसे गाजीपुर बार्डर पर एक भाजपाई विधायक के नेतृत्व में किसानों पर हुए हमले के बाद किसान आंदोलन और अधिक मजबूत होता नजर आया था । इस घटनाक्रम में एक बात तो साफ नजर आई कि भाजपा के रणनीतिकारों ने जाट नेताओं को सरकार का पक्ष रखने की जिम्मेदारी देकर एक बार फिर किसान आंदोलन को जातीय रंग देने की कोशिश की जबकि ठीक इसके विपरीत किसानों का यह कहना था कि वे पहले किसान हैं उसके बाद जाट,दलित या हिन्दू अथवा मुसलमान। किसानों के इस विरोध तथा सरकार की असफल कोशिशों से स्पष्ट हो गया कि जहां इस आंदोलन को कमजोर करने के लिए सरकार की विभाजनकारी नीतियां अभी भी जारी हैं वहीँ ऐसी हर कोशिशों के बाद किसान आंदोलन बार बार और अधिक मजबूत होता जा रहा है। सिख आंदोलन,पंजाब के किसानों का आंदोलन,बड़े किसानों का आंदोलन,आढ़तियों व दलालों का आंदोलन,विदेशी फंडिंग से चलने वाला,नक्सली,अर्बन नक्सली आंदोलन,राजनैतिक दलों के बहकावे जाने वाला आंदोलन आदि सत्ता द्वारा आंदोलन पर लगाए जाने वाले टैग जब कामयाब नहीं हुए तो 26 जनवरी की लाल किले की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की आड़ में इसे राष्ट्रविरोधी आंदोलन बताने व उसके बहाने सिख समुदाय के विरुद्ध लोगों में क्रोध पैदा करने की भी मीडिया के सहयोग से साजिश गयी मगर सत्ता प्रतिष्ठान को इसमें भी कोई सफलता नहीं मिली। हां किसान आंदोलन में जाट समुदाय के लोगों को समझाने की सरकार की कोशिश के जवाब में किसानों ने भी 1907 में ब्रिटिश सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों के विरोध में शहीद भगत सिंह के चाचा सरदार अजीत सिंह के नेतृत्व में ह्यपगड़ी संभाल जट्टां ह्य नामक चलाई गई उस मुहिम को एक बार फिर से जरूर याद किया जिसने अंग्रेज हुकूमत को उस समय भारतीय किसानों पर थोपे जा रहे कानूनों को वापस लेने मजबूर कर दिया था। जहां तक जाट नेताओं को मैदान में उतार कर जाट समुदाय के किसानों को समझने का प्रश्न है तो भाजपा में ही हरियाणा के सबसे प्रमुख जाट नेता तथा सर छोटू राम के परिवार के सदस्य चौधरी वीरेंद्र सिंह को सरकार क्यों नहीं समझा सकी ? क्या वजह है कि भाजपा में होते हुए भी चौधरी वीरेंद्र सिंह किसानों के पक्ष में आ खड़े हुए। इसी तरह हरसिमरत कौर न केवल किसानों के आंदोलन का समर्थन कर रही हैं बल्कि केंद्रीय मंत्रिमंडल से उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। इस तरह भाजपा के ही कई नेता किसानों के पक्ष में अपनी आवाज कहीं खुलकर तो कहीं दबे स्वर में उठाते रहे हैं। परन्तु सरकार को किसानों के हितों के बजाय शायद उनका हित सर्वोपरि नजर आ रहा है जिन्हें इन कानूनों का वास्तव में लाभ पहुंचना है। मोदी सरकार भले ही बहुमत में जरूर है परन्तु किसान आंदोलन से निपटने के जो तरीके सरकार ने अपनाये हैं वह सभी दांव सरकार पर उलटे पड़ते जा रहे हैं।सरकार किसानों को जितना ही विभाजित करना चाहती है किसानों की एकता उतनी ही सुदृढ़ होती जा रही है।यहाँ तक कि किसान सत्ता की ओर से की जा रही ऐसी सभी कोशिशों को अब अपने विरुद्ध अपनाए जा रहे ह्यहथकंडोंह्न के रूप में देखने लगे हैं। यहां तक कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सांप्रदायिक उन्माद फैला कर वोट बटोरने और दंगे में अग्रणी रहे लोगों को चुनाव मैदान में उतरने व उन्हें मंत्री बनाकर ह्यसम्मानितह्न करने जैसे सभी हथकंडे अब किसानों के समक्ष बेनकाब हो चुके हैं। किसानों की विभिन्न पंचायतों में भी इस विषय पर किसानों का दर्द छलक चुका है और उन्हें अपनी गलतियों का एहसास भी हो रहा है। परन्तु सरकार जिसे देश में आपसी एकता व सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए वह किसान आंदोलन को तोड़ने के लिए बार बार विभाजनकारी एजेंडा चला रही है। इसी तरह पिछले दिनों 21 वर्षीय पर्यावरण कार्यकर्त्ता दिशा रवि को एक टूल किट मामले में यह कहकर गिरफ़्तार किया गया कि वह किसान आंदोलन में चल रही विदेशी साजिश की हिस्सेदार है। मगर दिल्ली की एक अदालत ने दिशा रवि को जमानत देते हुए साफ कहा कि ह्यटूल किट में कहीं भी हिंसा का आवाह्न नहीं किया गया और इसमें देशद्रोह जैसी कोई बात सामने नहीं आईह्न।अदालत ने यह भी कहा कि ह्यदिशा के अलगाववादी विचारों से जुड़ने के भी कोई सुबूत नहींह्न। बल्कि अदालत ने अपनी इस टिपण्णी से सत्ता को भी आईना दिखाया कि ह्यएक उदासीन और बेहद विनम्र जनता के मुकाबले जागरूक और मुखर जनता एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र का संकेत है। और भारतीय सभ्यता अलग अलग विचारों की कभी विरोधी नहीं रहीह्न। ऐसे में सरकार को अब भी अपनी ऑखें खोलनी चाहिये और यह समझना चाहिये कि किसान आंदोलन के विरुद्ध चलाया जाने वाला इस तरह का विभाजनकारी एजेण्डा समाधान का नहीं बल्कि सत्ता का आग से खेलने का प्रयास ही कहा जा सकता है।

**निर्मल रानी**

# देश में एक बार फिर से कोरोना के सक्रिय मामलों में तेजी आने लगी है

देश में एक बार फिर से कोरोना के सक्रिय मामलों में तेजी आने लगी है। बीते सात दिनों से देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केस में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इससे कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज हुई है। इससे एक बार फिर से कोरोना से लोगों को डर लगने लगा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केस फिर से बढ़े हैं। इसके साथ ही बीते 24 घंटों में एक बार फिर से 14 हजार नए मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में अचानक कोरोना वायरस के मामलों में उछाल देखने को मिला है। इस वजह से महाराष्ट्र में एक बार फिर से लॉकडाउन की वापसी हुई है। बीते एक दिन में महाराष्ट्र में करीब सात हजार नए मामले सामने आए हैं, जिससे सरकार की चिंता बढ़ गई है। महाराष्ट्र में रविवार को कोरोना मामलों की संख्या 7,000 को छू गई और अकेले मुंबई में ये 1,000 के करीब पहुंच गई।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे जी ने कहा कि अगले आठ दिन तय करेंगे कि क्या राज्य में लॉकडाउन लगाना पड़ेगा। बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य के अमरावती जिले में एक हफ्ते के लिए लॉकडाउन लगा दिया गया है। पुणो में भी स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थान को बंद करने का आदेश दिया गया है। दरअसल कोरोना वायरस के महाराष्ट्र में नए मामलों की तेजी से बढ़ती रफ्तार डराने वाले और निराश जनक हैं । जब सारे देश में पहले की तुलना में कोरोना संक्रमित लोगों के मामले घट रहे हैं, तब देश के अति महत्वपूर्ण राज्य महाराष्ट्र में तेजी से नए केस सामने आना गंभीर नकारात्मक संकेतों की तरफ इशारा कर रहा है । महाराष्ट्र सरकार के ढिलाई के चलते ही वहां पर कोरोना काबू में आने की बजाय तेजी से बढ़ रहा है ।राज्य सरकार की प्राथमिकताएं इस समय कोरोना पर केन्द्रित होनी चाहिए । महाराष्ट्र, केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब में कोरोना के बढ़ते मामले यही कह रहे हैं कि लापरवाही महंगी पड़ सकती है। अब भी सावधान रहने की जरूरत इसलिए है, क्योंकि सार्वजनिक यातायात के साधन उपलब्ध होने के साथ ही अन्य पाबंदियों से मुक्ति मिल चुकी है। जब इतने समय तक मास्क लगाने और सार्वजनिक स्थलों में शारीरिक दूरी बरतने के प्रति सावधानी दिखाई गई है तो फिर कुछ और दिन ऐसा करने में हर्ज नहीं। इसकी अनदेखी न की जाए कि कोरोना का कहर कम होने के बाद भी वह जानलेवा साबित हो रहा है और करीब सौ लोग प्रतिदिन अपनी जान गंवा रहे हैं। यदि हम महाराष्ट्र की राजधानी व देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की बात करे तो कुछ चौकाने वाले आंकडे सामने आ सकते हैं मेरे कुछ मित्र हाल ही में मुंबई में किसी काम से गए थे ।उन्होंने बताया कि मुंबई में मास्क पहने हुए लोग गिनती के ही दिखाई देते हैं । जुहू बीच पर मस्ती के लिए आने वाले सैकड़ों लोग न तो सामाजिक दूरी बना के चल रहे थे और न ही मास्क पहने थे ।तकरीबन ये ही स्थिति गेटवे ऑफ इंडिया में भी नजर आई ।हां, दोनों जगहों पर शायद ही कुछ अपवाद मिले हो । अब बताइये कि किया क्या जाए? महाराष्ट्र सरकार को तुरंत युद्ध स्तर पर कदम उठाने होंगे ताकि राज्य को कोरोना के कहर से बचाया जा सके । सबसे चिंता की बात तो यह है कि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि राज्य में कोरोना की एक बार फिर से नई लहर आने की आशंका है । राज्य में कोरोना वायरस से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 51,713 हो गई है ।जहां एक ओर देश की आर्थिक राजधानी में कोरोना के केस बढ़ते जा रहे हैं जबकि राजधानी दिल्ली.में कोरोना के केस की संख्या लगातार कम हो रही है ।अब जब मुंबई में कोरोना की स्थिति खराब होने लगी तो सरकार ने नई गाइडलाइन जारी कर दी । इसके तहत किसी इमारत में 5 से ज्यादा केस मिलने पर उसे सील कर दिया जाएगा, मास्क न पहनने वालों पर होगी सख्ती । काश, राज्य सरकार ने ये सारे कदम वक्त रहते हुए ही उठा लिए होते क्यूकि महाराष्ट्र और उसकी राजधानी मुंबई का बिल्कुल स्वस्थ और सक्रिय होना और रहना देश के लिए बेहद जरूरी है ।इसी राज्य में देश की चोटी की कंपनियों के मुख्यालय स्थित हैं ।यहां पर बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज हैं. फिल्म और शिपिंग उद्योग भी हैं । इतने महत्वपूर्ण राज्य का एक महामारी से निपट पाने में असफल रहना कोई अच्छी बात नहीं है । सारी दुनिया को पता है कि महाराष्ट्र भारत का शिखर औद्योगिक राज्य है । इसकी आर्थिक प्रगति ने देश की अर्थव्यवस्था को सदैव मजबूती प्रदान की है. नब्बे के दशक में शुरू हुए आर्थिक उदारीकरण का लाभ उठाते हुए महाराष्ट्र ने अपनी जीडीपी को मजबूत बनाया और वर्तमान में जीडीपी के हिसाब से महाराष्ट्र देश का सबसे अग्रणी राज्य है । महाराष्ट्र देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन रहा है । आज पाकिस्तान से बड़ी है महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था । महाराष्ट्र की जीडीपी का आकार पकिस्तान की जीडीपी से अधिक है । वर्ष 2015 की में पाकिस्तान की जीडीपी का आकार करीब 250 अरब डॉलर था, वहीं इस दौरान महाराष्ट्र की जीडीपी 295 अरब डॉलर के स्तर पर थी । न केवल पाकिस्तान बल्कि



मिस्त्र आदि अनेकों और दुनिया के 38 अन्य देशों की अर्थव्यवस्था से भी महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था बड़ी है ।टैक्स संग्रहण के मामले में भी महाराष्ट्र सबसे अव्वल है । कुल राजस्व प्राप्ति में 70 फीसदी हिस्सा कर का ही है. देश के कुल राजस्व का 40 फीसदी महाराष्ट्र से ही आता है जबकि औद्योगिक उत्पादन में महाराष्ट्र का योगदान 15 फीसदी है । एक तरफ कोरोना जैसी भयंकर महामरी पर विजय पाने की दिशा में भारत दुनिया को संजीवनी रूपी टीके दे रहा है, तो दूसरी तरफ भारत का एक खास राज्य कोरोना के शिकंजे में है । निश्चित रूप से भारत पूरे विश्व के लिए एक मिसाल बन चुका है । हमारे देश में बनी वैक्सीन दुनिया के कई देशों में जा रही है. इसलिए आज दुनिया के तमाम बड़े देश भारत के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं ।कोरोना की वैक्सीन ईजाद करके भारत ने सिद्ध कर दिया है कि मानव जाति की सेवा के लिए भारत सदैव आगे रहेगा । भारत में कोरोना के खिलाफ टीकाकरण की शुरूआत हो चुकी है । जबकि सिक्के का दूसरा पहलू महाराष्ट्र राज्य है. वहां पर कोरोना पर काबू पाना अब भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है ।इन हालातों में महाराष्ट्र में कब स्कूल-कॉलेज खुलेंगे. पिछले साल मार्च में लॉकडाउन के बाद देशभर के स्कूल बंद कर दिए गए थे, कोरोना की चेन को तोड़ने करने के लिए। अब साल पूरे होने को हैं. अब कोरोना का अपने उतार पर दिखाई देने लगा तो बिहार, दिल्ली, यू०पी०, उत्तराखंड, राजस्थान, उड़ीसा वगैरह राज्यों के स्कूल खुल गए हैं । जिंदगी पटरी पर वापस लौटने लगी है ।इन राज्यों में सुबह और शाम के समय हजारों बच्चे स्कूल आ जा रहे होते हैं. पर महाराष्ट्र को लेकर यह स्थिति दूर की संभावना सी ही लगती है । महाराष्ट्र सरकार से यह अपेक्षा है कि वह कोरोना पर काबू पाने के लिए केन्द्र सरकार की मदद लेगी । उसे केन्द्र सरकार से हमेशा दो-दो हाथ करने के मूड में तो हरगिज नहीं रहना चाहिए. राज्य सरकार उचित वक्त पर राजनीति करने को भी स्वतंत्र है। लेकिन, संकट के समय पर नहीं अभी तो उसे कोरोना को मात देना ही होगा । केंद्र सरकार के लिए भी केवल यही आवश्यक नहीं है कि वह राज्यों को टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दे, बल्कि यह भी है कि इसकी निगरानी करे कि ऐसा हो रहा है या नहीं? यह सही समय है कि उन तौर-तरीकों पर विचार किया जाए, जिनसे टीकाकरण की रफ्तार तेज हो सकती है। अब जब पहले चरण का टीकाकरण खत्म होने वाला है तब फिर इसके उपाय किए जाने चाहिए कि दूसरे चरण में अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण कैसे हो। यह अच्छा है कि एक करोड़ से अधिक लोगों को टीका लग चुका है, लेकिन बड़ी आबादी वाले देश में यह संख्या कम ही है। बेहतर हो कि दूसरे चरण में ऐसी कोई व्यवस्था की जाए जिससे 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के साथ उन सभी का टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके, जो काम-धंधे के सिलसिले में भीड़ वाले स्थानों में ज्यादा आते-जाते हैं। ऑटो-रिक्शा चालकों, फल-सब्जी बेचने वालों, कारखाना कामगारों आदि को जल्द टीकाकरण के दायरे में लाना चाहिए। इसी तरह मेट्रो, लोकल ट्रेनों और सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधनों का उपयोग करने वालों को भी यथाशीघ्र टीका लगाया जाना चाहिए। चूंकि टीकाकरण की रफ्तार तेज करना जरूरी हो गया है इसलिए निजी क्षेत्र के अस्पतालों को भी टीकाकरण अभियान का हिस्सा बनाने में देर नहीं की जानी चाहिए।

**अशोक भाटिया**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# चीन के अरबपतियों की लिस्ट में चौथे स्थान पर खिसके जैक मा, राष्ट्रपति जिनपिंग से पंगा लेना पड़ा महंगा



**पेइचिंग।** एक समय दुनिया के शीर्ष अरबपतियों में शुमार किए जाने वाले अलीबाबा और एंट ग्रुप के संस्थापक जैक मा ने चीन के शीर्ष अरबपति का दर्जा खो दिया है। चीनी अरबपतियों की ताजा सूची में उन्हें चौथे स्थान पर रखा गया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के विरुद्ध टिप्पणी के बाद उनकी कारोबारी स्थिति कमजोर हुई है। चीन सरकार उनके औद्योगिक साम्राज्य की जांच में जुट गई है। चीन के सबसे धनी लोगों की इस हूरून ग्लोबल रिच लिस्ट में वर्ष 2020 और 2019 में जैक मा और उनके परिवार की कुल संपत्ति सबसे ज्यादा थी। अब ताजा सूची में जैक मा चौथे स्थान पर चले गए हैं। ताजा सूची में बोतलबंद पानी बनाने वाली कंपनी नोनग्फू स्प्रिंग के मालिक झोंग शानशान, टेनसेंट कंपनी के पोनी मा और ई कॉमर्स कंपनी पिनडूओडुओ के मालिक कोलिन हुआंग सबसे ऊपर हैं। जैक मा का शीर्ष उद्योपति होने का दर्जा ऐसे समय पर खत्म हुआ है जब चीन सरकार उनकी कंपनी एंट ग्रुप और अलीबाबा के खिलाफ जांच कर रही है।

जैक मा के खिलाफ यह जांच तब शुरू हुई थी जब उन्होंने 24 अक्टूबर को शंघाई में एक भाषण दिया था। जैक मा ने देश के 'ब्याजखोर' वित्तीय नियामकों और सरकारी बैंकों की अपने भाषण में कड़ी आलोचना की थी। दुनियाभर में करोड़ों लोगों के आदर्श रहे जैक मा ने सरकार से आह्वान किया था कि ऐसे सिस्टम में बदलाव किया जाए जो ह्यबिजनस में नई चीजें शुरू करने के प्रयास को दबानेह्न का प्रयास करे। अलीबाबा संस्थापक ने वैश्विक बैंकिंग नियमों को ह्यबुजुर्गों लोगों का क्लबह्न करार दिया था। इस भाषण के बाद चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी भड़क उठी थी।

जैक मा की आलोचना को कम्युनिस्ट पार्टी पर हमले के रूप में लिया गया। इसके बाद जैक मा के दुर्दिन शुरू हो गए और उनके बिजनस के खिलाफ असाधारण प्रतिबंध लगाया जाना शुरू कर दिया गया। नवंबर महीने में चीनी अधिकारियों ने जैक मा को जोरदार झटका दिया और उनके एंट ग्रुप के 37 अरब डॉलर के आईपीओ को निलंबित कर दिया।

वॉल स्ट्रीट जनरल की रिपोर्ट के मुताबिक जैक मा के एंट ग्रुप के आईपीओ को रद्द करने का आदेश सीधा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ओर से आया था।

जैक मा से क्रिसमस की पूर्व संध्या पर कह दिया गया कि वह तब तक चीन से बाहर न जाएं जब तक कि उनके अलीबाबा ग्रुप के खिलाफ चल रही जांच को पूरा नहीं कर लिया जाता। इस कार्रवाई के बाद जैक मा को सार्वजनिक रूप से बहुत कम ही देखा गया है। चीन में इस तरह दमन का शिकार होने वाले जैक मा अकेले व्यक्ति नहीं हैं। चीन बड़ी संख्या में अपने देश में ऐसे लोगों को नजरबंद कर चुका है जिन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी या शी जिनपिंग सरकार की नीतियों की आलोचना की है।

# म्यांमार: तख्तापलट के खिलाफ फिर सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी

**यांगून।** म्यांमार में पिछले महीने हुए सैन्य तख्तापलट के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने एक बार फिर आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर की गोलियां चलायीं। प्रदर्शनकारी पुलिस कार्रवाई के बाद फिर से एकत्रित हुए। म्यांमा के प्राधिकारियों ने हाल के दिनों में विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ कार्रवाई बढ़ा दी है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि उसका मानना है कि रविवार को सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम 18 लोग मारे गए थे। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के विदेश मंत्रियों ने मंगलवार को इस संकट पर चर्चा के लिए बैठक की।

कार्रवाई के बावजूद प्रदर्शनकारियों का बड़ी संख्या में सड़कों पर जमा होना जारी है। प्रदर्शनकारी उन्हें तितर-बितर करने के प्रयासों का अधिक कड़ाई से विरोध करने लगे हैं। म्यांमा के सबसे बड़े शहर यांगून में सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हुए जिसमें से कई ने निर्माण क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले हेल्मेट पहने हुए थे। वहां एक दिन पहले पुलिस ने कई बार आंसू गैस के गोले दागे थे। उन्होंने बैरिकेड बनाने के लिए बांस और मलबे का इस्तेमाल किया और नारे लगाए। पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले छोड़े जाने पर प्रदर्शनकारी भाग जाते थे लेकिन जल्द ही अपने बैरिकेड पर एकत्रित हो जाते थे। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में उत्तरी यांगून के इंसेन इलाके में इसी तरह के अराजक दृश्य दिखाई दिए। प्रदर्शनकारियों ने दक्षिणपूर्वी म्यांमा के एक छोटे शहर दावी की सड़कों पर मार्च किया,इस दौरान वे झंडे और बैनर लिये हुए थे। प्रदर्शनकारियों के एक समूह को सुरक्षा बलों द्वारा निशाना बनाया गया क्योंकि यह समूह रविवार की कार्रवाई में मारे गए एक व्यक्ति के घर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक संकरी गली में घुस रहा था। एक अन्य समूह पर शहर के मध्य में मुख्य सड़क पर हमला किया गया।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार यांगून और दावी उन शहरों में हैं जहां सुरक्षा बलों ने रविवार को कथित रूप से भारी मात्रा में गोलाबारी की।

# चीन के पाले में नहीं है नेपाल, भारत से ही रहेंगे अच्छे संबंध: पूर्व पीएम

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टराई के मुताबिक भारत और नेपाल के रिश्ते ऐतिहासिक और सांस्कृतिक हैं। भारत का स्थान कोई नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि भारत में कुछ लोगों की यह धारणा गलत है कि नेपाल पूरी तरह से चीन के पाले में चला गया है। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री का बयान उस वक्त आया है जब नेपाल में राजनीतिक उठापटक मचा हुआ है और नेपाल पर चीन की तरफ झुकने के आरोप लग रहे हैं। भट्टराई ने कहा कि दिल्ली में कुछ लोग सोचते हैं कि नेपाल पूरी तरह चीन की तरफ झुक गया है या उसके पाले में चला गया है।

यह सही नजरिया नहीं है। ऐतिहासिक तौर पर तो हम भारत के ही करीब हैं। चीन भी हमारा दोस्त है, लेकिन उनसे हमारी नजदीकियां इसलिए भी ज्यादा नहीं हैं क्योंकि वो हिमालय के दूसरी तरफ हैं। भारत और नेपाल के बीच तनावपूर्ण रिश्तों पर भट्टराई ने कहा कि दोनों देशों के बीच हाई लेवल बातचीत नहीं हो पा रही है।

भाजपा 2014 में सत्ता में आई। करीब-करीब इसी वक्त नेपाल में डेमोक्रेसी की शुरूआत हुई। मैं ये मानता हूं कि अगर उच्च स्तरीय बातचीत हुई तो रिश्ते सामान्य किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत से बनते बिगड़ते रिश्तों का सबसे बड़ा नुकसान नेपाली जनता को है। उन्होंने दोनों देशों को वार्ता के माध्यम से समस्याएं सुलझाने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइडन ने ह्वाइट हाउस के बजट प्रमुख के रूप में नीरा टंडन का नाम वापस लिया

वाशिंगटन। सांसदों के विरोध के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने ह्वाइट हाउस के बजट प्रमुख के रूप में भारतवंशी नीरा टंडन का नाम वापस ले लिया है। ट्विटर पर कई सांसदों नेनीरा के चयन के खिलाफ बड़ी संख्या में ट्वीट किए थे। इनमें बड़ी संख्या में डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद भी शामिल थे। डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन सीनेटरों दोनों ने उनके चयन का विरोध किया था। नीरा टंडन बाइडन एडमिनिस्ट्रेशन में मंत्री बनने में विफल होने वाली पहली उमीदवार हैं। बाइडन ने कहा मैंने नीरा टंडन के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है, जिसमें कहा गया था कि ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट और बजट की प्रमुख के पद के लिए उनका नाम वापस ले लिया जाए।

### भारत से कोवेक्स की पहली खेप कंबोडिया पहुंची

ग्वाटेमाला। कोरोना वायरस के खिलाफ जंग के लिए भारत अपने देश के नागरिकों के साथ-साथ दूसरे राष्ट्रों को भी मुफ्त वैक्सीन पहुंचा रहा है। ग्वाटेमाला को भारत से कोरोना वायरस वैक्सीन की मुफ्त खेप मिलने के बाद अब कंबोडिया ने भारत से कोरोना वायरस टीके की 3,24,000 खुराक की पहली खेप प्राप्त की जो विश्व स्वास्थ्य संगठन की कोवैक्स पहल का हिस्सा है। कंबोडिया ने आबादी के बड़े हिस्से को टीका लगाने के लक्ष्य के साथ अपने टीकाकरण कार्यक्रम का विस्तार किया है। स्वास्थ्य मंत्री माम बुनहेंग ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविशील्ड टीके की खेप प्राप्त करने के लिए हवाई अड्डे पर थे। प्रधानमंत्री हुन सेन को गुरुवार को पहली खुराक दी जाएगी। कंबोडिया में अभी तक किसी भी मरीज की वायरस से मौत नहीं हुई। देश ने सात फरवरी को चीन-उत्पादित टीके की 6,00,000 खुराक की पहली खेप प्राप्त की थी जो बीजिंग द्वारा दान दी जाने वाली 10 लाख खुराकों का हिस्सा है। देश ने 10 फरवरी को हुन सेन के बेटों, सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों को टीके लगाकर अपने टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

### एआईसी ने अदालत में दाखिल की याचिका

वाशिंगटन। जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे अमेरिका के संगठन आम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र (एआईसी) ने कार्यक्षेत्र में जातिगत भेदभाव के एक मामले में न्यायमित्र बनाए जाने का अनुरोध करने वाली एक याचिका कैलिफोर्निया सुप्रीम कोर्ट में दायर की है। न्यायमित्र वह संगठन या व्यक्ति होता है, जो मामले में कोई पक्षकार नहीं होता, लेकिन उसे अपना रुख रखने के लिए या मामले संबंधी कोई तथ्य रखने के लिए अदालत को सलाह देने की अनुमति दी जाती है। कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ फेयर एम्प्लायमेंट एंड हाउसिंग (डीएफईएच) बनाम सिस्को सिस्टम्स इंक, सुंदर अय्यर एवं रमना कोम्पेला कार्यक्षेत्र में जातिगत भेदभाव के मामले की सुनवाई नौ मार्च को होनी है। कैलिफोर्निया नियामकों ने पिछले साल सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ मुकदमा दायर करते हुए कहा था कि कंपनी के सिलिकॉन वैली स्थित मुख्यालय में एक इंजीनियर को एक दलित भारतीय होने के कारण भेदभाव का सामना करना पड़ा था। कैलिफोर्निया राज्य का आरोप है कि इस बड़ी आईटी कंपनी ने निचली समझी जाने वाली एक जाति के परिवार में जन्मे भारतीय मूल के कर्मी के नागरिक अधिकार कानूनों का उल्लंघन किया। एआईसी ने इस मामले में अपनी सलाह देने और जातिगत भेदभाव पर विस्तार से जानकारी देने के लिए न्यायमित्र बनाए जाने का अनुरोध किया है।

### यूएई के रेगिस्तानों में भारतीय वायुसेना दुनिया को दिखा रही दम

अबु धाबी। भारतीय वायुसेना का नया लड़ाकू विमान राफेल और पुराने फाइटर जेट्स संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तानों में 3 मार्च यानी आज से गरज रहे हैं। ये अगले 24 दिन तक गरजते रहेंगे। अपने युद्ध कौशल से दुश्मनों को दिखाते रहेंगे कि भारत की सेनाएं किसी से कमजोर नहीं हैं। संयुक्त अरब अमीरात में डेजर्ट फ्लैग-6 वॉरफेयर एक्सरसाइज शुरू हुई है। इसमें भारत, अमेरिका, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, बहरीन और सऊदी अरब की वायुसेनाएं भाग ले रही हैं। एक्सरसाइज 27 मार्च तक चलेगी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल-दर्फा एयरबेस में चल रहे इस युद्धाभ्यास में भारत का घातक लड़ाकू विमान राफेल भी पहुंचा है। इसके अलावा 6 सुखोई लड़ाकू विमान, दो सी-17 ग्लोबमास्टर, एक आईएल-78 टैंकर और 150 एयरफोर्स ऑफिसर पहुंचे हैं।

इस संयुक्त वायुसैनिक युद्धाभ्यास में सुखोई के अलावा फ्रांस से राफेल और अमेरिका से एफ-16 फाइटर जेट्स भी पहुंचे हैं। इस वॉरफेयर एक्सरसाइज में सभी देशों की वायुसेनाएं एक नकली हवाई युद्ध का माहौल बनाएंगी। उसके बाद एक साथ इससे निपटने की कोशिश करेंगी। इससे सभी सेनाओं को नई तकनीक और रणनीति सीखने का मौका मिलेगा।



कोलंबो में वायुसेना के गठन की 70 वीं सालगिरह पर एक परेड में भाग लेते हुए श्रीलंकाई वायुसेना के सदस्य - फोटो

# बाइडेन से डब्ल्यूटीओ में कोविड-19 टीकों पर मिलने वाली छूट को नहीं रोकने का अनुरोध

**वाशिंगटन।** भारत और दक्षिण अफ्रीका का समर्थन करते हुए अमेरिका के सैकड़ों सामाजिक संगठनों और तीन वरिष्ठ सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से डब्ल्यूटीओ में कोविड-19 टीकों पर मिलने वाली छूट को नहीं रोकने का अनुरोध कर कहा है कि इस छूट से दुनियाभर में कोरोना वायरस के मरीजों के इलाज को बढ़ावा मिलेगा। बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार संबंधी पहलुओं (टीआरआईपीएस) पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के समझौते के तहत देशों को दवाइयों, परीक्षणों और उत्पादन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकों के लिए दीर्घकालिक एकाधिकार सुरक्षा प्रदान करना जरूरी होता है। बयान में कहा गया है कि हर क्षेत्र में उत्पादन क्षमता होती है और डब्ल्यूटीओ के नियम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जरूरी फॉमूर्ला और प्रौद्योगिकी तक समय रहते निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने से रोकते हैं। निर्माण अधिक मात्रा में नहीं होने से 2024 तक विकासशील देशों के कई लोगों को कोविड-19 टीका नहीं मिल पाएगा

प्रतिनिधि सभा में हाउस एप्रोप्रिएशंस कमेटी की अध्यक्ष एवं सांसद रोसा डेलॉरा ने कहा, कोविड-19 महामारी किसी देश की सीमा तक सीमित नहीं है।इसके बाद दुनियाभर में टीके का निर्माण एवं वितरण बेहद अहम हो जाता है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका ने डब्ल्यूटीओ से टीआरआईपीएस से छूट की मांग की है जिससे वैश्विक समुदाय को कोविड-19 के निदान, उपचार और टीकों को विकासशील देशों को उपलब्ध कराते हुए इस समस्या से निपटने की दिशा में मदद मिलेगी।

# थाइलैंड में बीच पर टहल रही थी महिला हाथ लगा 'तैरता सोना'



**बैंकॉक।** थाइलैंड में एक महिला को उस वक्त भरोसा नहीं हुआ जब उनके बीच हाउस के पास करीब दो करोड़ का 'खजाना' मिला। पहली नजर में यह खजाना शायद ही कोई देखना चाहे क्योंकि असल में यह चट्टान बन चुकी वेल मछली की उल्टी- एम्बेर्ग्रिस है। चूंकि, इसकी कीमत बहुत ज्यादा होती है इस वजह से इसे ह्यतैरता सोनाह्न कहा जाता है। दुनिया के कई हिस्सों में इसकी तस्करी भी जाती है। भारत में भी एक किलो वेल वॉमिट की कीमत करोड़ों में है। सिरिपॉर्न नियामरिन कुछ दिन पहले बीच के पास टहल रही थीं, जहां उन्हें चट्टान सी चीज दिखाई दी। जब वह उसके पास गईं तो यह मछली की तरह महक रही थी। वह उसे अपने साथ ले गईं। जब उनके पड़ोसियों ने इसे देखा तो पता चला कि यह दरअसल वेल मछली की उल्टी है। 12 इंच चौड़ी और 24 इंच लंबी इस चट्टान की कीमत करीब 1.91 करोड़ रुपए है। नियामरिन ने इस चट्टान को जलाकर देखा तो यह पिघल गई और फिर ठंडा होने पर जम गई। अब वह विशेषज्ञों की प्रतीक्षा कर रही हैं कि वे इसकी पुष्टि करें।

एम्बेर्ग्रिस ठोस, मोम जैसा ज्वलनशील पदार्थ होता है, जो दिखने में हल्के भूरे या काले रंग का होता है। स्पर्म वेल की आंतों में यह पाया जाता है। पानी के अंदर वेल मछलियां ऐसे कई जीव खाती हैं जिनकी नुकीली चोंच और शेल्स होती हैं। इन्हें खाने पर वेल के अंदर के हिस्से को चोट न पहुंचे इसके लिए एम्बेर्ग्रिस अहम होता है। इसे निकालने के लिए कई बार तस्कर वेल की जान भी ले लेते हैं, जो पहले से विलुप्तप्राय जीवों में शामिल है। एम्बेर्ग्रिस का इस्तेमाल परफ्यूम इंडस्ट्री में किया जाता है।

इसमें मौजूद एल्कोहॉल का इस्तेमाल महंगे ब्रैंड के परफ्यूम बनाने में किया जाता है। इसकी मदद से परफ्यूम की गंध लंबे समय तक बरकरार रखी जा सकती है।

# रूस में विपक्ष के नेता नवलनी को जहर देने के आरोप में अमेरिका ने 7 रूसी अधिकारियों पर लगाई पाबंदी

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूस में विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी को नर्व एजेंट देकर उनकी हत्या की कोशिश करने के बहुचर्चित मामले में रूस के सात अधिकारियों पर मंगलवार को प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन द्वारा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगियों पर प्रतिबंध लगाने का यह पहला मामला है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि अमेरिका के खुफिया विभाग के लोगों का यह आकलन है कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने विपक्ष के नेता को 20अगस्त 2020 को नर्व एजेंट दिया था। उन्होंने कहा, ''किसी भी तरह के रासायनिक हथियार का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं और सभ्य आचरण के नियमों का सीधा उल्लंघन है और हमारी आज की कार्रवाई कई श्रेणियों पर है,तथा सरकार की प्रतिक्रिया को दशार्ती है। हम रासायिक एवं जैविक हथियार अधिनियम को ईमानदारी के साथ लागू करने की दिशा में कांग्रेस के साथ मिल कर काम कर रहे हैं।



रूस में विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी को जहर देने के आरोप में अमेरिका ने रूस के सात अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाया है।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि अमेरिका के खुफिया विभाग के लोगों का यह आकलन है कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने विपक्ष के नेता को 20अगस्त 2020 को नर्व एजेंट दिया था।

साकी ने कहा कि अमेरिका रूसी सरकार के सात वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा करता है। उन्होंने कहा , ''हम नवलनी को बिना किसी शर्त के तत्काल रिहा करने की हमारी मांग दोहराते हैं।'' प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने कहा कि इस प्रकार का कदम उठा कर राष्ट्रपति बाइडन क्रेमलिन को और पूरी दुनिया को यह कड़ा और स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि ह्यह्य कानून के शासन पर हमले के मॉस्को के युग का अंत हो चुका है।

# भारत आतंकी कुलदीप के प्रत्यर्पण के लिए जाएगा ब्रिटेन हाईकोर्ट

**लंदन।** प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेएफ) के सदस्य कुलदीप सिंह का भारत में प्रत्यर्पण करने की अर्जी को एक मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा मानवाधिकार के आधार पर खारिज किए जाने के बाद भारतीय अधिकारियों ने इसके विरुद्ध अपील करने की अनुमति के लिए लंदन स्थित उच्च न्यायालय जाने का फैसला किया है। कुलदीप सिंह उर्फ कीपा सिद्धू पर अन्य लोगों के साथ मिलकर 2015-16 में पंजाब में आतंकी गतिविधियों की साजिश में शामिल होने का आरोप है। आरोपियों ने कथित तौर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल की हत्या की साजिश रची थी। कुलदीप सिंह (44) पर गुरुद्वारे में अलगाववादियों की बैठक आयोजित करने और पंजाब के युवाओं को पैसे देकर केजेडएफ में शामिल करने का भी आरोप है।

# नवलनी मामला: अमेरिका ने रूस अधिकारियों व व्यापार पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन ने रूस के विपक्षी नेता अलेक्सी नवलनी पर जानलेवा हमले और बाद में उन्हें जेल में डालने को लेकर रूस के अधिकारियों और व्यापारों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। बाइडेन प्रशासन के वरिष्ठ अफसरों ने उन अधिकारियों की तत्काल पहचान नहीं बताई जिन पर प्रतिबंध लगाया गया है। बाइडेन प्रशासन ने अमेरिकी रसायन एवं जैविक शस्त्र नियंत्रण एवं युद्ध उन्मूलन अधिनियम के तहत 14 व्यापार और अन्य उद्यमों पर भी प्रतिबंधों का ऐलान किया।

इनमें से ज्यादातर जैविक रसायन जहर बनाते हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी खुफिया समुदाय का निष्कर्ष है कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने पिछले साल अगस्त में असंतुष्टों पर रूसी नर्व एजेंट (एक तरह का जहर) नोविचोक का इस्तेमाल किया है। बाइडन प्रशासन द्वारा पहली बार रूस पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। प्रशासन ने रूस के विपक्षी नेताओं पर कथित हमले और



अमेरिकी एजेंसियों और कारोबारों को हैक करने को लेकर रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से मुकाबला करने का संकल्प लिया हुआ है। बाइडेन प्रशासन ने यूरोपीय संघ के साथ प्रतिबंधों का समन्वय किया। ईयू पहले ही नवलनी मामले में रूस के कुछ अधिकारियों को प्रतिबंधित कर चुका है। ईयू ने नए प्रतिबंधों की घोषणा की जिनमें नवलनी को जेल भेजने को लेकर रूस के आला अधिकारियों को निशाना बनाया गया है। नवलनी (44) रूस के नर्व एजेंट हमले में बीमार पड़ गए थे।

इस हमले को अमेरिका और अन्य ने पुतिन की सुरक्षा सेवा से जोड़ा। जर्मनी में महीनों के इलाज के बाद नवलनी जनवरी में रूस पहुंचे जहां मास्को में उन्हें पेरोल का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

# चीन ने 1989 के बाद 2020 में सबसे ज्यादा विदेशी पत्रकारों को निर्वासित किया



**बीजिंग।** चीन में विदेशी पत्रकारों के लिए काम करने की स्थिति 2020 में भी बदतर हो गई है। इस दौरान चीन ने 18 संवाददाताओं को निर्वासित किया है जो 1989 में थिएनआनमन चौक की घटना के बाद सबसे ज्यादा है। फॉरेन कॉरसपोंडेंट्स क्लब ऑफ चाइना (एफसीसीसी) ने कहा कि चीनी अधिकारियों ने कोविड-19 महामारी पर रिपोर्टिंग को बेहद सीमित कर दिया है और पत्रकारों पर नजर रखते हुए उन्हें निर्वासित किया। रिपोर्ट के अनुसार चीनी अधिकारियों ने 2020 में विदेशी संवाददाताओं के काम को विफल करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

राज्य के सभी अंगों और कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिए लाई गई निगरानी प्रणाली का इस्तेमाल पत्रकारों, उनके चीनी सहयोगियों को तंग करने और धमकाने के लिए किया गया। साथ ही उन लोगों को भी परेशान किया गया जिनका साक्षात्कार विदेशी मीडिया लेना चाहती थी।

रिपोर्ट के अनुसार लगातार तीसरे साल एक भी पत्रकार ने एफसीसीसी के सर्वेक्षण में यह नहीं कहा कि काम करने की स्थिति में सुधार हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी संवाददाताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा की कथित जांच को लेकर निशाना बनाया गया और उनसे कहा गया कि वे देश नहीं छोड़ सकते हैं। इसके अलावा चीन ने प्रेस परिचय पत्र रद्द कर दिए और वीजा नवीनीकरण करने से इनकार कर दिया है।

सन 2020 के पहले छह महीनों में चीन ने अमेरिका के तीन प्रमुख समाचार पत्र समूहों से जुड़े कम से कम 18 विदेशी पत्रकारों को निर्वासित किया। एफसीसीसी की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया करते हुए चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, हमने उस संगठन को कभी मान्यता नहीं दी है। यह तथाकथित रिपोर्ट तथ्यों के बजाय पूर्वाग्रहों पर आधारित है। इसके माध्यम से सनसनी और डर फैलाने की कोशिश की गई है।

# नीरा टंडन ने व्हाइट हाउस में अहम पद के लिए नामांकन लिया वापस

**वाशिंगटन।** भारतवंशी नीरा टंडन ने व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट ऐंड बजट के निदेशक पद के लिए किया गया अपना नामांकन मंगलवार को वापस ले लिया। दरअसल सत्तारूढ़ दल और प्रशासन सीनेट में उनके नामांकन की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त वोट जुटाने में विफल रहे थे। टंडन (50) के नामांकन की पुष्टि का रास्ता पहले ही कठिन था और उन्हें कई सांसदों के खिलाफ ट्वीट करने पर विरोध का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने अपनी ही पार्टी के कई सांसदों के खिलाफ भी ट्वीट किए थे। नामांकन वापस लेने के टंडन के कदम को बाइडेन ने स्वीकार कर लिया है और संकेत दिए हैं कि उन्हें किसी अन्य पद पर प्रशासन में वापस लाया जा सकता है। बाइडन द्वारा नामित व्यक्तियों में वह पहली हैं जिन्हें हार का सामना करना पड़ा है।



कैबिनेट के लिए नामित 23 में से 11 व्यक्तियों के नामों की पुष्टि हो चुकी है, ज्यादातर को दोनों दलों का मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ है। बाइडन ने एक वक्तव्य में कहा, ह्यह्यऑफिस ऑफ मैनेजमेंट ऐंड बजट के निदेशक पद के लिए किए गए नामांकन को वापस लेने के नीरा टंडन के अनुरोध को मैंने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा, मैं उनके अनुभव, कौशल और विचारों का बहुत सम्मान करता हूं और चाहता हूं कि मेरे प्रशासन में उनकी कोई भूमिका हो।

इससे पहले बाइडन को लिखे पत्र में टंडन ने कहा था, ह्यह्यइस भूमिका के लिए मेरे नाम पर विचार होना, मुझमें इतना भरोसा दिखाना सम्मानजनक बात है। मैं यह पत्र ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट ऐंड बजट के निदेशक पद के लिए किया गया अपना नामांकन वापस लेने के लिए लिख रही हूं। टंडन ने अपने नामांकन की पुष्टि की प्रक्रिया आरंभ होने से पहले कथित तौर पर अपने एक हजार से अधिक ट्वीट हटा दिए थे। पिछले महीने पुष्टि की सुनवाई के दौरान उन्होंने सीनेटरों से माफी भी मांगी थी।

# भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जन क्रान्ति रैली निकाली

## पुलिस द्वारा गिरफ्तार नहीं करने पर जन क्रांति सभा का किया आयोजन

» मदरलैंड मयंक जोशी



बहरोड़। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं की ओर से बुधवार को बहरोड़ कस्बे में 24 जनवरी को पूर्व मंत्री डा. जसवन्त यादव के पुत्र मोहित यादव पर हुए कातिलाना हमले के नामजद आरोपियों को पुलिस द्वारा आज तक भी गिरफ्तार नहीं करने पर जन क्रान्ति सभा का आयोजन किया गया और रैली निकाल कर पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी के नाम विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। आपको बता दें कि 24 जनवरी को पूर्व श्रम मंत्री के पुत्र मोहित यादव पर बर्डोद के पास कुछ लोगों के द्वारा हमला कर दिया गया था। जिसको लेकर पूर्व श्रम मंत्री जसवन्त यादव ने सीधे सीधे बहरोड़ विधायक बलजीत यादव पर कातिलाना हमला करवाने का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया था। पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किये जाने कारण कुछ दिन पहले अलवर सांसद महन्त बालकनाथ और पूर्व श्रम मंत्री जसवन्त यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता थाने के सामने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किये जाने तक धरने पर बैठ गये थे। लेकिन पुलिस अधीक्षक व एसडीएम के जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार करने के आश्वासन पर धरना खत्म कर दिया था। जिसके तुरंत बाद 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन चार नामजद आरोपियों को अभी भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। जिसको लेकर फिर एक बार बुधवार को भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बहरोड़ में जन क्रान्ति सभा का आयोजन किया और रैली निकालकर पिछले दिनों बहरोड़ विधानसभा से भाजपा के प्रत्यासी रहे मोहित यादव पर 24 जनवरी को हुए कातिलाना हमले के शेष बचे चार आरोपियों को शिघ्र गिरफ्तार करने, जिले में रोजाना चोरी, रंगदारी, बतात्कार, गायों की तस्करी, गुण्डागर्दी, भैंस चोरी, बाल तस्करी, होटलों में वैस्यावृति, जुआ, अवैध कॉलोनी, नकली दूध का कारोबार एवं अन्य अवैध धंधों को तुरंत रोकने के लिए एसपी भिवाड़ी के नाम ज्ञापन सौंपा। मंच का संचालन देवेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर अलवर सांसद महंत बालकनाथ, पूर्व मंत्री डॉ जसवंत यादव, किरण यादव, बलवान सिंह यादव, पूर्व विधायक मामन सिंह, बन्ना राम मीणा, रामहेत यादव, हेमसिंह भड़ाना, संजय मीर, जितेन्द्र नरुका, बनवारी लाल सिंगल, अजित सिंह ठेकेदार, महेंद्र यादव, रामनरेश यादव, शिवचरण यादव, शिला चैधरी, अनिल पुरोहित सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर सांसद महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि बहरोड़ में बढ़ते अत्याचारों, व्यापारियों, कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ पर जन क्रान्ति रैली का आयोजन किया गया और रैली निकाल कर पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी के नाम विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। महंत ने कहा कि जलजीवन का पैसा केन्द्र सरकार की ओर से भेजा जा रहा है। स्कूल खोलने की जमीन को लेकर कहा कि जमीन सरकार की है विधायक ने घर से थोड़ी दी है। बहरोड़ का मिडवे चालू करवाना विधायक बलजीत यादव ने निजी स्वार्थ है। मिडवे में वह अपने लोगों को चाय-नास्ता करवायेगा। विधायक ने निजी स्वार्थ हित संसाधनों का उपयोग करेगा। यह मिडवे अपराधों का गवाह बनेगा। पुलिस इस नपुसंक सरकार में मजबूर है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



» मदरलैंड महावीर प्रसाद

तिजारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विशेष सप्ताह के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सचिव मांगीलाल बैरवा ने बताया है कि राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका स्कूल के प्रांगण में उपस्थित छात्राओं को पैनल अधिवक्ता जफरुद्दीन, विनोद आर्य्य , सुशीला एडवोकेट ,पैरा लीगल वॉलिंटियर विकास वर्मा, द्वारा जानकारी देते हुए कहां की महिलाओं के पास पुरुष जितनी समान क्षमता है। महिलाओं का सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। उन समाजों का विकास बहुत अच्छी तरह से होता है ।जहां महिलाओं का एक सम्मान दिया जाता है। इस मौके पर अनिल कुमार शर्मा हरि बाबू शर्मा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मीरा मुख्खीजा, विष्णु कुमार वर्मा, रोहतास, सुरेन्द्र कुमार, विद्यालय के आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म के मामले का आरोपी गिरफ्तार

मदरलैंड, रेखचन्द्र भारद्वाज, भरतपुर। स्थानीय थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव बादीपुर थाना जुरहरा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही खजानसिंह पुत्र अमरसिंह जाति जाट वगैराह 3 जनों के खिलाफ उसकी नाबालिग लडकी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला दिनांक 26 अप्रैल 2020 को थाना जुरहरा पर दर्ज कराया था। मामले की जांच दिनेश मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध एवं सर्तकता भरतपुर रैंज भरतपुर के द्वारा की जा रही थी। मामले की जांच के बाद दिनेश मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध एवं सर्तकता भरतपुर रैंज भरतपुर द्वारा उक्त मामले में खजानसिंह पुत्र अमरसिंह जाति जाट निवासी ग्रामबबादीपुर थाना जुरहरा को गिरफ्तार किया गया है।

### श्रम मंत्री टीकाराम जूली ने की जनसुनवाई अधिकारियों को दिए निर्देश



मदरलैंड, देशबंधु जोशी, जयपुर। पंद्रवी विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने से पूर्व टीकाराम जूली श्रम मंत्री राजस्थान सरकार ने राजकीय आवास सिविल लाइंस पर जनसुनवाई कर समस्याओ के निस्तारण के लिए अधिकारियो को दिए निर्देश।

### पुलिस थाना रैणी क्षेत्र मे दिन दहाड़े दिया लूट की घटना को अंजाम




मदरलैंड, महेश चंद मीणा, रैणी। राजगढ रोड पर टहटडा गांव से रैणी की तरफ 1.50 किलोमीटर आगे आज दिन दहाड़े दोपहर 2:30 बजे के लगभग 1.25 लाख रुपए की हुई लूट, अलवर जिले की पंचायत समिति रैणी के गांव टहटडा और रैणी के बीच बन रहे मेघा हाई वे की पुलिया के पास (टहटडा गांव से 1.50 किलोमीटर आगे रैणी की और) आज बुधवार को दोपहर ढाई बजे के लगभग फोर व्हीलर अरविन्द सिंह पुत्र श्री तेज सिंह राजपूत निवासी–लीली (लक्ष्मणगढ) बाईक सवार लुटेरो ने हाथ देकर गाडी को रूकाया और अरविन्द सिंह के साथ दिन दहाड़े कट्टे की नोक पर 1.25 लाख रुपए की लूट की गई है। लुटेरे बाईक से थे और बाईक लेकर फरार हो गए । रैणी पुलिस द्वारा इस मामले को अति गम्भीरता से लेते हुए तुरंत ही पुलिस जांच मे जुट गई है और टीम बनाकर अति तीव्रतम रूप से सक्रिय हो गई है।

# आजाद मंच भारत की मुहिम सवर्ण आयोग गठन की मांग: राना ठाकुर



» मदरलैंड संवाददाता

जयपुर। आजाद मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष यू एस राना ठाकुर , सचेन्द्र सिंह सेंगर साथ पधारे। उन्होंने आरक्षण के बिरोध में किये जा रहे एवं आगे की कार्यक्रम तय किये। साथ ही मप्र में होने बाले सवर्ण आयोग बनाने की मप्र सरकार की घोषणा को आजाद मंच की मांग का परिणाम बताया। इसकी रूप रेखा सरकार को कैसी रखनी चाहिए इस पर भी मार्ग दर्शन किया। कार्यक्रम मिले नियम प्लाजा पर मीटिंग आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष रामबीर शर्मा, प्रदेश सचिब राजेन्द्र तिवारी, संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह परिहार , सुनील शर्मा बिधानसभा पूर्ब प्रत्याशी,सुनील शर्मा एबम अन्य उपस्थित रहे।

# प्योर इंडिया ट्रस्ट महिलाओं के स्वरोजगार हेतु शुरू की योजनाएं

» मदरलैंड संवाददाता



सीकर- पाटोदा। प्योर इंडिया ट्रस्ट द्वारा सीकर जिले के ग्रामीण महिला एवं दिव्यांगजन को अपने गांव में स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की गई। सीकर क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर बुधवार को महिला सशक्तिकरण योजना 'मेरा गांव मेरा व्यवसाय' का प्रारंभ किया गया।

ग्रामीण क्षेत्र सेवद बड़ी,खाखोली, सेवा,फागलवा, बठोठ, बिंजसी, विजयपुरा दर्जनभर गांव में बुधवार को प्योर इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से महिलाओं को उनकी कार्य के मुख्य सामान उपलब्ध कराकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्योर इंडिया ट्रस्ट के साथ मिलकर आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम शुरू किया गया। प्रशांत पाल ने बताया महिला अपने घर पर ब्यूटी पार्लर जनरल स्टोर या कॉस्मेटिक की दुकान खोल सकती है महिलाओं को दी गई आर्थिक मदद उन्हें वापस नहीं करनी है। सेवद बड़ी गांव से चयनित गांव में शुरू की जा रही है। एवं ग्रामीण महिला द्वारा योजना में भाग लेने के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। इस योजना में 20 से 45 वर्ष की व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। और आवेदन द्वारा अपने घर से व्यवसाय शुरू कराने के लिए अधिकतम रू10हजार से 15हजार तक की राशि ट्रस्ट द्वारा सामान खरीदने के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है। इस अवसर पर ट्रस्ट संस्थापक प्रशांत पाल, राजस्थान सीएसआर हेड नीत्या चौधरी, ग्रामीण सेल हेड गिरधारी कुमावत, अनेक कार्यकर्ता ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

# श्री श्याम मंदिर तिजारा कार्यकारिणी के चुनाव में अभय सिह अध्यक्ष बने



» मदरलैंड, महावीर प्रसाद

तिजारा। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित श्रीश्याम मंदिर तिजारा की कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं भंडारी के पदों पर चुनाव सम्पन्न हुए । निर्वाचन अधिकारी नन्दलाल आर्य ने बताया जिसमे अभय सिह यादव अध्यक्ष, दयाराम उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार कोषाध्यक्ष , मुकुल शर्मा-सचिव तथा देशराज अग्रवाल भण्डारी चुने गये । इस अवसर पर नव निर्वाचित कार्यकारिणी का उपस्थित लोगो ने स्वागत किया । अवसर पर चुनाव प्रक्रिया में सहयोगी नरेश शर्मा, राजेश यादव, राजेश शर्मा , श्याम मंदिर की पूर्व कार्यकारिणी पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पहाड़ी पर अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ग्रामीणों की सहायता से बुझाई

» मदरलैंड, नागपाल शर्मा



मचाडी-पाटन रोड स्थित एकलव्य मॉडल स्कूल पाटन से मनुका गांव को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित पहाड़ी में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग लग गई। सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस जिला महासचिव मीनाक्षी मीणा ने बताया की फॉरेस्ट विभाग को दी ग्रामीणों की सूचना पर दमकल की गाड़ी पहुंची वहां एकत्रित ग्रामीणों की सहायता से पहाड़ पर लगी भीषण अग्नि बुझाने पर सफलताा प्राप्त कर पहाड़ पर लगी पेड़ बनस्पति को भीषण आग के चपेट में आने से बचा लिया गया।

# राम मन्दिर निधि अभियान समाप्ति अब भी लोग बढ़-चढ़कर कर रहे हैं समपर्ण

» मदरलैंड, योगेश पवार



जयपुर । राम मन्दिर ट्रस्ट और विश्व हिन्दू परिषद की और से चलाया जा रहा राम मन्दिर निधि समर्पण अभियान 27 फरवरी को समाप्त हो गया। उसके बावजूद देशभर में रामलला के मन्दिर निर्माण के प्रति आस्थावान लोग लगातार निधि समर्पण कर रहे हैं। इसी कड़ी में आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम की उपस्थिति में श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र एवं श्री दिगम्बर नसिया दीवान उदयलाल ट्रस्ट द्वारा मन्दिर निर्माण हेतु सात लाख एक हजार रुपये निधि का समपर्ण किया गया। जैन समाज द्वारा समर्पित इस योगदान के अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल , पूर्व मंत्री एवं मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ और धौलपुर सांसद मनोज राजोरिया सहीत अन्य गणमान्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# हरियाणा पुलिस की गाड़ी से टक्कर से सास बहू की मौके पर मौत

» मदरलैंड, अमित भारद्वाज

रामगढ़ अलवर नौगांवा कस्बे की रजनी का विवाह हरियाणा के मोहम्मदबास मे 8 माह पूर्व ही हुआ था। अभी तो विवाह की खुशियां ही पूरी नही हुई थी कि तेज गति से ही आती हुई हरियाणा पुलिस की गाड़ी नम्बर HR 26DB 2820 ने सामने से आती हुई मोटरसाइकिल नम्बर HRY 52A 7180 को टक्कर मार मोटरसाइकिल पर सवार रजनी और उसकी सास को कुचल दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई ।नौगांवा निवासी अतर सैनी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने जमकर पुलिस प्रशासन को कोसा । उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व रजनी के दादा की मृत्यु हुई थी ।रजनी अपने दादा की मृत्यु के शोक में शामिल होने के लिए अपनी सास के साथ मोटरसाईकिल से नौगांवा आ रही थी । हरियाणा पुलिस की इंटरसेपटर हरियाणा बॉर्डर से तेज गति से फिरोजपुर की तरफ जा रही थी कि दोहा मोड़ पर सामने से आ रही मोटर साईकिल में सामने से टक्कर मार दी ।रजनी और उसकी सास की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की गाड़ी ने भी दो बार पलटी खाई। मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई ।तथा भीड़ का गुस्सा पुलिस पर टूट पड़ा ।

# श्रीत्रिदेव बालाजी महाराज विशाल कलश यात्रा निकाली गई

» मदरलैंड, अर्जुन राम मुंडोतिया



सुरेरा। सुरेरा गांव में रविदास चौक में स्थित श्रीत्रिदेव बालाजी महाराज वार्षिक महोत्सव उपलक्ष्य पर विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम का आयोजनकर्ता सुरेरा के समस्त रैगर समाज द्वारा आयोजन किया जा रहा है। रविदास नवयुवक मंडल सुरेरा कार्यकर्ता ने बताया कि इस कलश यात्रा सुरेरा बस स्टैंड से बालाजी मंदिर प्रांगण से पूजा अर्चना करके साथ ही विशाल कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ ही रवाना हुई जो गांव के विभिन्न मार्गो से होती हुई रविदास चौक में कलश यात्रा श्रीत्रिदेव बालाजी मंदिर प्रांगण पहुंची इस कलश यात्रा का फूलों से जगह जगह स्वागत किया गया ।इस कलश यात्रा में 151 कलश थे कलश यात्रा में महिला पुरुष छोटे बच्चे सहित सैकड़ो संख्या में उपस्थित थे सुरेरा गाँव के पूर्व सरपंच जय सिंह सहित अन्य समाज के लोग भी उपस्थित थे। इस हवन पूजा का कार्यक्रम 12:15 बजे से पूजा अर्चना के साथ ही शुरू हुआ ।पंडित गणेश शास्त्री ने बताया कि श्रीगणेश जी महाराज की असीम अनुकंपा से बालाजी महाराज के आशीर्वाद से त्रिदेव बालाजी प्रांगण में पूजन हवन पूजन कार्यक्रम समापन हुआ । जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया पंडित मुखारविंद उसे जोड़े के द्वारा पूर्ण पूर्णहुति हुआ। इस हवन पूजा कार्यक्रम में 11 जोड़े बैठे । गुरुवार को सुबह 8 बजे से विशाल झांकी निकाली जाएगी त्रिदेव बालाजी महाराज की एक सुंदर सी झाँकी सजाकर गाजे बाजे के साथ ही निकाली जाएगी और दोपहर 2:15 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# बीसलपुर कंजर्वेशन रिजर्व के संरक्षण, प्रबंधन के लिए कमेटी का किया गठन: श्रम मंत्री टीकाराम जूली

» मदरलैंड, देशबंधु जोशी



जयपुर । श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि बीसलपुर कंजर्वेशन रिजर्व के संरक्षण, प्रबंधन एवं रखरखाव के लिए मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को परामर्श देने हेतु राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2008 में कमेटी का गठन किया गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गठित उक्त समिति के पुनर्गठन का प्रावधान नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 से 2013 तक कुल 9 बार समिति की बैठक आयोजित की गई। श्रम मंत्री यह बात विधानसभा में मालपुरा विधायक कन्हैया लाल के प्रश्न के जवाब में बोल रहे थे। श्रम मंत्री ने कहा कि 2014 में जब भाजपा की सरकार आई उसके बाद से 5 साल तक उक्त समिति की एक भी बैठक आयोजित नहीं हुई। साथ ही श्रम मंत्री ने कहा कि जो कमेटी बनी है उसका मुख्य रूप से काम है कि वह अपने सुझाव यहां पर भिजवाए जिससे कि वहां कार्य हो सके लेकिन भाजपा सरकार में मीटिंग ही नही हुई। श्रम राज्य मंत्री ने कहा कि यह निश्चित तौर पर अधिकारियों की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में मीटिंग समय पर हो और वहां के लोगों की जो भी सिफारिशें हैं वह समय पर आ सके। विधायक कन्हैया लाल के समिति के बजट के सवाल पर राज्यमंत्री जूली ने कहा कि यह समिति मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को परामर्श देने के लिए बनाई गई है अब जो कमेटी की मीटिंग होगी उसमें जो भी सुझाव आएंगे उनके आधार पर वहां के लोगों के विकास के लिए कार्य हो सकते हैं उस पर निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी साथ ही प्रति वर्ष बजट के आधार पर तय होता है जिसमें राज्य सरकार के द्वारा जो गाइड लाइन तय की जाएगी उसके आधार पर बजट का निस्तारण किया जाएगा।

# कुरेली में मिला संदेहास्पद कबूतर के पैरों में लगी टेपनुमा वस्तु पुलिस कर रही है जांच

» मदरलैंड संवाददाता



बहरोड़ पुलिस थाना अंतर्गत निम्भोर पुलिस चौकी के कुरेली गॉव में मिला संदेहास्पद कबूतर। पुलिस सूचना पर पहूँची और कबूतर को जब्त कर थाने पर ले कर आई जो संदेहास्पद लग रहा था। पलिस ने सम्बधित विभाग को अवगत कराकर जॉच शुरू की। बहरोड़ थाना अधिकारी विनोद सांखला ने बताया कि निम्भोर चौकी ईलाके के कुरेली गॉव से 28 तारीख की रात को लगभग 10 बजे सूचना मिली थी कि एक कबूतर किसी युवक के कन्धे पर आकर बैठ गया। सूचना पर थाना अधिकारी विनोद सांखला मौके पर पहूँचकर कबूतर को जब्त कर थाने पर लेकर आये। कबूतर को देखने पर संदेहास्पद लग रहा था। इसके पैरों में लगी टेपनुमा वस्तु को निकालकर जॉच के लिए सम्बन्धित विभाग को भेजा जायेगा। अभी आगे जॉच चल रही है।

# कर्मचारियों व सफाई मजदूरों ने ली स्वच्छता की शपथ



» मदरलैंड, हीरालाल भूरानी

खैरथल। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देश पर नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन एवं उद्धमिता विकास संस्थान की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन कस्बे की नगरपालिका के सभागार में किया गया। पालिका के अधिशासी अधिकारी शुभम गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला में सफाई मजदूरों को बरतने वाली सावधानी के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। पालिका प्रशासन के कर्मचारियों व सफाई मजदूरों ने स्वच्छता की शपथ ली।

# सड़क पर उतरा एससी समाज, पैदल मार्च कर सौंपा ज्ञापन



» राज कुमार

रुड़की। गंगनहर किनारे झूला पुल के पास मूर्ति हटाए जाने से नाराज एससी समाज बुधवार को सड़क पर उतर आया। पश्चिमी अम्बर तालाब से तहसील तक पैदल मार्च कर गुस्साए लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इसमें सिंचाई विभाग की भूमि पर बने दूसरे मंदिरो व मूर्तियों का हवाला देते हुए हटाई गई मूर्ति को उसी स्थान पर लगवाए जाने की मांग की गई। समाज के लोगों ने कहा कि उनके गुरू की मूर्ति को बिना परमिशन के अवैध रूप से लगाए जाने की बात कहकर हटा दिया गया है, लेकिन नगर निगम से लेकर गणेशपुर पुल तक गंगनहर के दोनों किनारों पर दूसरे मंदिर व देवी-देवताओ की भी मूर्तियां लगी हैं। बोट क्लब पर सिंचाई विभाग की भूमि पर बने पार्क में एक समाज के महापुरूष की मूर्ति लगी हैं तो फिर एससी समाज के महापुरूष की मूर्ति क्यूं नहीं लग सकती है। सरकार से पूछा कि क्या यह आजाद भारत में एससी समाज के साथ खुला भेदभाव नहीं है। मांग की कि जब दूसरे मंदिर गंगनहर किनारों पर बन सकते हैं तो उनके महापुरूष का भी मंदिर बनवाया जाए। चेतावनी दी कि अगर भेदभाव समाप्त नहीं होता है तो फिर सड़कों पर उतरा जाएगा। इससे पहले रात भर समाज को एकजुट करने को लेकर मंथन चलता रहा। सुबह एससी समाज के लोगों ने पश्चिमी अम्बर तालाब स्थित संत शिरोमणी गुरू रविदास मंदिर में पूर्व प्रधान सतेंद्र प्रकाश, रविदास सेनाध्यक्ष सोमपाल सिंह, महासचिव चंद्रपाल सिंह, मंदिर समिति अध्यक्ष भारत कुमार एड्वोकेट, अजीत जाटव, चंद्रशेखर जाटव के नेतृत्व में बैठक कर इस पर रणनीति बनाई। तहसील में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपने के बाद समाज के लोग नगर निगम में जुट गए। यहां मेयर व नगर निगम अधिकारियों से वार्ता कर अन्य मंदिरो की तरह ही अपने समाज के महापुरूष की मूर्ति लगाए जाने की मांग की गई। जिस पर मेयर व निगम अधिकारियों ने समाज के लोगों को मामले में निष्पक्ष कदम उठाने का भरोसा दिया।

# स्कूलो में खिलाई गई एलबेंडाजोल की गोली



» मदरलैंड संवाददाता

भगवानपुर। बच्चों को पेट की बीमारियों से बचाने के लिए स्कूलों में एलबेंडाजोल की गोली खिलाई गई। राजकीय जूनियर हाईस्कूल खुब्बनपुर में प्रधाना अध्यापक कीरतपाल के नेतृत्व में शिक्षकों व आशा कार्यकत्रियों ने बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई। इस दौरान सभी छात्रों, शिक्षकों व आशा कार्यकत्रियों को स्वच्छता एवं वृशारोपण की भी शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य कीरतपाल सिंह ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा छात्रों को पेट व अन्य बीमारियों से मुक्त रखने के लिए विद्यालयों में एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जा रही है। शासन और शिक्षा विभाग के आदेशानुसार उनके विद्यालय में सोमवार को छात्रों को यह गोली खिलाई गई। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को एकाग्र होकर निरंत पढ़ाई करने के भी टिप्स दिए और उन्हे समाज व राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित किया।

उन्होने शिक्षकों से भी बच्चों को संस्कारित और मूल्यवान शिक्षा दिए जाने की बात कही। कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है। शिक्षक जो बच्चों को बताएगा उसे ही वह अपने जीवन में उतारकर आगे बढ़ेगें। इस अवसर पर विद्यालय का तमाम स्टाफ मौजुद रहे।

# अब निजि अस्पतालों में लगेगी वैक्सीन

» मदरलैंड संवाददाता





रुड़की। स्वास्थ्य विभाग ने रुड़की, भगवानपुर के दो निजी अस्पतालों कोरोना वैक्सीन लगाने के लिए अधिकृत कर दिया है। सीएमओ कार्यालय से जारी पत्र में रुड़की के विनय विशाल और भगवानपुर के आरोग्यम चिकित्सालय में कोरोना वैक्सीन लगायी जाएगी। निजी अस्पताल में इसके लिए 250 रुपये शुल्क लगेगा। कोरोना बचाव वैक्सीन लगाने के तीसरे चरण में साठ साल से अधिक और 45 से 59 तक के बीमार लोगों को वैक्सीन लगनी शुरू हो चुकी हैं। सिविल अस्पताल में तीसरे चरण के वैक्सीनेशन का काम 1 मार्च से शुरू हो चुका है। जिसके अंतर्गत इस आयु वर्ग के लोगों को मुफ्त में वैक्सीन लग रही है।

वहीं दूसरी और स्वास्थ्य विभाग ने दो निजी अस्पतालों में भी तीसरे चरण का वैक्सीनेशन का काम शुरू कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने रुड़की और भगवानपुर के एक एक निजी अस्पताल का इसके लिए चयन किया है। एसीएमओ डॉ. अजय कुमार ने बताया कि रुड़की के विनय विशाल अस्पताल और भगवानपुर के आरोग्यम चिकित्सालय में यह सुविधा शुरू कर दी गयी है। बताया कि इसके लिए 250 रुपये शुल्क देना होगा। इसमें 150 वैक्सीनेशन शुल्क और 100 रुपये सेवा शुल्क तय किए गए हैं। रुड़की के विनय विशाल अस्पताल के प्रबंधक डॉ. विशाल घई ने बताया कि वैक्सीनेशन लगाने के लिए किसी भी प्रकार की जानकारी लेने के लिए हेल्प लाइन नंबर भी जारी कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति 7060066077 मोबाइल नंबर पर वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी ले सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### मेडल जीत अनुराग ने बढ़ाया शहर का मान

रुड़की। मिक्स मार्शल आर्ट में रुड़की के अनुराग ठाकुर ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। अनुराग की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी की लहर है। परिचित घर पहुंचकर परिजनों को बधाई दे रहे हैं। अनुराग ने किसी संस्थान से ट्रेनिंग नहीं लेकर बल्कि स्वंय ही खुद को इस प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। आईआईटी रुड़की के अस्पताल में सीनियर नर्स के पद पर कार्यरत मोहिनी ने बताया कि पुत्र अनुराग ठाकुर ने रुड़की से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। जिसके बाद दिल्ली के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी से ग्रेजुएशन के बाद मुंबई से पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी की है। मोहिनी ने बताया कि वह खुद आईआईटी की ओर से आयोजित खेल में प्रतिभाग करती रहती है। उन्हें बचपन से ही खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का काफी शौक रहा है। लेकिन वह अपने इस शौक को नेशनल लेवल तक लेकर नहीं जा सकी। जिसके बाद उन्होंने पुत्र को इसके लिए तैयार किया। बचपन से ही अनुराग को खेल में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करती रही। अनुराग ने मां के सपने को साकार कर दिखाया है। बताया कि लखनऊ स्थित बाबू सुंदर सिंह कॉलेज में नेशनल चैंम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। जो 19 से 21 फरवरी तक चला। इसमें 22 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेशों से 223 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इनमें अनुराग ने गोल्ड मेडल जीता है। पुत्र की इस कामयाबी से परिवार की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। परिचित घर पहुंचकर परिवार को मिठाई खिलाकर बधाई दे रहे हैं।

### जौरासी में आग से सामान राख

रुड़की। जोरासी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से घर में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। जौरासी निवासी नरेश सैनी मंगलवार रात परिवार समेतघर में सोया हुआ था। देर रात नरेश के एक कमरे में आग लग गई। आग लगने से लपटें और धुआं उठने लगा जिस पर पड़ोसियों की आंखें खुल गई। नरेश ने परिवार समेत घर से बाहर निकल कर शोर मचाया। शोर की आवाज सुनकर आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक घर में रखे जेवर, नकदी, पंखा, कूलर, कपड़े व दरवाजे समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग लगने से एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। सूचना पर हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। हल्का लेखपाल राहुल कुमार ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आकलन करना शुरू कर दिया है। जल्द ही रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी जाएगी।

### धुनाई के बाद पुलिस को सौंपा चोर

रुड़की। बंद मकान का ताला तोड़कर चोर घर के अंदर घुस गया। मकान से गैस सिलेंडर लेकर जैसे ही वह भागा तो क्षेत्रवासियों ने दौड़ कर उसे पकड़ लिया। पहले तो क्षेत्रवासियों ने चोर की धुनाई की। जिसके बाद गंगनहर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सुभाष नगर निवासी अनिल अपने परिवार के साथ घर से बाहर गए हुए थे। परिवार की गैरमौजूदगी में चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गया। मकान को खंगाला और सामान लेकर गली से होते हुए बाहर निकल गया। तभी क्षेत्रवासियों की उस पर नजर पड़ गई। शोर होने पर कई लोग मौके पर आ पहुंचे। चोर का पीछा कर पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने पहले तो चोर की जमकर धुनाई की इसके बाद सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और चोर को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मैनवाल ने बताया कि सोनू निवासी मोहल्ला पठानपुरा देवबंद जिला सहारनपुर को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### रॉयल पब्लिक स्कूल में हुआ यज्ञ, देश की तरक्की की कामनाएं की

झबरेड़ा। रॉयल पब्लिक स्कूल परिसर में क्षेत्र व देश की सुख शांति के लिए पूर्व विधायक व स्कूल प्रबंधक द्वारा हवन यज्ञ कराया गया। बुधवार को रॉयल पब्लिक स्कूल झबरेड़ा प्रांगण में कस्बा क्षेत्र व देश की सुख शांति व समृद्धि के लिए पूर्व विधायक चैधरी यशवीर सिंह द्वारा कराए गए हवन यज्ञ में पंडित वासुदेव पन्त व पंडित कैलाश ने वेद मंत्रोच्चारण समेत घी सामग्री की आहुति दिलाई। यज्ञ समापन के बाद लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान चैधरी यशवीर सिंह ने कहा कि समय-समय पर हवन यज्ञ होते रहने आवश्यक हैं। यज्ञ से प्रदूषित वायु शुद्ध होती है। जिससे कोई भयंकर बीमारियां स्वयं ही समाप्त हो जाती हैं। यज्ञ से देवी देवताओं को शक्ति मिलने के साथ-साथ जीव जंतु प्राणियों पर कृपया बनी रहती है चैधरी कुलबीर सिंह ने कहा कि मंदिरों में पूजा-पाठ वह हवन यज्ञ होते हैं परंतु स्कूल कॉलेज भी शिक्षा के मंदिर हैं वहां भी पूजा हवन यज्ञ होने चाहिए क्योंकि शिक्षा के मंदिर से बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अच्छे नागरिक बनते हैं उन्होंने कहा कि सभी स्कूल कॉलेज प्रबंधकों को समय-समय पर अपने स्कूलों में हवन यज्ञ कराना चाहिए।

# होटल, बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। रुड़की होटल एंड बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम द्वारा होटल व्यवसाई पर लगाए गए विभिन्न प्रकार के टैक्स में छूट दिए जाने को लेकर ज्ञापन मुख्य नगर आयुक्त को सौंपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष केजी अरोड़ा के नेतृत्व में एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों सदस्यों ने मुख्य नगर आयुक्त नूपुर वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

इसमें एसोसिएशन ने कहा कि नगर निगम के द्वारा होटल कारोबारियों पर लगाए गए सीवरेज एवं कमर्शियल टैक्स को हटा दिया जाए। ताकि होटल व्यवसाय को इन टैक्स मुक्ति मिल सके। होटल व्यवसायियों ने कहा कि होटल व्यवसाय कोविड-19 के चलते पहले से ही अपने व्यवसाय को लेकर लाचार हो चुके हैं और उनके पास अपने होटल के स्टाफ व अन्य खर्च निकालने मुश्किल हो रहे हैं। कहा कि अब सरकार को होटल कारोबारियों पर भी ध्यान देना चाहिए। ताकि होटल व्यवसाई अपने कारोबार को बढ़ावा दे सकें। ज्ञापन देने वालों में अश्वनी भारद्वाज, ऋषिपाल बालियान, कमल सेठी, दीपक चैधरी, कुनाल सचदेवा, अक्षय प्रताप, प्रणय प्रताप, अंकित राजपूत शामिल रहे।

# ग्रामीण छात्रों के लिए आयोजित हुई सोलर स्टडी लैम्प कार्यशाला

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार के उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूडकी द्वारा अपने निकट के गॉव की उन्नतिमय योगदान हेतु 2 मार्च को सोलर ऊर्जा के महत्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आईआईटी रूडकी के प्रो. डा. आशीष पाण्डेयएवं यूबीए रिजनल कोअर्डिनेटर ने कोर के प्रयासो की सराहना की एवं भविष्य में भी गांव के उत्थान एवं उन्नति में सहयोग करने हेतु योजनाओं के बारे में बताया। कोर के महानिदेशक डा. एसपी गुप्ता एवं निदेशक डा. बृजमोहन सिंह ने ऊर्जा के पांरपरिक स्त्रोतो के महत्व एवं भविष्य में उपयोगिता पर विस्तारमय चर्चा की। इस दौरान कोर कॉलेज के यूबीऐ सेल ने गांव ब्रहमपुर, बाजुहेडी, बेलडा एवं मूलदासपुर माजरा के स्कूल के 70 छात्रों को सोलर स्टैडी लैंप को बनाना सिखाया एवं छात्रों को वही लैम्प उपयोगकरने हेतु भेट किये। इस अवसर पर शिक्षा सदन इंटर कॉलेज के शिक्षक डा. उमेश कुमार, प्रियंका शर्मा, आयोजक डा. आदेष आर्य, डा. वीके सिंह, डा. अमरनाथ, बीडी पटेल, डीन डा. डीवी गुप्ता, अनुराधा, डीन डा. पंकज चैधरी आदि उपस्थित रहे। कायार्शाला का संचालन कोर कॉलेज के छात्र रोहित कुमार, प्रणव मुखर्जी, अमित सिंह महर, वंषदीप सिंह, अभिषेक, खुशबूं अदिति एवं कनिष्क आदि ने किया। कार्यशाला सहायक विपिनकुमार, राजू, राकेष विनेष कुमार अमित कुमार एवं रेजीमोन सेमुअल ने छात्रों को सोलर लैम्प बनाने में सहयोग किया।



# महंगाई के विरोध में सड़क पर उतरी सेवादल महिलाएं

**मदरलैंड संवाददाता, रुड़की।** कांग्रेस सेवादल महिला मोर्चा ने रसोई गैस के दाम बढ़ाने का विरोध किया है। गैस सिलेंडर की आरती उतारकर और थाली बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि भाजपा की सरकार में लगातार कीमतें बढ़ रही हैं। चंद्रशेखर चैक के पास नहर किनारे विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस सेवादल की महानगर अध्यक्ष मंजू कश्यप के नेतृत्व में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान गैस सिलेंडर की आरती उतारने के साथ ही थाली बजाकर विरोध जताया गया। मंजू कश्यप ने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल सहित अन्य खाद्य पदार्थों के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इससे मध्यम वर्ग, गरीब और किसानों को परिवार चलाना कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले ही कोरोना से लोगों की रोजी-रोटी छिन गई है। सरकार रोजगार उपलब्ध नहीं करा पा रही है और अब लगातार आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। पेट्रोलियम और गैस की कीमत बढ़ाकर सरकार अपना खजाना भर रही है। टैक्स का बोझ पहले से ही परेशान आम लोगों पर पड़ रहा है। एक सप्ताह भी नहीं होता कि गैस सिलेंडर के दाम फिर बढ़ा दिए जाते हैं। महिलाओं के लिए रसोई का बजट संभालना भी मुश्किल हो गया है। इस दौरन सेवादल की महानगर सचिव मीरा धीमान, मीना, रचना, पूनम, सुषमा, सुमन, सुषमा रानी, सन्तरी, संजीत, आंचल आदि मौजूद रहे।

# किसान, मजदूर के शोषण में जुटी कांग्रेस, भाजपा: बसपा

» मदरलैंड संवाददाता

भगवानपुर। मानकपुर आदमपुर मे मंगलवार को बसपा नेताओ ने बैठक का आयोजन कर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व मिशन 2022 की रणनीति तैयार की। पूर्व विधायक एवं बसपा प्रदेश उपाध्यक्ष मो. शहजाद ने कहा कि आज देश में किसान, मजदूर, मध्यमवर्ग और किसानों के विरोध में माहौल चल रहा है। युवा और छोटे कारोबारियों के हितों पर भी लगातार हमले हो रहे हैं। शहजाद ने कहा कि आज सभी को सावधान रहने और आने वाले चुनाव में बदलाव की जरूरत है।

बसपा प्रदेश महामन्त्री चै राजेन्द्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा दोनों ही दल मिलकर किसान, मजदूर, युवाओ और छोटे कारोबारियों के शोषण में लगे हैं। प्रदेश में लगातार, बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है, किसानों के हितों की अनदेखी हो रही है, लेकिन कांग्रेस, भाजपा दोनों ही खामोश है। कहा कि राज्य सरकार ने गन्ने का मूल्य तो मार्च में आकर घोषित कर दिया है, लेकिन किसानों के लिए एक रुपया भी नहीं बढ़ाया गया है। साफ है कि सरकार किसानों को कमजोर कर चीनी मिल मालिकों को फायदा पहुंचाने में लगी है। राजेंद्र सिंह ने कहा कि इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

अब किसान, मजदूर को भी अपने हितों की रक्षा को लेकर आगे आना होगा। प्रदेश में आने वाला समय बसपा का है। इस अवसर पर रवीन्द्र पनियाला, दलित विरोधी डा. फर्जी बावरा, अरविन्द कुमार, प्रदीप चैधरी महिपाल सिंह, डॉ. मनोज कुमार वरुण प्रधान सुनील कुमार मोनू राणा संदीप चैधरी आदि मौजुद रहे।

# ...तो व्यापारियों को बांट रहा व्यापार मंडल

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के गठन को लेकर व्यापारियों ने ही सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारी नेता मंजीत उर्फ सन्नी का कहना है कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापारियों को दो फाड़ करने में लगा है।

पूर्व मेयर यशपाल राणा ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारियों के लिए नहीं बल्कि कुछ लोगों के लिए बनाया गया है। अरविंद कश्यप ने बताया कि जो वोट बैंक को लेकर चल रहे हों वह व्यापारियों की समस्या क्या उठा पाएगें।

व्यापार मंडल में शामिल लोग मंच को तरस रहे थे, इसके जरिए उन्होने मंच तलाश किया है।

पूर्व चेयरमैन दिनेश कौशिक ने कहा कि व्यापारी प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के झांसे में नहीं आने वाले हैं।

# ढंडेरा में मिलेगी जलभराव से निजात, प्रशासन ने शुरू की कसरत

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। ढंडेरा में जलभराव की समस्या से जल्द ही लोगों को राहत मिलने की संभावनाए बन गई हैं। इसे लेकर प्रशासन ने जमीनी कसरत शुरू कर दी है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के मुताबिक मिलापनगर समेत कुछ स्थानों से टुल्लु पम्प से पानी निकलवाया जा रहा है।

बता दें कि कांग्रेस नेताओ के विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नमामि बंसल ने जल निकासी का स्थाई हल तलाशने को प्रशासनिक व लोक निर्माण विभाग अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया था। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने समस्या का स्थाई समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान ग्रामीणों ने जेएम से मिलकर जलभराव का अस्थाई समाधान करने की मांग की। जिस पर उन्होंने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। ढंडेरा गांव में जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को निजात नहीं मिल पा रही है। मंगलवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नमामि बंसल प्रशासनिक व लोक निर्माण विभाग की टीम के साथ ढंडेरा गांव पहुंची और जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित करने के साथ ही उनका निरीक्षण किया। टीम के पहुंचते ही काफी ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। उन्होंने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से जलभराव की समस्या का समाधान करने की मांग की। इस दौरान प्रशासनिक टीम ने जलभराव की समस्या से कैसे निजात दिलाई जाए इसको लेकर मंथन किया और जल निकासी कहां कहां से की जा सकती है उन स्थानों का मुआयना किया।

इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने क्षेत्र के लेखपाल को फिलहाल पंप लगाकर जलभराव से निजात दिलाने के निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि जलभराव से निजात दिलाने को लेकर स्थाई समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही जलभराव से निजात मिल जाएगी। इस दौरान एएसडीएम पूरण सिंह चैहान के अलावा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पंजाबी महासभा ने दिए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। उत्तरांचल पंजाबी महासभा का संगठन वार्ड स्तर तक बनेगा। कुछ समय पहले बनाए गए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। महासभा जरूरमंदों की मदद भी करेगी। एक होटल में हुई बैठक में मुख्य अतिथि संजीव ग्रोवर ने कहा कि महासभा सभी जरूरतमंदों की मदद करेगी।

यह काम पंजाबी समाज ही नहीं बल्कि सर्व समाज के लिए किया जाएगा। उत्तरांचल पंजाबी महासभा जिला, महानगर, महिला व युवा इकाई मिलकर महासभा का नाम एक नए मुकाम पर पहुंचाएंगे।

इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी दिए गए। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा मनमीत चढ़ा व नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष पश्चिमी कुनाल सचदेवा को उत्तरांचल पंजाबी महासभा की तरफ से सम्मानित किया गया। भारत भूषण कालरा ने कहा कि उत्तरांचल पंजाबी महासभा को अपनी कार्यकारिणी विस्तार करने पर ध्यान देना चाहिए। जो कि वार्ड स्तर पर होना चाहिए। ताकि संगठन आसानी से हर जरूरतमंद तक पहुंच सके। महासभा के जिला अध्यक्ष करमजीत सिंह खोखर ने कहा कि जिले के साथ-साथ सभी नगरों की कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा है।

और साथ ही जरूरतमंद लोगों को भी चिन्हित किया गया है, जिन्हें महासभा मदद देगी।

बैठक में अमित सहदेव भूपेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, गुरचरण सिंह, अमनदीप सिंह सोढ़ी, रमनजीत सिंह, रोहित चांदना, खुशाल मिगलानी, दिलीप मेहंदीरत्ता, हरीश शर्मा, अमनदीप सिंह गिल, मनमीत चड्ढा, देवेंद्र आहूजा, गगन, मनमीत सिंह आदि मैजूद रहे।

# किसान नेता बोले, डीजल, बिजली बिलों में दी जाए आधी छूट

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष चैधरी पदम सिंह रोड़ ने कहा कि किसानों को विद्युत बिलों व डीजल पर आधी छूट दी जानी चाहिए। सरकार द्वारा किसानों को राहत न देने पर खेती पर संकट आ रहा है। इससे किसानों के साथ-साथ सरकार को भी भारी नुकसान है। इसलिए देश और आम जन के हित में देखते हुए तीनों कृषि बिल तत्काल वापस लिए जाने चाहिए। पदम सिंह रोड़ ने कहां कि चाहे केंद्र सरकार हो या फिर राज्य सरकार दोनों किसानों द्वारा ही चुनी गई है। भाजपा जो चुनाव से पूर्व किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करती थी अब वह उद्योगपतियों की आय दोगुनी करने में लगी है।

किसानों को बढ़ती महंगाई में उनकी उपज का मूल्य उचित ने मिलने से किसान बैंक व साहूकारों के कर्ज में दबता जा रहा है। कहा कि सरकार किसानों को राहत देने के लिए डीजल तेल तथा विद्युत बिलों पर छूट दे। खेती में लाभ न होने के कारण ही आज युवा खेती से दूर भाग रहे हैं।

उत्तराखण्ड किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ ने कहा कि खेती में किसानों को दिन रात मेहनत करने के बाद भी भरपेट भोजन नहीं मिल पाता।

उन्होंने कहा कि 3 माह से दिल्ली बॉर्डर पर किसान तीनों कृषि बिल समाप्त कराने के लिए धरना दे रहा है। देश के सभी किसान उनके साथ हैं। कहा कि कृषि विरोधी तीनों बिल समाप्त होने चाहिए। सरकार द्वारा जो 6 हजार रुपए किसानों को दिए जा रहे हैं वह भी सभी किसानों को न मिलकर कुछ किसानों को ही मिल पा रहे हैं। इन 6 हजार रुपए से किसान का भला होने वाला नहीं है।

उन्होने पहाड़ में खत्म किए गए विकास प्राधिकरण को हरिद्वार में भी समाप्त किए जाने की मांग उठाई। साथ ही हरिद्वार के लोगों को भी पहाड़ की तरह ही मूल निवास देने की मांग की। कहा कि एक प्रदेश में दो कानून नहीं चल सकते। यह साफ तौर पर भेदभाव को दशार्ता है।

# महाकुम्भ मेले में किये जा रहे कार्यों को मुख्यमंत्री ने सराहा

**हरिद्वार।** बुधवार को हरिद्वार में कुम्भ मेला कार्यों का निरीक्षण करने के पश्चात मीडिया से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कुम्भ मेले की व्यवस्थाओं के लिये किये जा रहे कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कुम्भ मेले के लिये जारी एसओपी का सभी से अनुपालन करने की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार कुम्भ क्षेत्र की वाह्य सज्जा बेहतर हुई है। एनएच से सम्बंधित सभी आवश्यक कार्य लगभग पूर्ण हो चुके है। इससे यातायात का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के कारण हर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। हम भी अभी इससे पूरी तरह उबर नहीं पाये हैं। उन्होंने कुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए सभी से कुम्भ से सम्बंधित एसओपी का अनुपालन करने की अपेक्षा की। हम स्वयं सुरक्षित रहकर ही दूसरों को भी सुरक्षित रख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान करने में कोई कठिनाई न हो, इसके लिये प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


# देश में बड़े चाइनीज निवेश को मंजूरी दे सकती है सरकार



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ऐसे सेक्टर्स में बड़े चाइनीज निवेश को मंजूरी देने पर विचार करने वाली है, जिनमें स्थानीय कंपनियों की पर्याप्त क्षमता नहीं है, लेकिन इस मामले में सरकार जल्द ही कोई ओपन डोर पॉलिसी नहीं अपनाएगी। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से मिली है। उनका कहना है कि सरकार की यह रणनीति त्रिआयामी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग गाइडलाइन का हिस्सा है, जिसका एडमिनिस्ट्रेटिव मंत्रालय भारत में चाइनीज निवेश के पुनरीक्षण के लिए पालन करेंगे। इसके अलावा सरकार दो अन्य तरह के निवेश प्रस्तावों को भी मंजूरी देने वाली है। इनमें से एक उन कंपनियों या निवेशकों द्वारा निवेश का है, जिनका चीन के बाहर मुख्यालय है लेकिन फंड चीन के रास्ते आता है। वहीं दूसरा प्रस्ताव चाइनीज निवेशकों के बेहद छोटे निवेश का है। इन तीनों मामलों में सिक्योरिटी क्लीयरेंस अनिवार्य रहेगा। एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक प्रस्तावों की तीन प्रमुख गाइडलाइंस के तहत जांच की जा रही है। बड़े चाइनीज निवेश के प्रस्ताव पर विचार केवल ऐसे क्रिटिकल एरिया में होगा, जहां स्थानीय कंपनियों की मौजूदगी बेहद कम या न के बराबर है।

गौरतलब है कि पिछले साल भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख बॉर्डर पर हुई हिंसा के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बरकरार है, लेकिन दोनों देश रिश्तों में सुधार की कोशिश कर रहे हैं।

# भारत में हर 10 दिन पर एक व्यक्ति बना अरबपति



**मुंबई।** महामारी वाले साल 2020 में भारत ने हर 10 दिन पर एक अरबपति दुनिया को दिया। इसकी प्रमुख वजह स्टॉक मार्केट में आया बूम रही। हुरून की ग्लोबल रिच लिस्ट 2021 के मुताबिक सबसे ज्यादा अरबपतियों की संख्या वाले देशों में भारत तीसरे नंबर पर बरकरार है। गुजरे साल में 55 भारतीय, अरबपति क्लब में शामिल हो गए। इनमें भारत में रहने वाले और देश से बाहर रहने वाले भारतीय मूल के लोग दोनों शामिल हैं। वहीं भारत में रहने वाले लोगों में से 2020 में 40 नए अरबपति निकले। लिस्ट के मुताबिक अब 209 भारतीय लोग अरबपति हैं। इनमें से 177 भारत में ही रह रहे हैं। हुरून की लिस्ट में से जो 50 नए भारतीय चेहरे शामिल हुए, उनमें बालकृष्ण इंडस्ट्रीज के अरविंदकुमार पोद्दार, मैकलोड्स फार्मा की बावरी फैमिली, हेटेरो ड्रग्स के बी पार्थसारथी रेड्डी, जेरोधा के निखिल कामथ, हीरो साइकिल्स के पंकज मुंजाल और कल्याण ज्वैलर्स के टीएस कल्याणरमन शामिल हैं। वहीं लिस्ट में से जो भारतीय बाहर हो गए, उनमें यूएई के बीआर शेट्टी, ओयो रूम्स के रितेश अग्रवाल और फ्यूचर ग्रुप के किशोर बियानी शामिल हैं। दुनिया में पहले कभी एक साल के अंदर इतना ज्यादा वेल्थ क्रिएशन नहीं देखा गया। पूरी दुनिया में हर सप्ताह 8 नए अरबपति बने और अब ग्लोबली अरबपतियों की संख्या 3288 हो गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी हुरून की लिस्ट के मुताबिक, दुनिया के 8वें सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। पिछले एक साल में मुकेश अंबानी की दौलत 24 फीसदी बढ़ी और अब वह 83 अरब डॉलर के मालिक हैं। यह भारतीय करेंसी में 6.09 लाख करोड़ रुपये के करीब बैठती है। मुकेश अंबानी एशिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स हैं। हुरून ग्लोबल रिच लिस्ट 2021 में टॉप पर टेस्ला के एलन मस्क रहे। उनकी दौलत एक साल के अंदर 328 फीसदी बढ़कर 197 अरब डॉलर हो गई। केवल एक साल में मस्क की दौलत में 151 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। हुरून की लिस्ट में शामिल तीन लोग ऐसे हैं, जिन्होंने केवल एक साल में अपनी दौलत में 50 अरब डॉलर का इजाफा किया है। इनमें एलन मस्क के अलावा अमेजन के जेफ बेजोस और हुआंग शामिल हैं। बेजोस और हुआंग दोनों की दौलत 50-50 अरब डॉलर बढ़ी है। अलीबाबा के फाउंडर जैक मा चीन के सबसे रईस शख्स नहीं रहे हैं। 2021 की हुरून की लिस्ट में वह खिसककर चौथे पायदान पर आ गए हैं।

# 10 महीने के निचले स्तर पर पहुंचा सोना

**मुंबई।** एमसीएक्स पर सोने का भाव बुधवार को करीब 10 माह के निचले स्तर पर आ गया। एमसीएक्स सोना 24 रुपए की मामूली गिरावट के साथ 45524 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। मंगलवार को ट्रेडिंग बंद होने पर सोने का भाव 45548 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सुबह एमसीएक्स पर सोने का भाव 45460 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा था। वहीं दूसरी ओर चांदी के भाव में तेजी है। बुधवार सुबह एमसीएक्स पर चांदी 696 रुपए तेज होकर 68035 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुली। मंगलवार शाम को ट्रेडिंग बंद होने पर चांदी का भाव 67339 रुपए प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया था। सुबह एमसीएक्स पर चांदी का भाव 67880 रुपए प्रति किलोग्राम चल रहा था। हाजिर भाव का हाल अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख और रुपए के मूल्य में सुधार दर्ज होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 679 रुपए की गिरावट के साथ 44,760 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 45,439 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक चांदी भी 1,847 रुपए लुढ़ककर 67,073 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई, जो पिछले कारोबारी सत्र में 68,920 रुपए प्रति किलो ग्राम पर बंद हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### विपणन वर्ष 2021-22 में गेहूं खरीद 10 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। सरकार ने कहा कि रिकॉर्ड उत्पादन के कारण रबी विपणन सत्र 2021-22 के दौरान गेहूं की खरीद 9.56 प्रतिशत बढ़कर 427.36 लाख टन होने का अनुमान है। गेहूं एक प्रमुख रबी फसल है। कटाई इस महीने के आखिर से शुरू होती है लेकिन अप्रैल से गति पकड़ती है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के केंद्रीय सचिव ने रबी विपणन सत्र 2021-22 और खरीफ विपणन सत्र के चावल (रबी फसल) के दौरान गेहूं की खरीद की व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए राज्य खाद्य सचिवों की एक बैठक की अध्यक्षता की।

### रुपया 11 पैसे कमजोर खुला

नई दिल्ली। विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार 3 मार्च को भारी तेजी के साथ खुला। डॉलर के मुकाबले रुपया 20 पैसे की मजबूती के साथ 73.34 रुपये के स्तर पर खुला। जानकारों का कहना है कि विदेशी मुद्रा में मजबूती की वजह से रुपया कमजोर हुआ है। वहीं मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे की मजबूती के साथ 73.36 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था।

### ब्रिक्स बैंक ने चीन को एक अरब डॉलर का कर्ज मंजूर किया

बीजिंग। ब्रिक्स नव विकास बैंक (एनडीबी) ने चीन को सात अरब युआन या करीब 1.08 अरब डॉलर के आपात सहायता ऋण की मंजूरी दी है। चीन को यह ऋण कोविड-19 महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को समर्थन के लिए दिया जा रहा है। यह चीन को दूसरा आपात सहायता ऋण है। इससे पहले एनडीबी ने चीन को महामारी से मुकाबला करने के लिए इतनी ही राशि का ऋण मंजूर किया था। शंघाई स्थित बैंक ने पिछले साल भारत को भी कोविड-19 महामारी से निपटने में मदद के लिए एक अरब डॉलर का आपात सहायता ऋण मंजूर और वितरित किया था। बैंक ने कहा कि इस ऋण सहायता से चीन को उत्पादन गतिविधियों को बहाल करने, रोजगार में स्थिरता और सतत आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी।

### मजबूती के साथ खुले बाजार

मुंबई। घरेलू शेयर सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को शुरूआती कारोबार में भी तेजी जारी रही। सूचकांकों को वित्तीय शेयरों की मजबूती से बल मिला। 25 फरवरी के बाद निफ्टी फिर 15 हजार के पार निकला है। निफ्टी बैंक में 400 अंकों का जोरदार उछाल देखने को मिल रही है। मिडकैप इंडेक्स ने फिर नया शिखर बनाया है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 411.23 अंकों की बढ़त के साथ 50,708.12 अंक पर और निफ्टी 124.65 अंकों की तेजी के साथ 15,043.75 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एलएंडटी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में से 25 के शेयर बढ़त में थे। मंगलवार को सेंसेक्स में 447.05 अंक की और निफ्टी में 157.55 अंक की तेजी दर्ज की गई थी। विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को भारतीय पूंजी बाजार में 2,223.16 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। एशियाई बाजार बुधवार को दोपहर के कारोबार में बढ़त में चल रहे थे।

### पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर

मुंबई। घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने बुधवार को लगातार चौथे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इसके पहले 27 फरवरी को पेट्रोल-डीजल के दाम ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गए। दिल्ली में 3 मार्च को पेट्रोल के दाम 91.17 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 81.47 रुपए प्रति लीटर हैं। मुंबई में भी पेट्रोल के भाव 97.57 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 88.60 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 91.35 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 84.35 रुपए प्रति लीटर हैं। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 93.11 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.45 रुपए प्रति लीटर हैं। इसी तरह बेंगलुरु में भी पेट्रोल के दाम 94.22 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.37 रुपए प्रति लीटर हैं।

### ओप्पो का शानदार फाइंड एक्स3 सीरीज फोन 11 मार्च को लॉन्च होगा

नई दिल्ली। प्रसिद्ध मोबाइल निमार्ता कंपनी ओप्पो अपने नई ओप्पो फाइंड एक्स3 सीरीज को बाजार में उतारने की तैयारी में है और कंपनी ने अपनी इस सीरीज की लॉन्च तारीख की घोषणा कर दी है। ओप्पो ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर एक पोस्टर साझा किया है जिससे लॉन्च तारीख और लाइवस्ट्रीम इवेंट का आगाज कितने बजे से होगा इस बात की जानकारी मिली है। ओप्पो फाइंड एक्स3 सीरीज स्मार्टफोन्स के डिस्प्ले पर फोकस रहेगा क्योंकि पोस्टर के साथ किए गए ट्वीट में अवोकन कलर शब्द का इस्तेमाल किया गया है और साथ ही पोस्टर में एक तस्वीर नजर आ रही है जो फोन में मौजूद फ्लैगशिप डिस्प्ले की तरफ इशारा कर रही है। टीजर पोस्टर में दिख रही डिस्प्ले में एक बेंड नजर आ रहा है और यह इस बात का संकेत देता है कि संभवत: कंपनी ने स्मार्टफोन में बेंडेबल डिस्प्ले दी है। अब तक सामने आई अफवाहों की बात करें तो फ्लैगशिप फोन में स्पीड और मल्टीटास्किंग के लिए क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 888 प्रोसेसर का इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रो वेरिएंट में 12 जीबी तक रैम और 256 जीबी इंटरनल स्टोरेज हो सकती है। वहीं सॉफ्टवेयर की बात की जाए तो फोन एंड्रॉयड 11 आउट ऑफ द बॉक्स के साथ आ सकता है।

# ट्विटर ने एंड्रॉयड प्रयोगकताओं के लिए लांच किया स्पेसिस

**नई दिल्ली।** माइक्रोब्लॉगिंग मंच ट्विटर भारत सहित वैश्विक स्तर पर चुनिंदा एंड्रॉयड प्रयोगकताओं को ऑडियो चैट फीचर स्पेसिस उपलब्ध करा रहा है। ट्विटर ने पूर्व में आईफोन प्रयोगकताओं के लिए क्लबहाउस जैसे फीचर का परीक्षण किया था। चूंकि अब यह फीचर एंड्रायड पर उपलब्ध कराया गया है, अधिक प्रयोगकर्ता इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। भारत में प्रयोगकताओं को इसका अधिक फायदा होगा क्योंकि यहां एंड्रॉयड उपकरणों का दबदबा है। ट्विटर स्पेसिस पेज पर ट्वीट में कहा गया है कि एंड्रायड के प्रयोगकताओं हमारा बीटा बढ़ रहा है। आज से आप जुड़ सकते हैं और किसी भी स्पेस पर बात कर सकते हैं। जल्द आप अपना स्पेस बना सकते हैं, लेकिन इसके लिए हम अभी कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं। ट्विटर के भारत में प्रयोगकताओं 1.75 करोड़ हैं।

# कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ा सकते हैं ओपेक

## कच्चे तेल के भाव कम होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह होने वाली बैठक में ओपेक और समूह कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने का फैसला ले सकते हैं। इस फैसले से कच्चे तेल के भाव कम होने की उम्मीद भी बढ़ेगी। खासकर भारत के लिए जहां पेट्रोल-डीजल के भाव लगातार बढ़ रहे हैं। बैठक से पहले इस समूह में अधिकतर देशों का मानना है कि अगर उत्पादन बढ़ाया जाता है तो तेल की खपत भी बढ़ेगी। हालांकि, कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स में ओपेक और देशों के इस समूह द्वारा उत्पादन बढ़ाने के लिए सऊदी अरब और रूस में मतभेद की भी बात कही गई है। दरअसल, उत्पादन बढ़ाने को लेकर सऊदी अरब का नजरिया अब भी सतर्क दिखाई दे रहा है, जबकि रूस उत्पादन बढ़ाने के मूड में है। इन सबके बीच गुरुवार को होने वाले बैठक में क्रूड ऑयल का उत्पादन 15 लाख बैरल प्रतिदिन तक बढ़ाया जा सकता है। अगर बैठक में तेल उत्पादक देशों के बीच प्रोडक्शन बढ़ाने की सहमति बनती है तो इससे यह भी साफ हो जाएगा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अब कोरोना की मार से उबर रही है। क्रूड उत्पादक देशों के लिए पिछला एक साल चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्हें इतिहास में सबसे बड़े आउटपुट कटौती तक का फैसला लेना पड़ा, क्योंकि वैश्विक स्तर पर लॉकडाउन के बाद दुनियाभर में



ईंधन की मांग रिकॉर्ड स्तर पर कम हो चुकी थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों में इन देशों को फायदा भी हुआ है। खासकर तब जब कच्चे तेल का भाव एक बार फिर 60 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने में कामयाब रहा है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा है कि वैश्विक आर्थिक रिकवरी और ऑयल मार्केट में संभावनों से पता चलता है कि स्थिति अब बेहतर हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल जिस तरह से अनिश्चितताओं के बीच बाजार इतनी बड़ी समस्या खड़ी हो गई, अब खत्म हो चुकी है। मंगलवार को भी लगातार चौथे दिन कच्चे तेल के दाम में नरमी देखने को मिली थी। मंगलवार को ब्रेंट क्रूड का भाव 1.6 फीसदी तक कम होकर 62.70 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था। हालांकि, पिछले साल की सामान अवधि की तुलना में यह अभी भी करीब 20 फीसदी अधिक है1 इस सप्ताह होने वाली बैठक में ओपेक प्लस देशों का समूह दो बातों पर प्रमुखता से चर्चा करने वाला है। इसमें पहला तो यह है कि अप्रैल में ये देश एक साथ मिलकर प्रति दिन 5 लाख बैरल तक उत्पादन बढ़ाएंगे या नहीं, जबकि, दूसरा मुद्दा यह भी होगा कि सऊदी अरब कैसे अतिरिक्त सप्लाई कटौती को कम करेगा। क्या यह चरणबद्ध तरीके से होगा? फरवरी और मार्च के लिए सउदी अरब ने 10 लाख बैरल प्रतिदिन की अतिरिक्त सप्लाई घटाने का फैसला लिया था। सऊदी अरब अब जो भी फैसला ले, एक बात तो तय है. कच्चे तेल के वैश्विक बाजार में पिछले साल अगस्त के बाद से अब तक का सबसे बड़ा सप्लाई बूस्ट मिलने वाला है. पिछले साल अप्रैल में तेल उत्पादक देशों को उत्पादन में हर दिन 97 लाख बैरल तक की कटौती करनी पड़ी थी. अगर फरवरी से जून के बीच ये देश 24 लाख बैरल प्रतिदिन तक का भी उत्पादन बढ़ाते हैं तो भी वैश्विक स्तर पर कई देशों को फायदा होगा और पिछले साल हुए नुकसान की भरपाई करने में मिल सकेगी।

# ईपीएफओ ब्याज दरों में कर सकता है कटौती

**मुंबई।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। दरअसल, 4 मार्च को सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की श्रीनगर में बैठक है। इस बैठक में ईपीएफओ की कमाई और वित्तीय हालात की पड़ताल की जाएगी। बैठक में वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ब्याज दर की घोषणा करने के प्रस्ताव पर भी फैसला होने की उम्मीद है।

माना जा रहा है कि कोरोना संकट के मद्देनजर संगठन ईपीएफ पर ब्याज दरों में कमी कर 6 करोड़ सब्सक्राइबर्स को झटका दे सकता है। बोर्ड ने हाल में कहा था कि सब्सक्राइबर्स को 31 मार्च 2021 के आखिरी तक दो किस्तों में 8.50 फीसदी ब्याज दर का भुगतान किया जाएगा। पहली किस्त में सब्सक्राइबर्स को 8.15 फीसदी और दूसरी में 0.35 फीसदी ब्याज का भुगतान किया जाएगा। ईपीएफओ ने कहा था कि 8.50 फीसदी ब्याज में 8.15 फीसदी डेट इनकम और 0.35 फीसदी ईटीएफ की बिक्री से हासिल होगी। ईपीएफओ बोर्ड के सदस्य वृजेश उपाध्याय ने कहा कि वित्त वर्ष 2019-20 के लिए ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की जाएगी लेकिन मौजूदा हालात में इसे दो किस्त में चुकाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कुछ निवेश से फिलहाल पैसा नहीं निकाला जा सकता क्योंकि बाजार के हालात खराब हैं।

# एमएक्स प्लेयर ने 'चक्रव्यूह- एन इंस्पेक्टर वीरकर क्राइम थ्रिलर' का ट्रेलर रिलीज किया

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। एमएक्स प्लेयर की अगली अर्बन क्राइम सीरीज ह्यचक्रव्यूह- एन इंस्पेक्टर वीरकर क्राइम थ्रिलरह्ण गहन और रोमांच से भरे थ्रिलर के जोनर को नई परिभाषा देने का वादा कर रही है। इस एमएक्स ओरिजिनल सीरीज में सनकी इंस्पेक्टर वीरकर (प्रतीक बब्बर द्वारा अभिनीत) समय के विरूद्ध रेस कर रहा है और एक क्रूर ब्लैकमेलर को खोजने के मिशन पर है, जो कॉलेज के युवा स्टूडेंट्स को फंसाने के लिये वेब और सोशल नेटवर्किंग साइट्स का इस्तेमाल करता है।

बेस्ट-सेलिंग लेखक पीयूष झा की किताब 'एंटी-सोशल नेटवर्क' पर आधारित यह सीरीज 12 मार्च को रिलीज होगी और इसे एमएक्स प्लेयर पर फ्री में स्ट्रीम किया जा सकता है।

सजीत वारियर द्वारा निर्देशित 'चक्रव्यूह- एन इंस्पेक्टर वीरकर क्राइम थ्रिलर' 8 एपिसोड की और मौजूदा समय की कहानी है, जिसमें एक गुस्सैल पुलिसवाला अपने तरीके से न्याय करता है और जिसे एक भयानक हत्या का केस मिला है। जांच करते हुए इंस्पेक्टर वीरकर को तकनीक के जानकार बदमाशों का एक ग्रुप मिलता है, जो ब्लैकमेल और दूसरी गैर-कानूनी गतिविधियों के लिये इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। एक मुखबिर, एक हैकर और एक स्टूडेंट काउंसलर की मदद से इंस्पेक्टर वीरकर इन दोनों मामलों के बीच के मिसिंग लिंक को ढूंढने का काम करता है।

अपने किरदार के बारे में प्रतीक बब्बर ने कहा, ह्यमैं सनकी वीरकर की भूमिका में एक एक्टर के तौर पर अपनी विविधता दिखाने की उम्मीद कर रहा हूं। इस सीरीज में मेरा किरदार लगातार समय के विरूद्ध चलता है और एक क्रूर ब्लैकमेलर से आगे रहने की कोशिश करता है और बुराई को अच्छाई से जीतने नहीं देता है। वीरकर एक पुलिसवाला है, जो अच्छाई के लिये अपने अनोखे तरीके से लड़ता है- कई बार नियमों को तोड़ता है और सच के लिये किसी भी हद तक जा सकता है।

# मोबाइल रीचार्ज पर स्वास्थ्य बीमा के फायदे को लेकर वी ने आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेन्स के साथ की साझेदारी

» मदरलैंड संवाददाता

हिसार। महामारी के मौजूदा दौर में देशों की सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था पर बीमारियों के अप्रत्याशित दुष्परिणाम स्पष्ट हो गए हैं। जुलाई 2020 में प्रकाशित एक नेशनल सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक देश की सिर्फ 14 फीसदी ग्रामीण और 19 फीसदी शहरी आबादी के पास स्वास्थ्य बीमा कवरेज था। स्वास्थ्य बीमा के बारे में जागरुकता की कमी तथा इलाज की उंची लागत के चलते लोगों को अपने दायरे से बाहर जाकर चिकित्सा सेवाओं पर व्यय करना पड़ता है।

इसी के मद्देनजर भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेन्स के साथ साझेदारी में अपनी तरह की पहली पेशकश -ह्यवी हॉस्पिकेयरह्ण का लॉन्च किया है। ह्यवी हॉस्पिकेयरह्ण की यह अनूठी पेशकश प्रीपेड उपभोक्ताओं को अस्पताल में भर्ती के लिए कवरेज प्रदान करती है।

अचानक अस्पताल में भर्ती के मामले में वी के उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कंपनी स्वास्थ्य बीमा के फायदे लेकर आई है।

हॉस्पिकेयर की इस पहल के बारे में बात करते हुए, अवनीश खोसला, सीएमओ, वी ने कहा, ह्यवी में हम अपने उपभोक्ताओं के सशक्तीकरण के लिए प्रयासरत हैं। हम एक बिलियन से अधिक भारतीय मोबाइल फोन उपयोगकताओं के आने वाले कल को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक एवं किफायती समाधानों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेन्स की साझेदारी में वी हॉस्पिकेयर की यह पहल हमारे सहयोगपूर्ण प्रोग्राम के तहत एक अनूठी पेशकश है जो हमारे उपभोक्ताओं को वैल्यू एडेड समाधान उपलब्ध कराकर लाभान्वित करेगी। स्वास्थ्य एवं वैलनैस वी के लिए प्राथमिक फोकस का केन्द्र है और इस साझेदारी के माध्यम से हमने इस दिशा में एक और कदम बढ़ाया है, इससे अप्रत्याशित अस्पताल भर्ती के मामले में हमारे उपयोगकताओं को कम आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। मुझे विश्वास है कि पावरफुल फायदों वाली यह पेशकश, जिसमें कोई छिपी लागत नहीं है, विभिन्न सामाजिक वर्गों के हमारे प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए बेहद कारगर साबित होगी।

VI™ Together for Tomorrow™

इस साझेदारी पर बात करते हुए मयंक बथवाल, सीईओ, आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेन्स ने कहा, ह्यदेश आज अप्रत्याशित चिकित्सा व्यय की समस्या से जूझ रहा है, जहां लोगों को अचानक आने वाली चिकित्सकीय आपदा से निपटने के लिए अपनी जेब से पैसा खर्च करना पड़ता है। इसके चलते उन पर भारी आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेन्स में हमारा मानना है कि स्वास्थ्यसेवा सुरक्षा सार्वभौमिक होनी चाहिए और सभी लोगों को किफायती दरों पर उनकी जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य बीमा के फायदे मिलने चाहिए।

वी हॉस्पिकेयर स्वास्थ्य बीमा कवरेज को सुगम बनाकर निर्बाध क्लेम के साथ उपचार की प्रक्रिया को आसान बनाएगा। वी के साथ यह साझेदारी विभिन्न आर्थिक पृष्ठभुमि से जुड़े उपभोक्ताओं को विवेकपूर्ण स्वास्थ्य बीमा समाधान उपलबध कराने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# शॉटगन विश्व कप ट्रैप स्पर्धा में भारत की अच्छी शुरूआत



**नई दिल्ली।** मिस्त्र के काहिरा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज खेल महासंघ (आईएसएसएफ) शॉटगन विश्व कप ट्रैप स्पर्धा में भारतीय टीम की अच्छी शुरूआत रही है। भारतीय महिला स्कीट निशानेबाज मनीषा कीर ने पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 75 में से 69 अंक हासिल किये। इसी के साथ ही भारत शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। मनीषा अपने शुरूआती तीन क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों में 25 में से 23 शॉट की बदौलत लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रही। अभी उनके दो और दौर के मुकाबले होने हैं। वहीं रूस की एकातेरिना सबबोटिना 72 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। इसके अलावा भारत की ही राजेश्वरी कुमारी 62 अंक के साथ 17वें, जबकि कीर्ति गुप्ता 61 अंक के साथ 19वें स्थान पर हैं। दूसरी ओर पुरुष ट्रैप स्पर्धा में पृथ्वीराज टोंडाईमान ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 69 अंक के साथ 21वां स्थान हासिल किया। लक्ष्य श्योराण 67 अंक के साथ वापस 27वें स्थान पर आ गए, जबकि कीनन चेनाई 66 अंक प्राप्त कर 33वें स्थान पर रहे। महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में भारतीय महिला स्कीट निशानेबाजों की तिकड़ी अभी तीसरे स्थान पर है, हालांकि पुरुष टीम आठवें स्थान पर रही है।

# हरभजन का सामना करना अश्विन से ज्यादा कठिन: बेल

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान बेल ने कहा है कि भारत के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह और आर अश्विन दोनों ही शीर्ष स्तर के गेंदबाज हैं और इन दोनो में से किसे खेलना ज्यादा मुश्किल है यह कहना बेहद मुश्किल है। बेल उन बल्लेबाजों में से हैं, जिन्हें हरभजन और अश्विन दोनों को ही खेलने का अवसर मिला है। वह स्पिनरों को बेहतर तरीके से खेलने के लिए जाने जाते हैं। साल 2006, 2007, 2008 और 2011 में बेल ने हरभजन की गेंदों का जबकि साल 2014 में अश्विन का सामना किया था। बेल का मानना है कि अगर हरभजन और अश्विन की गेंदबाजी की तुलना करें तो मेरे लिए भज्जी की गेंदों का सामना करना अधिक कठिन रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगा कि हरभजन का सामना करना ज्यादा मुश्किल था, लेकिन उन दिनों डीआरएस नहीं हुआ करता था, तो ऐसे में उनका सामना करना थोड़ा आसान था लेकिन अगर भारतीय पिचों की बात करें तो दोनों का सामना करना बहुत कठिन है। मुझे लगा था कि इंग्लैंड में हरभजन के खिलाफ रन बना लूंगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।' इसके साथ ही बेल ने अश्विन की तारीफ करते हुए कहा कि इस ऑफ स्पिनर की गेंद में काफी विविधता है और उनके पास काफी ट्रिक्स हैं, ऐसे में उनकी ये चीजें उन्हें अन्य गेंदबाजों से काफी अलग बनाती हैं। बेल ने कहा, 'वह बिना दूसरा का इस्तेमाल किए जिस तरह से अपनी ट्रिक्स दिखाते हैं, वह देखना काफी अच्छा लगता है।'

# पिच की आलोचना को गंभीरता से न लें: रहाणे

**अहमदाबाद।** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा है कि पिच की आलोचना पर ध्यान देने की जरुरत नहीं है। यहां के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पिच पर स्पिनरों को ज्यादा टर्न मिलने से तीसरा टेस्ट दो दिनों में ही समाप्त हो गया था। उसी के बाद से ही पिच पर सवाल उठने शुरू हो गये थे। रहाणे ने कहा कि हमने विदेशों में नमी वाली पिचों के खिलाफ कभी कुछ नहीं कहा और इंग्लैंड की टीम को यहां चौथे टेस्ट में भी धीमें गेंदबाजों की सहायक पिक के लिए तैयार रहना चाहिये। चेपॉक (चेन्नई) में खेले गये दूसरे टेस्ट और मोटेरा (अहमदाबाद) में गुलाबी गेंद से खेले गए तीसरे टेस्ट में स्पिनरों की मददगार पिचों की काफी चर्चा हुई। श्रृंखला का चौथा और आखिरी टेस्ट गुरुवार से शुरू होगा। रहाणे ने कहा, 'लोग जो कह रहे है, उन्हें कहने दीजिए। जब हम विदेश दौरे पर जाते है तो तेज गेंदबाजों की मदद पिच को लेकर कोई कुछ नहीं कहता है। वे तब भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक पर बात करते है, मुझे नहीं लगता कि इसे गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है।' भारतीय टेस्ट उपकप्तान ने कहा, 'आप देखिए, जब हम विदेश दौरे पर जाते हैं, तो पहले दिन विकेट में काफी नमी होती है। जब पिच पर घास होती है तो गेंद असामान्य तरीके से उछाल लेती है। ऐसे में पिच खतरनाक हो जाती है पर हमने कभी कुछ नहीं कहा।'

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में 10 मार्च से होगी नेशनल हॉकी सब जूनियर चैंपियनशिप

सिमडेगा। झारखंड में आगामी 10 मार्च से नेशनल हॉकी सब जूनियर चैंपियनशिप होगी। राज्य के खेल निदेशक जिशान कमर ने सिमडेगा में अगामी 10 मार्च से आयोजित होने वाली नेशनल हॉकी सब जूनियर चैंपियनशिप की तैयारियों का भी जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी खबर है। सिमडेगा में जल्द ही एक एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम बनने जा रहा है। नेशनल हॉकी सब जूनियर चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। खेल निदेशक जिशान कमर इसकी तैयारियों को लेकर काफी संतुष्ट नजर दिखे। उन्होंने कहा कि सिमडेगा ने देश को हॉकी के पचास से अधिक सितारे दिए हैं। भारतीय हॉकी टीम में यहां से कप्तान भी मिले हैं। उन्होंने कहा कि हॉस्टल बंद रहने से खिलाड़ियों की शिक्षा के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें नियमित शिक्षा मिल सके। खेल निदेशक ने पार्वती शर्मा महाविद्यालय के पास हॉस्टल का भी निरीक्षण किया। इसके पूर्व उन्होंने उपायुक्त के साथ अलबर्ट एक्का स्टेडियम के पास नये एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के लिए जमीन का मुआयना किया। उपायुक्त ने कहा कि प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। इसके लिए सात मार्च से टीम आनी शुरू हो जाएगी। उससे पूर्व सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएगी।

### मियामी ओपन में नहीं खेलेंगे फेडरर

मियामी। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रोजर फेडरर ने मियामी ओपन टेनिस टूनार्मेंट से नाम वापस ले लिया है। फेडरर के अनुसार उन्होंने टूर में वापसी की अपनी तैयारी को अधिक समय देने के लिए यह फैसला किया है। फेडरर ने पिछले सत्र में दाएं घुटने की सर्जरी के बाद से ही कोई अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट नहीं खेला है। फेडरर अगले महीने दोहा में 14 मार्च से शुरू हो रहे हार्ड कोर्ट टूनार्मेंट के साथ टूर पर वापसी की उम्मीदें करना चाहते हैं। फेडरर को 24 मार्च से मियामी में शुरू हो रहे मास्टर्स 1000 टूनार्मेंट में भी भाग लेना था पर उनके एजेंट टोनी गॉडसिक ने कहा कि वह वहां नहीं खेलेंगे। गॉडसिक ने कहा कि दोहा और दुबई में खेलने के बाद फेडरर वापस आकर अभ्यास करेगा।

### आईपीएल में क्रिकेट नहीं बल्कि पैसे पर रहता है जोर : स्टेन

लाहौर। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा है कि कहा है कि आईपीएल में क्रिकेट नहीं बल्कि पैसे को महत्व मिलता है। यही कारण है कि वह आईपीएल के नए सत्र में नहीं खेल रहे हैं। स्टेन आजकल पाकिस्तान की टी20 लीग (पीएसएल) में खेल रहें हैं। स्टेन ने कहा कि मैंने दूसरी क्रिकेट लीग खेलकर यह पाया कि बतौर खिलाड़ी आईपीएल से अधिक मुझे इनमें सम्मान मिल रहा है। मुझे लगता है कि जब आप आईपीएल में जाते हैं, तो इतने बड़े स्क्वाड और इतने बड़े नाम होते हैं और शायद इस बात पर ज्यादा अधिक जोर दिया जाता है कि खिलाड़ी की कितने पैसे कमा रहा है यही कारण है कि कई बार आईपीएल में क्रिकेट को भूला दिया जाता है। स्टेन ने आगे कहा कि जब आप एक पीएसएल या श्रीलंकाई प्रीमियर लीग आते हैं तो वहां क्रिकेट को अधिक महत्व दिया जाता है। मैं केवल कुछ दिनों के लिए यहां आया हूं और मेरे कमरे के अंदर और बाहर के लोग हैं, बस यह जानना चाहते हैं कि मैंने कहां खेला है और मैं वहां कैसे गया। वहीं जब मैं आईपीएल जैसी लीग में खेलने के लिए जाता हूं तो सब भूल जाते हैं और सिर्फ एक ही विषय रह जाता है कि तुम आईपीएल में कितने पैसे कमाए। उन्होंने आगे कहा कि सच कहूं तो मैं आईपीएल से दूर रहना चाहता हूं। मैं अच्छी क्रिकेट और अच्छा टूनार्मेंटों के लिए दूसरी लीग में खेल रहा हूं जिसके मैं लायक भी हूं। गौर हो कि स्टेन आईपीएल में 95 मैच खेलें हैं जिसमें उन्होंने 97 विकेट अपने नाम किए हैं।

### अश्विन और अक्षर पटेल से स्पिन की बारीकियां सीखने के उत्सुक हैं जैक लीच

लंदन। गुलाबी गेंद से खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की गेंदबाजी से प्रभावित इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर जैक लीच ने कहा कि वह गुरूवार से अहमदाबाद में शुरू हो रहे चौथे और अंतिम मैच में इस भारतीय जोड़ी से स्पिन गेंदबाजी की बारीकियां सीखने के लिए उत्सुक हैं। भारतीय टीम ने दिन रात्रि टेस्ट मैच को दो दिनों के अंदर 10 विकेट से जीतकर चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त कायम की है। मोटेरा की स्पिनरों की मददगार पिच में अश्विन और अक्षर ने इंग्लैंड के 20 में से 18 विकेट झटके थे। लीच ने लिखा कि जब आप खिलाड़ियों को इतनी सफलता पाते हुए देखते हैं जैसे कि रविचंद्रन अश्विन, जिन्होंने टेस्ट में अभी-अभी 400 विकेट पूरे किए है और भारत में उन्हें काफी अनुभव है। अक्षर पटेल ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार शुरूआत की है ऐसे में आप निश्चित रूप से उनसे सीखने की कोशिश करते हैं। यह जरूरी है कि आप इसे भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखें और ना ही ऐसा सोचे कि 'मैं उनकी तरह ही गेंदबाजी करना चाहता हूं'। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने कहा कि अश्विन दायें हाथ के गेंदबाज हैं, ऐसे में मैं उनकी तरह गेंदबाजी नहीं करना चाहता हूं। अक्षर बायें हाथ के गेंदबाज हैं और मुझ से लंबे हैं, मैं अपना कद नहीं बदल सकता हूं। इस 29 साल के गेंदबाज ने कहा कि अश्विन गेंदबाजी में बदलाव करने के मामले में काफी चतुर है। वह गेंद को एक ही जगह टप्पा खिलाते है और वह जिस तरह सीम और गेंद के दूसरे हिस्से का इस्तेमाल करते है उससे काफी बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि अक्षर ऐसे गेंदबाज है जो टप्पा खिलाने की जगह को लेकर ज्यादा बदलाव नहीं करते है। वह सीम के इस्तेमाल से पिच से मदद प्राप्त करते है। हम जिन पिचों पर हाल में खेले है उस पर वह काफी प्रभावी रहे हैं।

# युवराज ने बुमराह को किया ट्रोल



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की शादी की खबरों को लेकर उन्हें ट्रोल किया है। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे सीरीज के अंतिम टेस्ट में नहीं खेलने का फैसल किया है। उसी के बाद से कहा जा रहा है कि बुमराह ने शादी के लिए ही अंतिम टेस्ट से नाम वापस लिया है। इसके अलावा उन्हें टी20 टीम से भी बाहर रखा गया है। बुमराह ने अपनी एक तस्वीर ट्विटर पर पोस्ट की थी, जिसमें वह कुछ सोचते से दिख रहे हैं। इसी पर युवराज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में बुमराह पर मजाकिया टिप्पणी की है। यूवी ने बुमराह की तस्वीर पर लिखा, 'पोंछा मारूं या झाड़ू?' उन्होंने साथ ही हंसने वाली एक इमोजी भी साझा की है। यूवी आमतौर पर सोशल मीडिया में अपने मजाकिया टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं।

# रिचर्डसन को शानदार प्रदर्शन के कारण खरीदा: मेनन



**मुम्बई।** पंजाब किंग्स फ्रैंचाईजी ने आईपीएल नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन को 14 करोड़ रूपए की भारी भरकम राशि में खरीदने का कारण बताया है। पंजाब टीम के मुख्य कार्यकारी सतीश मेनन ने कहा है कि रिचर्डसन गेंद और बल्ले दोनो से ही अहम योगदान दे सकते हैं। वह किसी भी स्थान पर खेल सकते हैं जो टीम को कई विकल्प उपलब्ध कराता है। मेनन ने कहा कि हम शुरू से ही रिचर्डसन को शामिल करना चाहते थे। उन्होंने पिछले कुछ समय के अंदर सीमित ओवर क्रिकेट में शानदार खेल दिखाया है। इसके अलावा हम दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर खिलाड़ी क्रिस मोरिस को भी अपनी टीम में लेना चाहते थे पर राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें पहले ही खरीद लिया। रिचर्डसन में काबिलियत है कि वह किसी भी जगह पर खेल सकते हैं। वह गेंद और बल्ले दोनों से ही प्रभावशाली हैं। हम उन्हें पंजाब किंग्स की जर्सी में देखने के उत्सुक हैं। मेनन ने साथ ही कहा कि हमें रिचर्डसन से इस आईपीएल में काफी उम्मीदें हैं। हम उन्हें आईपीएल में पंजाब की जर्सी में खेलते हुए देखना चाहते हैं और वह हमारी टीम के लिए काफी अहम साबित हो सकते हैं। यही कारण है कि टीम ने उनके लिए इतनी बड़ी रकम दी है। रिचर्डसन का बेस प्राइज 1.5 करोड़ था पर पंजाब ने उन्हें 14 करोड़ रुपये देकर अपनी टीम में शामिल किया। वह आईपीएल नीलामी में चौथे महंगे खिलाड़ी थे।

# चौथे टेस्ट में पोंटिंग का रिकार्ड तोड़ सकते हैं विराट



**अहमदाबाद।** भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली गुरुवार से इंग्लैंड के साथ यहां शुरू हो रहे चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का एक रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। अगर विराट इंग्लैंड के खिलाफ इस टेस्ट में शतक लगाने में सफल होते हैं तो वह कप्तान के तौर पार सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। फिलहाल कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने के मामले में पोंटिंग और विराट बराबरी पर हैं। दोनों ने 41-41 शतक लगाए हैं।कोहली ने ये शतक 190 मैचों में कप्तानी करते हुए बनाए हैं. जबकि पोंटिंग ने 324 मैचों में कप्तानी करते हुए इतने शतक लगाए हैं. अगर कोहली आखिरी टेस्ट में शतक लगाते हैं तो ये उनके टेस्ट करियर का 28वां शतक होगा। इसके अलावा कोहली के नाम अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 70 शतक है। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर 100 और पोंटिंग 71 हैं। विराट ने अपना पिछला अंतरराष्ट्रीय शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट में लगाया था। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज के 3 टेस्ट में 34 की औसत से सिर्फ 172 रन बनाए। इनमें एक भी शतक शामिल नहीं है। विराट ने पिछले 6 टेस्ट और 11 पारियों में कोई शतक नहीं जमाया है। सीरीज के पहले टेस्ट में विराट ने दूसरी पारी में 72, जबकि दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 62 रन की पारी खेली थी। टेस्ट क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ सबसे आगे हैं। उन्होंने 109 टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करते हुए 25 शतक जमाए हैं। कोहली इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 59 टेस्ट में कप्तानी करते हुए 20 शतक जमाए हैं। 77 टेस्ट में 19 शतक के साथ रिकी पोंटिंग तीसरे स्थान पर हैं।

# बूमराह की शादी की अटकलें तेज



**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की शादी की अटकलें लगायी जा रही हैं। कहा जा रहा है कि इसी कारण बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच से अपना नाम वापस लिया है। इसके अलावा उन्हें टी20 सीरीज से भी आराम दिया गया है। वहीं बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार बुमराह ने शादी की तैयारियों के लिए ही आराम मांगा है। यह भी कहा जा रहा है कि बुमराह एक सप्ताह के अंदर शादी कर लेंगे हालांकि शादी की तारीखों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। बुमराह की शादी अहमदाबाद में ही होने की संभावनाएं हैं। बुमराह अगर इसी सप्ताह शादी करते हैं तो भारतीय टीम के खिलाड़ी उनकी शादी में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि भारतीय खिलाड़ी अभी जैव सुरक्षा घेरे बायो सिक्योर बबल में रह रहे हैं। इससे पहले बीसीसीआई ने कहा था बुमराह को टेस्ट सीरीज के चौथे और आखिरी मैच के लिए आराम दिया गया है। क्योंकि वह पिछले कुछ समय से लगातार खेल रहे हैं पर अब शादी की बात निकलकर सामने आयी है।

# मोहली को आईपीएल के संभावित स्थलों में जगह नहीं मिलने से वाडिया नाराज



**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया ने कोविड-19 के कम मामलों के बाद भी उनकी टीम के घरेलू मैदान मोहाली को टूनार्मेंट के संभावित स्थलों में शामिल नहीं किये जाने पर सवाल उठाये हैं। बीसीसीआई ने दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता, बेंगलुरु और चेन्नई को संभावित स्थलों के रूप में चुना है। वाडिया ने कहा, '' हमने स्थल चयन के मानदंडों का पता लगाने के लिए बीसीसीआई को एक पत्र भी लिखा है। हम जानना चाहते है कि उन्होंने आंखिर हमें क्यों नहीं चुना है जबकि हम पंजाब में खेल होने की उम्मीद कर रहे थे।''पंजाब में कोविड-19 से प्रभावितों की संख्या अन्य जगहों की अपेक्षा कम है और मंगलवार को वहां 635 नये मामले दर्ज किये गये। वहां सक्रिय मामलों की संख्या 4853 है। उन्होंने चंडीगढ़ में कोविड-19 के 69 नये मामले का हवाला देते हुए कहा, '' कुछ टीमों को घरेलू मैदान का फायदा नहीं मिलेगा, यह चिंता की बात है। चंडीगढ़ और मोहली में ज्यादा मामले नहीं है, मुझे नहीं पता उन्होंने किस आधार पर स्थलों का चयन किया है।'' वाडिया ने हालांकि कहा कि द्विपक्षीय श्रृंखला की तुलना में आईपीएल काफी बड़ा आयोजन है और कम से कम टूनार्मेंट की शुरूआत में सुरक्षा की दृष्टि से दर्शकों को प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, '' मुझे लगता है कि शुरू में दर्शकों का नहीं होना बेहतर होगा और फिर लीग के आगे बढ़ने पर कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा होनी चाहिए।



मिस्र में महिलाओं के आईएसएसएफ विश्वकप शॉर्टगन मुकाबले में भाग लेती हुई स्पेन की गेलवेज फातिमा।

# शूटिंग अकादमी के 11 खिलाड़ियों ने प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाय किया

## म.प्र. राज्य शूटिंग चैम्पियनशिप में अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 10 पदक



**भोपाल।** इन्दौर में पिछले दिनों आयोजित मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग चैम्पियनशिप में शूटिंग अकादमी के रायफल इवेन्ट के 11 खिलाड़ियों ने भागीदारी की और 5 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 10 पदक अर्जित किए। चैम्पियनशिप के रायफल इवेन्ट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाय कर लिया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने प्रसन्नता व्यक्त की है और चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शूटिंग चैम्पियनशिप में अकादमी की खिलाड़ी शरण्या लाखन ने सर्वाधिक 4 स्वर्ण पदक अर्जित किए। उन्होंने यह पदक थ्री-पोजिशन वूमेन, थ्री-पोजिशन जूनियर वूमेन, प्रोन वूमेन एवं प्रोन जूनियर वूमेन इवेन्ट में हासिल किए। अकादमी की खिलाड़ी अश्लेषा सप्रे ने एयर यूथ वूमेन इवेन्ट में एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया। चैम्पियनशिप के प्रोन जूनियर मेन इवेन्ट में अकादमी के खिलाड़ी अमित सिंगरौले ने एक रजत पदक अर्जित किया। अकादमी की खिलाड़ी मंतिशा आकिल ने थ्री-पोजिशन वूमेन और थ्री-पोजीशन जूनियर वूमेन इवेन्ट में एक-एक कांस्य पदक, याकूब सिद्दिकी ने प्रोन जूनियर मेन इवेन्ट तथा अपूर्वजीत ने थ्री-पोजीशन जूनियर मेन इवेन्ट में एक-एक कांस्य पदक अर्जित किया। पदक विजेता खिलाड़ियों के अलावा आदिल पटेल, रोनाल्ड हबिल, शिवेन्द्र सिंह सिसोदिया, प्राची कौरव और निकिता शिवहरे ने भी प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाय कर लिया हैं। संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन ने प्री-नेशनल के चयनित खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उक्त खिलाड़ी म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी की मुख्य प्रशिक्षक सुश्री सुमा शिरूर, सुश्री सुनीता लाखन, वैभव शर्मा एवं सुश्री अपराजिता सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत है।

# अंतिम टेस्ट में भी पहले की तरह ही होगी पिच: क्रॉली



**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के युवा सलामी बल्लेबाज जाक क्रॉली के अनुसार गुरुवार से यहां भारतीय टीम के साथ होने वाले अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पहले की तरह ही होगी पर लाल गेंद होने से बल्लेबाजी करना पिछले मैच की तुलना में थोड़ा आसान होगा। यहां गुलाबी गेंद से हुए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को दस विकेट से हरा दिया था। क्रॉली ने चौथे टेस्ट से पहले कहा,'' मुझे लगता है कि यह वैसी ही पिच होगी। उस पर रन बनाना आसान नहीं था लेकिन वह दोनों टीमों के लिये ही था। भारतीय टीम ने हमसे बेहतर खेला लेकिन हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।'' यह पूछने पर कि क्या इस टेस्ट में बल्लेबाजी आसान होगी, उन्होंने कहा ,'' यह पिच पर निर्भर होगा पर मुझे लगता है कि दिन-रात्रि के मैच की तुलना में थोड़ा आसान होगा। गुलाबी गेंद थोड़ी कठोर होती है और तेजी से फिसलती है। यही वजह है कि स्पिर अक्षर को पगबाधा और बोल्ड करके ज्यादा विकेट मिले।'' उन्होंने दो टेस्ट में 18 विकेट ले चुके युवा अक्षर पटेल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक बेहतरीन गेंदबाज है जो बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं देता।

# परिणीति चोपड़ा ने बताया कि उनका पहला क्रेश सैफ अली खान

मुंबई। बॉलिवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' हाल ही रिलीज हुई और उनके काम को काफी पसंद किया जा रहा है। इसी बीच परिणीति चोपड़ा का वीडियो सामने आया है। जिसमें उन्होंने अपने पर्सनल लाइफ के बारे में कई खुलासे किए हैं। परिणीति चोपड़ा का वीडियो नेटफिलक्स के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया गया है। जिसमें उन्होंने चैलेंज लिया है। चैलेंज के दौरान परिणीति चोपड़ा ने अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी कई बातों को फैंस के साथ शेयर किया। परिणीति चोपड़ा से पूछा जाता है कि उन्होंने आखिरी मैसेज किसे किया था, इस पर वह जवाब देते हुए कहती हैं कि अपनी मैनेजर नेहा को मैसेज किया था। परिणीति आगे बताती हैं कि 18 साल की उम्र में उन्होंने पहली बार किस किया था। परिणीति चोपड़ा ने अपनी पहले डेट के बारे में खुलासा करते बताया, 'मैं कभी डेट पर नहीं गई। हम घर पर मिलते थे और क्वालिटी टाइम स्पेंड करते थे। मूवी देखते और खाना ऑर्डर करके साथ में खाते थे।' परिणीति चोपड़ा ने बताया कि सैफ अली खान उनके पहले क्रश हैं। परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। रिभू दासगुप्ता के निर्देशन में बनी इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा के अलावा अदिति राव हैदरी, कीर्ति कुल्हारी और अविनाश तिवारी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।





# दीपिका पादुकोण बनीं ग्लोबल फैशन ब्रांड की एंबेसडर



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाली बॉलीवुड सेलिब्रिटी हैं, इसलिए उन्हें एक फैशन ब्रांड लेबल के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है, जो कई सालों से मार्केट में अपनी जगह बनाए हुए है। यह लोकप्रिय फैशन ब्रांड महिलाओं के लिए परफेक्ट जींस बनाने के लिए प्रसिद्ध है और दीपिका भी अपने फैशन स्टेटमेंट के लिए जानी जाती हैं। यह साझेदारी महिला उपभोक्ताओं की नई पीढ़ियों को डेनिम्स के नाम पर क्वालिटी और कम्फर्ट के साथ आकर्षित करेगी। दीपिका पादुकोण ने साझा किया, ऑथेंसिटी, ओरिजनालिटी और ऑनेस्टी वे मूल्य हैं, जिनके आधार पर ब्रांड बनाए जाते हैं और ये ऐसे मूल्य हैं, जिनका मैं पालन करती हूं। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दूं कि मैं हमेशा से जींस और टी-शर्ट पहनने वाली लड़की रही हूं। सही जींस से न केवल मुझे आरामदायक महसूस होता है, बल्कि आत्मविश्वास आता है। फैशन ब्रांड के मैनेजिंग डायरेक्टर ने साझा किया, 'हम पूरी तरह से रोमांचित हैं। दीपिका का व्यक्तित्व बोल्ड, ऑथेंटिक, ट्रू और अनकॉम्प्रोमिसिंग है जो हमारे ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह से फिट बैठता है। वह न केवल एक स्टाइल आइकन है, बल्कि विश्व स्तर पर युवा और महिलाएं के लिए एक प्रेरणा भी है। उनके साथ, हम ब्रांड को अधिक मजबूत करने के लिए आश्वस्त हैं, खासकर जब हम महिला वर्ग का नेतृत्व करने पर जोर दे रहे हैं।'

# आलिया भट्ट का फिल्म निर्माण के क्षेत्र में प्रवेश, प्रोडक्शन हाउस एटर्नल सनशाइन तैयार



**मुंबई।** बॉलिवुड इंडस्ट्री में बेहतरीन अभिनेत्रियों में आलिया भट्ट का नाम शीर्ष स्तर पर लिया जाता है। आलिया ने 2012 में बॉलिवुड में डेब्यू किया था। बहुत जल्द ही आलिया ने ऐक्टिंग में खुद को साबित कर दिया। अब ऐक्टिंग के साथ ही आलिया फिल्मों को प्रड्यूस भी करेंगी। हाल में आलिया ने अपने प्रोडक्शन हाउस एटर्नल सनशाइन की घोषणा कर दी है। वैसे आलिया ने 2019 में ही बता दिया था कि वह अपना प्रोडक्शन हाउस खोलने जा रही हैं। मगर अब आलिया ने खुद अपने प्रोडक्शन हाउस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। आलिया के प्रोडक्शन हाउस का पोस्टर भी मजेदार है। उजले पीले रंग के इस पोस्टर में 2 बिल्लियां दिखाई दे रही हैं। आलिया को खुद भी बिल्लियां काफी पसंद हैं और इसलिए उन्होंने शायद पोस्टर में भी बिल्लियां शामिल की हैं। अपने प्रोडक्शन हाउस की तस्वीरें शेयर करते हुए आलिया ने लिखा, ह्यऔर अब मैं खुशी के साथ घोषणा करती हूं...प्रोडक्शन. एटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंस। हम आपको कहानियां सुनाना चाहते हैं, खुशी की कहानिया, गर्मजोशी से भरी मजेदार कहानियां, सच्ची कहानियां ह्ल आलिया की इस पोस्ट पर करण जौहर, अपूर्व मेहता, रकुलप्रीत सिंह, सोनी राजदान जैसे बहुत से सिलेब्रिटीज ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं। आलिया के इस प्रोडक्शन हाउस का ऑफिस मुंबई के जुहू इलाके में है। इस ऑफिस को रुपिन सूचक ने डिजाइन किया है।

# दीप शिखा लर्नर होने के वजह से इंडस्ट्री में सर्वाइव कर रहीं



दीपशिखा नागपाल फिल्म जगत में करीब 25 वर्षों से अधिक समय हो गया है। इतने सालों में उन्होंने फिल्मों, टेलीविजन शो और वेब श्रृंखला में काम किया हैं। अपने काम के अनुभव के बारे में अभिनेत्री ने बताया कि सर्वाइवल की कुंजी सीखने में है। उन्होंने कहा, 'मैंने तब टीवी किया था, जब टीवी नया था। उस जमाने में अगर आप पढ़ाई में अच्छे नहीं हो तो आप एक्टिंग में जाते थे। लेकिन अब यह बदल गया है। अब जो भी कलाकार बनना चाहते हैं उनके लिए यह पेशेवर क्षेत्र है। मुझे लगता है कि मैंने टीवी, डेली शॉप और अब वेब श्रृंखला में सब कुछ देखा है। जब मैं युवा कलाकारों के साथ काम करती हूं तो मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। मैं एक लर्नर हूं और इसलिए मैं इंडस्ट्री में सर्वाइव कर रही हूं।'

# रुबीना दिलैक ने किन्नर समाज की गुरु मां को घर बुलाकर लिया उनका आशीर्वाद



मुंबई। 'बिग बॉस 14' जीतने के बाद से ही रुबीना दिलैक जश्न में डूबी हुई हैं। कभी दोस्तों और फैमिली के साथ पार्टी करती नजर आ रही हैं, तब कभी पति अभिनव शुक्ला के साथ नाटी डांस। अब हाल ही उन्होंने किन्नर समाज की गुरु मां को अपने घर बुलाकर उनका जोरदार स्वागत किया। टीवी शो 'शक्ति – अस्तित्व के अहसास की' में किन्नर बहू का रोल प्ले करने वालीं रुबीना दिलैक ने गुरु मां से आशीर्वाद लेकर तस्वीरें भी खिंचवाईं। रुबीना दिलैक ने उनके स्वागत का वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में दिख रहा है कि रुबीना ने गुरु मां और उनके साथियों को चाय – नाश्ता करवाने के बाद गिफ्ट देकर उनका आशीर्वाद लिया। बाद में उनका हाथ जोड़कर अभिवादन भी किया। इस वीडियो को शेयर कर रुबीना ने लिखा है, अन्नूजी हमें अपना आशीर्वाद देने आईं। वह किन्नर समाज की गुरु मां हैं और मेरे शो 'शक्ति' का भी हिस्सा रही हैं। अभिनव शुक्ला से स्पेशली मिलना था क्योंकि वहां उन्हें अच्छे आदमी लगते हैं।' शुक्ला 'बिग बॉस 14' के फिनाले से चंद दिन पहले ही वोट आउट हो गए थे, वहीं रुबीना बिग बॉस 14 जीतने में कामयाब रहीं। शो में रुबीना और अभिनव के खुलासों ने भी खूब चर्चा बटोरी थी। रुबीना ने बताया था कि वह और अभिनव तलाक लेने वाले थे और एक – दूसरे को सिर्फ 6 महीने का वक्त दिया। किस्मत को शायद कुछ और ही मंजूर था क्योंकि रुबीना और अभिनव का रिश्ता बिग बॉस के घर में और भी मजबूत हुआ। दोनों अब फिर से साथ हैं और तलाक नहीं ले रहे हैं।

# जानवरों के बीच ज्यादा सहज महसूस करती अदा



विक्रम भट्ट की फिल्म '1920' से अपने करियर की शुरूआत करने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा को जानवरों से घिरे रहना काफी पसंद हैं। उनका कहना है कि इंसानों से ज्यादा मुझे जानवर पसंद हैं। अदा आगे कहती हैं कि ये बिल्कुल भी जटिल नहीं होते हैं और इनके साथ भावनाओं को साझा करना आसान रहता है। अदा ने बताया कि 'मैं हमेशा से ही इंसानों से ज्यादा जानवरों संग सहज महसूस करती हूं। मुझे पार्टी में जाना या अनजान लोगों के बीच में रहना पसंद नहीं है। लेकिन इसी जगह मुझे किसी जंगल में छोड़ आइए, मुझे घर जैसा महसूस होगा। जानवर जटिल नहीं होते हैं और इनसे घुलना-मिलना भी आसान होता है। वे क्षण में अपनी जिंदगी को जीते हैं।' हाल ही में अभिनेत्री ने एक घायल पंछी को रेस्क्यू कर उसे ट्विटर का नाम दिया। दरअसल, हैदराबाद के पास स्थित एक जंगल में अदा अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही थीं और इसी दौरान पेड़ से गिरकर यह पक्षी चोटिल हो गई थी, जिसे उन्होंने बचाया है।













